पेज-11



ऋषभ पंत ने बनाया रिकार्ड.....

हिन्दी दैनिक
# दबंग हिन्द
जन की बात, सबके साथ
RNI NO. JHAHIN/2013/54377
रांची संस्करण

पेज-10



दुलकर सलमान के साथ जल्द नजर.....

वर्ष : 12 | अंक : 339 | रांची (झारखंड) | E-mail : dabanghind@gmail.com | सोमवार, 16 दिसंबर 2024 | website : www.dabanghind.com | मूल्य - ₹ 2

## एक नजर

### पार्षद पत्नी के साथ आप में शामिल हुए रमेश पहलवान



**नई दिल्ली।** दिल्ली में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। इससे पहले नेताओं का एक पार्टी छोड़कर दूसरी पार्टी में शामिल होने का सिलसिला चल रहा है। भाजपा नेता रमेश पहलवान ने इस सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए रविवार को आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया। उनके साथ उनकी पत्नी और दो बार की पार्षद कुसुम लता ने भी आप ज्वाइन की।

बता दें, रमेश पहलवान कस्तूरबा नगर सीट से आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने वाले हैं। आप द्वारा दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए जारी की अंतिम सूची में रमेश का नाम है। कस्तूरबा नगर सीट से मदन लाल तीन बार के विधायक हैं। कुसुम लता की बात करें तो वह दक्षिण दिल्ली के कोटला मुबारकपुर वार्ड से दो बार की दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की पार्षद हैं।

### रांची में जमीन कारोबारी की गोली मारकर हत्या



**रांची।** राजधानी के नामकुम थाना क्षेत्र के रामपुर के पास जमीन कारोबारी मधु राय की गोली मारकर हत्या कर दी गई है. मामले की जानकारी मिलने के बाद नामकुम पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और गोली मारने वाले अपराधियों की तलाश कर रही है. नामकुम थाना प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद ने बताया कि मधु राय नामक जमीन कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई है. अपराधियों को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**क्या है पूरा मामला**

रांची के नामकुम थाना क्षेत्र के राजा उलिहातु निवासी मधुसूदन राय उर्फ मधु राय की गोली मारकर हत्या कर दी गई.

### आप की आखिरी सूची जारी



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अपनी चौथी और आखिरी सूची जारी कर दी है। आप की इस सूची में 38 उम्मीदवारों के नाम हैं। सूची के मुताबिक, दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल अपने वर्तमान निर्वाचन क्षेत्र नई दिल्ली से चुनाव लड़ेंगे। दिल्ली की वर्तमान मुख्यमंत्री आतिशी कालकाजी से और मंत्री सौरभ भारद्वाज ग्रेटर कैलाश से चुनाव लड़ने वाले हैं। केजरीवाल, आतिशी और भारद्वाज के अलावा मंत्री गोपाल राय बाबरपुर से, सत्येन्द्र कुमार जैन शकूर बस्ती से, दुर्गेश पाठक राजिंदर नगर से, रमेश पहलवान कस्तूरबा नगर से, नांगलोई जट से रघुविंदर शौकीन, सदर बाजार से सोम दत्त, बल्लीमारान से इमरान हुसैन, तिलक नगर से जरनैल सिंह चुनाव लड़ेंगे।

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आप द्वारा जारी की गयी अंतिम सूची पर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पार्टी पूरे आत्मविश्वास और पूरी तैयारी के साथ चुनाव लड़ रही है। इसी के साथ उन्होंने भाजपा पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'बीजेपी गायब है।

### जामताड़ा में मंत्री ने धान क्रय केंद्र का किया शुभारंभ, कहा-

# किसानों को मिलेगा ज्यादा बोनस



दबंग हिंद संवाददाता

**जामताड़ा।** झारखंड के खाद्य आपूर्ति मंत्री सह जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी ने किसानों की धान अधिप्राप्ति केंद्र का शुभारंभ किया. इस दौरान मंत्री ने किसानों को बोनस दिए जाने का भी ऐलान किया.

जामताड़ा के निजामपुरा में खाद आपूर्ति मंत्री इरफान अंसारी ने धान खरीदी केंद्र का शुभारंभ किया. इस मौके पर जिला के उपायुकत एवं संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे. धान ? अधिप्राप्ति केंद्र का शुभारंभ करते हुए मंत्री ने कहा कि किसानों को अब एक सौ की जगह 200 रुपया बोनस दिया जाएगा। इस दौरान खाद्य आपूर्ति मंत्री इरफान अंसारी ने राज्य में पीडीएस और लैम्पस को ठीक किया जाएगा और किसानों को मजबूत करने का काम किया जाएगा. इसके अलावा उन्होंने कहा कि 5 लाख राशन कार्ड से जो नाम काटे गये थे, सरकार के प्रयास से उन्हें दोबारा से जोड़ा जाएगा. जिससे वंचित परिवारों को राशन मुहैया हो सके।

**झारखंड का धान झारखंड में ही रहेगा : मंत्री**

धान अधिप्राप्ति केंद्र की शुरूआत करते हुए मंत्री इरफान अंसारी ने स्पष्ट किया कि झारखंड का धान अब झारखंड में ही रहेगा. मंत्री ने कहा कि झारखंड के किसानों के द्वारा उपजाया गया धान पश्चिम बंगाल नहीं भेजा जाएगा, यहां का धान यहीं पर रहेगा, कहीं नहीं भेजा जाएगा. इसके अलावा उन्होंने खाद्य आपूर्ति मंत्री की हैसियत से पूरे राज्य के किसानों को 200 रुपया बोनस देने का भी ऐलान किया। यहां बता दें कि पूरे झारखंड में एक साथ 15 दिसंबर से सरकार ने किसानों के धान खरीदी शुभारंभ किया है. इसी के तहत जामताड़ा में खुद मंत्री इरफान अंसारी ने खुद किसानों के धान की खरीदारी का शुभारंभ किया. निजामपुरा में उन्होंने धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन करते हुए इसी शुरूआत की।

### झारखंड एटीएस की कार्रवाई -

# पत्थर व कोयला कारोबारी को धमकी देने वाले के तीन अपराधी गिरफ्तार

- अभय कुमार मिश्रा ने पत्थर कारोबारी को दी थी धमकी
- पांडेय गिरोह का अपराधी गिरफ्तार



दबंग हिंद संवाददाता

**रांची।** झारखंड एटीएस की टीम ने कार्रवाई करते हुए पत्थर और कोयला कारोबारी को धमकी देने वाले अलग-अलग गिरोह से जुड़े तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है. एटीएस एसपी ऋषभ कुमार झा को मिली को सूचना के आधार पर एटीएस की टीम ने छापेमारी करते हुए बिहार के सिवान का रहने वाला अभय कुमार मिश्रा, रांची के पिठोरिया रहने वाला अब्दुल करीम और हजारीबाग के बड़कागांव का रहने वाला प्रमोद कुमार साव को गिरफ्तार किया है.रविवार को एटीएस एसपी ऋषभ झा प्रेस कॉन्फ्रेंस करिए जानकारी दी. इन अपराधियों के पास से दो पिस्टल, दो गोलियां और छह मोबाईल फोन बरामद किए गए हैं. इन सभी पर रामगढ़ और हजारीबाग समेत राज्य के अन्य जिलों के थानों में कई मामले दर्ज हैं। बरियातू थाना क्षेत्र के हरिहर सिंह रोड निवासी क्रशर संचालक शैलेंद्र प्रताप नारायण सिंह उर्फ अनूप सिंह से देवा गिरोह के सदस्य अविनाश तिवारी ने 20 लाख रुपए की रंगदारी मांगी थी. इस मामले में झारखंड एटीएस की टीम ने कार्रवाई करते हुए इस घटना में शामिल अभय कुमार मिश्रा और अब्दुल करीम को गिरफ्तार किया। एटीएस टीम के द्वारा पांडेय गिरोह के सक्रिय अपराधकर्मियों के विरूद्ध लगातार छापामारी की जा रही है।

## महाराष्ट्र में महायुति कैबिनेट का विस्तार, 39 विधायक बने मंत्री



एजेंसी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नागपुर में रविवार को महायुति मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ। इस दौरान 39 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार की मौजूदगी में विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गयी।

**भाजपा के इन विधायकों ने ली शपथ :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले, राधाकृष्ण विखे पाटिल, चंद्रकांत पाटिल, गिरीश महाजन, गणेश नाइक, मंगलप्रभात लोढ़ा, जयकुमार रावल, पंकजा मुंडे, अतुल सावे, अशोक उइके, आशीष शेलार, शिवेंद्रसिंह भोसले, जयकुमार गोरे, संजय सावकरे, नितेश राणे, आकाश फुंडकर, माधुरी मिसाल, पंकज भोयर और मेघना बोर्डिकर ने मंत्री पद की शपथ ली। शिवसेना के गुलाबराव पाटिल, दादा भुसे, संजय राठौड़, उदय सामंत, शंभूराज देसाई, संजय शिरसाट, प्रताप सरनाईक, भरत गोगावले, प्रकाश अबितकर, आशीष जायसवाल और योगेश कदम ने मंत्री पद की शपथ ली। राकांपा के हसन मुश्रीफ, धनंजय मुंडे, दत्तात्रेय भरणे, अदिति तटकरे, माणिकराव कोकाटे, नरहरि झिरवाल, मकरंद जाधव, बाबासाहेब पाटिल और इंद्रनील नाइक ने मंत्री पद की शपथ ली।

# शीत लहर की चपेट में झारखंड, 07 जिलों में कोल्ड वेव का येलो अलर्ट, कनकनी बढ़ी

### बुजुर्गों और बच्चों का खास ख्याल रखने का निर्देश, ठंडी हवाओं के कारण कनकनी बढ़ी



दबंग हिंद संवाददाता

**रांची।** झारखंड में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। शनिवार को 14 जिलों का तापमान 8 डिग्री से नीचे चला गया। मैक्लुस्कीगंज का पारा 2.5 और कांके का 3.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं गढ़वा का न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री तक गिर गया। सर्द हवाओं और शीतलहर ने ठिठुरन बढ़ा दी है। सात जिलों में शीतलहर का यलो अलर्ट जारी किया गया है। आने वाले दो दिनों में तापमान में कोई खास बदलाव की उम्मीद नहीं है।

**ठंडी हवाओं के कारण कनकनी बढ़ी**

रविवार को झारखंड में ठंड का प्रकोप जारी रहा। राज्य के 14 जिलों में तापमान 8 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। गढ़वा 4.5 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे ठंडा शहर रहा, इसके बाद खूंटी में 5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। कांके और मैक्लुस्कीगंज में ओस की बूंदें जमने लगीं, जिससे ठंड का अहसास और बढ़ गया। ठंडी हवाओं ने भी लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया। चार किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली इन हवाओं ने ठंड का असर और बढ़ा दिया।

**7 जिलों में शीतलहर का येलो अलर्ट**

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए सात जिलों में शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में रामगढ़, धनबाद, बोकारो, गढ़वा, पलामू, चतरा और गुमला शामिल हैं। शनिवार को इन जिलों में न्यूनतम तापमान सामान्य से 5 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। अधिकतम तापमान भी सामान्य से कम रहा। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों तक न्यूनतम तापमान में कोई खास बदलाव होने की संभावना नहीं है। हालांकि, इसके बाद तापमान में मामूली वृद्धि हो सकती है।

इस कड़ाके की ठंड से बचने के लिए लोगों को गर्म कपड़े पहनने और घर के अंदर रहने की सलाह दी गई है। जरूरी काम होने पर ही घर से बाहर निकलें। खासकर बच्चों और बुजुर्गों का ख्याल रखें। ठंड से बचाव के लिए गर्म पेय पदार्थों का सेवन करें। अगर आपको ठंड लग रही है, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

इसके अलावा, मौसम विभाग ने किसानों को भी सलाह दी है कि वे अपनी फसलों की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाएं। ठंड से फसलों को नुकसान हो सकता है। इसलिए, किसानों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी फसलों को ढक कर रखें। इससे फसलों को ठंड से बचाया जा सकता है। साथ ही, किसानों को मौसम विभाग के पूर्वानुमान पर भी नजर रखनी चाहिए।

## जेएसएससी कार्यालय पुलिस छावनी में तब्दील



दबंग हिंद संवाददाता

**रांची।** जेएसएससी सीजीएल परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर लगातार अभ्यर्थी आंदोलनरत है और एक बार फिर से जेएसएससी कार्यालय के घेराव की तैयारी में है। ऐसे में झारखंड पुलिस की ओर से विशेष चौकसी बरती जा रही है। अभ्यर्थियों के विरोध प्रदर्शन को लेकर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए हैं। साथ ही फायर ब्रिगेड, वाटर कैनन, टियर गैस के साथ पूरे इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने पिछले दिनों पुलिस हेडक्वार्टर में बैठक कर हजारीबाग में हुई घटना को लेकर सभी जिलों के एसपी को निर्देश भी दिए थे कि ऐसी घटना दोबारा ना हो।

# झारखंड सरकार के विभागों से 130 करोड़ गबन मामले में पुलिस की कार्रवाई, खाताधारकों को भेजा गया नोटिस

- डीजीपी खुद कर रहे हैं मामले की जांच
- आरोपियों की हो रही गिरफ्तारी



दबंग हिंद संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार के दो बड़े विभागों से 130 करोड़ रुपये की ठगी के मामले में सीआईडी की जांच तेजी से चल रही है. अब उन सभी खाताधारकों को नोटिस जारी किया गया है, जिनके खातों में पैसे ट्रांसफर किए गए थे. जालसाजों ने 130 करोड़ रुपये गबन करने के लिए सैकड़ों खाते खोले थे।

**नोटिस जारी :** झारखंड पर्यटन विकास निगम लिमिटेड, झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड और झारखंड ऊर्जा उत्पाद निगम लिमिटेड के खातों से 130 करोड़ रुपये के गबन के मामले में एसआईटी की जांच लगातार जारी है. जांच में यह बात सामने आई है कि झारखंड समेत पश्चिम बंगाल के नौ सौ खाताधारकों के खातों में सरकारी पैसे ट्रांसफर किए गए थे. अब एसआईटी ने उन सभी खाताधारकों को नोटिस भेजा है। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि नोटिस के जरिए खाताधारकों से उनके खाते की पूरी जानकारी मांगी गई है. साथ ही उन्हें अपने खाते में आई रकम की जानकारी देने का निर्देश दिया गया है. साथ ही कहा गया है कि अगर वे राशि के बारे में जानकारी नहीं देते हैं, तो ऐसी स्थिति में उन्हें भी दोषी माना जाएगा और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी. अधिकारियों के अनुसार, अब तक दो सौ से अधिक खाताधारकों को नोटिस भेजा जा चुका है. बताया जा रहा है कि राशि गबन करने के बाद अपराधियों ने झारखंड, पश्चिम बंगाल समेत अन्य राज्यों के नौ से अधिक लोगों के खाते में राशि ट्रांसफर की है।

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि मामले में शामिल बैंक के लोग पकड़े गए हैं, लेकिन मुख्य साजिशकर्ता अभी फरार है. लेकिन उसे भी पकड़ा जाएगा. इस मामले में आरोपियों से सरकारी राशि भी बरामद की जाएगी।

इस मामले में गिरजा प्रसाद, जेटीडीसी रांची आलोक कुमार, जेटीडीसी रांची अमरजीत कुमार, तत्कालीन शाखा प्रबंधक केनरा बैंक, निफ्ट शाखा, हटिया के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था. मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए 4 अक्टूबर को केस को सीआईडी को ट्रांसफर कर दिया गया था, जिसके बाद मामले की जांच की जिम्मेदारी एसआईटी को सौंप दी गई थी। मामले में कार्रवाई करते हुए एसआईटी ने अब तक 302 से अधिक फर्जी खातों का पता लगाया है. इन खातों को फ्रीज कर सरकार के 50 करोड़ रुपये भी फ्रीज किए गए हैं।

### विश्व हिंदू परिषद कार्यक्रम में टिप्पणी मामला

# उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम के समक्ष पेश हो सकते हैं न्यायमूर्ति शेखर यादव



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के एक समारोह में कथित तौर पर विवादास्पद बयान देने वाले न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव इस विवाद पर अपना रुख स्पष्ट करने के लिए जल्द ही उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम के समक्ष पेश हो सकते हैं। शीर्ष अदालत ने 10 दिसंबर को बयानों से जुड़ी खबरों का संज्ञान लेते हुए पूरे मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय से एक रिपोर्ट तलब की थी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मौजूदा न्यायाधीश न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव द्वारा दिए गए भाषण को लेकर समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों का संज्ञान लिया है। इस बारे में विवरण और ब्योरा उच्च न्यायालय से तलब किया गया है और यह मामला विचाराधीन है। विवादास्पद मुद्दे पर शीर्ष अदालत कॉलेजियम द्वारा संबंधित उच्च न्यायालय से रिपोर्ट मांगी जाती है, उसे भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) के नेतृत्व वाले उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम के समक्ष अपना पक्ष रखने का एक अवसर दिया जाता है। शीर्ष अदालत के सूत्रों ने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को स्थापित प्रथाओं के अनुसार उपस्थित होने और अपना पक्ष रखने के लिए कहा जा सकता है। न्यायमूर्ति यादव ने आठ दिसंबर को विश्व हिंदू परिषद के एक कार्यक्रम में कहा था कि समान नागरिक संहिता का मुख्य उद्देश्य सामाजिक सद्भाव, लैंगिक समानता और धर्मनिरपेक्षता को बढ़ावा देना है।

# मार्च 2026 तक नक्सलवाद का खात्मा कर देगी केंद्र सरकार : अमित शाह

एजेंसी

**रायपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को छत्तीसगढ़ के रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में राष्ट्रपति पुलिस कलर अवार्ड समारोह में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र और छत्तीसगढ़ सरकार 31 मार्च 2026 से पहले राज्य से नक्सलवाद के खतरे को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। शाह ने दावा किया कि छत्तीसगढ़ पुलिस ने पिछले एक साल में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

शाह ने नक्सलियों के लिए छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति की भी सराहना की और उनसे हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा, 'राज्य नेतृत्व, मुख्यमंत्री, राज्य के गृह मंत्री ने संकल्प लिया है और भारत सरकार भी आपके संकल्प के प्रति प्रतिबद्ध है। हम सब मिलकर 31 मार्च 2026 से पहले छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म कर देंगे। हम सब 31 मार्च 2026 से पहले छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद के चंगुल से मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नक्सलवाद को खत्म करना राज्य पुलिस का संकल्प है।

शाह ने कहा कि राष्ट्रपति कलर अवार्ड सिर्फ एक पुरस्कार नहीं है, यह सेवा, समर्पण और बलिदान का प्रतीक है और यह पुलिस को जिन अनगिनत चुनौतियों से निपटना है, उनकी याद दिलाता है। गृह मंत्री ने विश्वास जताया कि छत्तीसगढ़ पुलिस अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेगी और अपने कर्तव्य से कभी पीछे नहीं हटेगी। शाह ने कहा, 'मुझे विश्वास है कि कल से छत्तीसगढ़ पुलिस के जवान अपनी वर्दी पर यह



प्रतीक चिन्ह लगाकर निकलेंगे तब उनका मनोबल कई गुना बढ़ जाएगा।' उन्होंने कहा, 'छत्तीसगढ़ पुलिस ने पिछले एक साल में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। राज्य में पिछले एक साल में 287 नक्सलियों को मार गिराया गया, करीब एक हजार को गिरफ्तार किया गया और 837 ने आत्मसमर्पण किया, जो नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में आई तेजी को दशार्ता है। राज्य में पिछले एक साल में (नक्सलियों के) 14 शीर्ष कैडर को मार गिराया गया।' शाह ने कहा कि चार दशकों में पहली बार नक्सली हिंसा में नागरिकों और सुरक्षा बलों की मौत की संख्या 100 से कम हो गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 10 वर्षों में पूरे देश में नक्सलवाद पर अंकुश लगा है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों की (उससे पहले के 10 सालों का) तुलनात्मक विश्लेषण दिखाता है कि माओवादी हिंसा में सुरक्षाकर्मियों की मौत में 73 प्रतिशत और नागरिकों की मौत में 70 प्रतिशत की गिरावट आई है।

शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ पुलिस देश के विभिन्न सुरक्षा बलों के साथ मिलकर नक्सलवाद के ताबूत में आखिरी कील ठोकने की तैयारी कर चुकी है। केंद्रीय मंत्री ने नक्सलियों से हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील भी की। उन्होंने कहा, 'मैं नक्सलियों से अपील करना चाहूंगा कि राज्य सरकार ने बहुत अच्छी आत्मसमर्पण नीति बनाई है, इसलिए उन्हें हिंसा छोड़ देनी चाहिए। उन्हें मुख्यधारा में शामिल होना चाहिए, विकास के पथ पर आगे बढ़ना चाहिए और छत्तीसगढ़ के विकास में भी योगदान देना चाहिए।'

शाह ने कहा कि राज्य सरकार आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को अच्छा पैकेज दे रही है और उन्हें इसका लाभ उठाना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ पुलिस संगठित अपराध और मादक पदार्थों के खिलाफ भी मजबूत अभियान चला रही है। उन्होंने कहा, 'इस साल एक जनवरी से 30 सितंबर तक मादक पदार्थों के 1,100 मामले दर्ज किए गए, 21,000 किलोग्राम गांजा और करीब 1.95 लाख नशीली गोलियां जब्त की गईं और इस सिलसिले में 1,400 लोगों को गिरफ्तार किया गया।'

शाह ने कहा कि 1951 में नौसेना को पहला राष्ट्रपति पुलिस ध्वज प्रदान किया गया था और इस पुरस्कार के वास्ते पात्र होने के लिए न्यूनतम 25 वर्ष की सेवा आवश्यक है। एक नवंबर 2000 को गठित छत्तीसगढ़ को अपने 25 वर्ष पूरे होने से पहले ही यह पुरस्कार मिल गया है। उन्होंने कहा, 'मैं छत्तीसगढ़ पुलिस के समर्पण, बलिदान और साहस को सम्मानित करने के लिए राष्ट्रपति को धन्यवाद देना चाहता हूं।' शाह ने कहा कि पिछले पांच सालों से वे नक्सलवाद के मुद्दे पर छत्तीसगढ़ पुलिस के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा, 'आपका जज्बा, आपका साहस, आपकी वीरता और आपकी लगन। मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि छत्तीसगढ़ पुलिस बल देश के सभी पुलिस बलों में सबसे बहादुर है।' गृह मंत्री ने कहा, 'चाहे कानून व्यवस्था को मजबूत करना हो, भारत को नक्सलवाद मुक्त बनाने की लड़ाई को आगे बढ़ाना हो, नशा मुक्त भारत के अभियान को आगे बढ़ाना हो, जन सुरक्षा सुनिश्चित करना हो या नागरिकों के जीवन को आसान बनाना हो, छत्तीसगढ़ पुलिस कभी दूसरे स्थान पर नहीं रही, बल्कि हमेशा सबसे आगे रही है। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है।'

शाह ने देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि भी दी। उन्होंने कहा, 'सरदार साहब ने ही इस देश का एकीकरण किया। जब हमें आजादी मिली, तो दुनिया भर के लोग सोचते थे कि 356 से ज्यादा रियासतें एक नहीं हो पाएंगी, लेकिन सरदार साहब के अदम्य साहस ने इस देश का एकीकरण किया।' शाह ने कहा, '(प्रधानमंत्री) मोदी जी के दृढ़ निश्चय ने सरदार साहब के अधूरे काम को पूरा किया और अनुच्छेद 370 को हटाकर कश्मीर को भारत के साथ जोड़ा।' इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा, राज्य विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह तथा पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा मौजूद थे।

## आपसी प्रेम और एकजुटता का संदेश देता है क्रिसमस : सांसद




दबंग हिन्द,संवाददाता

**चक्रधरपुर/बंदगांव।** काथलिक युवा क्रिसमस मिलन समारोह, आरसी चर्च बंदगांव के तत्वावधान में रविवार को क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सिंहभूम की सांसद जोबा माझी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोहरपुर के नव निर्वाचित विधायक जगत माझी शामिल हुए। समारोह में पहुंचे अतिथियों का स्वागत युवक और युवतियों ने पारंपरिक नृत्य से किया। इस मौके पर पल्ली पुरोहित फादर जॉन कंडुलना ने सांसद जोबा माझी एवं जिप सदस्य जोसफीन हमसाय ने विधायक जगत माझी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। समारोह में बच्चों ने आकर्षक नृत्य कर अतिथियों का मन मोह लिया। इस मौके पर सांसद ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा क्रिसमस आपसी प्रेम और एकजुटता का संदेश देता है। उन्होंने क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हुए कहा प्रभु यीशु और माता मरियम हम सभी पर अपनी कृपा बनाये रखें। सांसद ने अभिभावकों से समाज को आगे ले जाने के लिए शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील की। वहीं विधायक जगत माझी ने आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा आपका सहयोग और स्नेह हमेशा याद रहेगा। उन्होंने कहा समाज और क्षेत्र के उत्थान के लिए जब भी जरूरत होगी उन्हें बेझिझक याद कर सकते है। स्वागत कार्यक्रम के दौरान जिप सदस्य के आग्रह पर सांसद ने महिलाओं के साथ सामूहिक नृत्य में भाग लिया। मौके पर पल्ली पुरोहित फादर जॉन कंडुलना, जिला परिषद सदस्य जोसफीन हमसाय,मिस्टर अनल, जुलतन, सिस्टर पुष्पा तिग्गा, सिस्टर पूनम लकड़ा, सिस्टर संतोषी रूंडा, युवा अध्यक्ष आशीष सांडी पूर्ति, मनीषा हेम्ब्रम, संत अन्ना की धर्म बहनें समेत काफी संख्या में महिला, पुरूष एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# धान अधिप्राप्ति योजना का, फीता काट कर शुभारंभ किया गया

दबंग हिन्द,संवाददाता

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला अंतर्गत सदर प्रखंड के चाईबासा लैंपस परिसर में आयोजित जिलास्तरीय कार्यक्रम के दौरान राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार(निबंधन रहित) विभाग और परिवहन विभाग के मंत्री श्री दीपक बिरुवा के कर-कमलों द्वारा चाईबासा जिला परिषद अध्यक्ष सुश्री लक्ष्मी सुरेन, जिला उपायुक्त श्री कुलदीप चौधरी की मौजूदगी एवं सदर अनुमंडल पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, स्थानीय मानकी-मुण्डा, मुखिया गण, कृषक गण की उपस्थिति में सत्र 2024-25 हेतु धान अधिप्राप्ति योजना का दीप प्रज्वलित तथा फीता काट कर शुभारंभ किया गया। इस दौरान मंत्री श्री बिरुवा के द्वारा लैंपस में धान अधिप्राप्ति से संबंधित जानकारी प्राप्त करते हुए धान विक्रय के लिए लैंपस में उपस्थित किसान श्री सोमा पूरती को धान अधिप्राप्ति उपरांत वजन के अनुरूप नियमानुसार 50% देय राशि का



सांकेतिक चेक प्रदान किया गया। धान अधिप्राप्ति योजना शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री श्री दीपक बिरुवा ने कहा कि राज्य के किसानों को अधिकतम फायदा पहुंचाने के लिए झारखंड सरकार कृतसंकल्पित है और इसी के तहत आज 15 दिसंबर से पूरे झारखंड राज्य में लैंपस के माध्यम से धान अधिप्राप्ति कार्य का शुभारंभ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य के किसानों के लिए सरकार का पहल सही समय पर हो रहा है और आगे भी इसे बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने किसानों को कहा कि आप सभी बिचोलियों से सावधान रहें, सरकार के द्वारा सत्र 2024-25 में प्रति क्विंटल 2300/- तथा ए ग्रेड धान के लिए 2320/- इसके अलावे प्रोत्साहन के रूप में 100/- दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस समर्थन मूल्य का अधिकाधिक किसान लाभ उठाएं, इसके लिए आवश्यक है की सभी नियमसंगत कार्यों को पूरा करते हुए ज्यादा से ज्यादा किसान लैंपस में निबंधन करवायें और अपना धान बेचें। उन्होंने कहा कि किसानों को सही समय पर फसल की कीमत प्राप्त हो, यह सभी संबंधित पदाधिकारी की जिम्मेवारी है। शुभारंभ समारोह में उपस्थित किसानों को बताया गया कि सत्र 2024-25 में धान अधिप्राप्ति हेतु पश्चिमी सिंहभूम जिले का कुल लक्ष्य 3 लाख क्विंटल निर्धारित है। किसानों से धान अधिप्राप्ति करने के लिए जिले के 18 प्रखंड में कुल 17 लैंपस का चयन किया गया है। लैंपस में एक किसान अधिकतम 200 क्विंटल तक धान बेच सकते हैं, इससे अधिक धान बचने के लिए आवश्यक प्रक्रिया का अनुपालन किया जाना अनिवार्य है। वहां बताया गया कि लैंपस में जिन किसानों के द्वारा जितना धान बेचा जाएगा, उसके फलस्वरूप वजन अनुसार कुल मूल्य का 50% राशि 24 घंटे में उनके खाते पर हस्तांतरित कर दी जाएगी।

## युवक ने इमली के पेड़ पर फांसी लगाकर किया आत्महत्या

**डूमरी।** डुमरी थाना क्षेत्र में एक 29 वर्षीय युवक, सुलेद्र साइ उर्फ काठू साइ, ने देर रात को आत्महत्या कर ली। घटना कटई टोली गांव में हुई, जहां युवक ने रात करीब 1:00 बजे घर से कुछ दूरी पर स्थित इमली के पेड़ पर प्लास्टिक की रस्सी से फांसी लगा ली। मृतक के परिजनों के अनुसार, सुलेद्र पिछले एक महीने से गांव आया था और वह दूसरे राज्य में मजदूरी का काम करता था। शाम को वह हल्का नशे में था और पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। गुस्से में आकर घर से बाहर निकलकर उसने आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही डुमरी थाना के एसआई संजय कुमार चौबे मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेजा गया। एसआई ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के पूरे कारणों का खुलासा होगा।

## प्रखंड स्तरीय मैत्री खेल प्रतियोगिता हुआ आयोजन

दबंग हिन्द,संवाददाता

**चक्रधरपुर /बंदगांव।** पश्चिमी सिंहभूम जिला अंतर्गत सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं की प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से प्रखंड स्तरीय मैत्री खेल प्रतियोगिता के तहत फुटबॉल/हॉकी आदि मैच का आयोजन करवाया जा रहा है। इसके तहत आज बंदगांव प्रखंड के सार्बनियाँ पंचायत के कुदाही गांव में आयोजित हॉकी मैच का जिला उपायुक्त कुलदीप चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर के द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में संयुक्त रूप से शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता स्थल आगमन के उपरांत स्थानीय नागरिकों के द्वारा पारंपरिक रीति रिवाज के अनुसार स्वागत व अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा प्रतियोगिता में शामिल स्थानीय 9 हॉकी टीम के खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त कर सभी खिलाड़ियों को लक्ष्य के प्रति कृतसंकल्पित रहने का सुझाव दिया गया। उन्होंने कहा कि जिले की ग्रामीण क्षेत्रों में काफी खेल प्रतिभा



छुपी हुई है, जिसे निखारने के लिए जिला प्रशासन लगातार प्रयासरत है और इसी परिपेक्ष्य से जिला तहत सुदूरवर्ती क्षेत्रों में प्रखंड स्तरीय मैत्री टूर्नामेंट का आयोजन भी करवाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रशासन एवं ग्रामीणों के बीच सामंजस्यता को बढ़ाने के लिए कार्यक्रम स्थल पर छऊ कलाकार के द्वारा महिषासुर मर्दिनी नृत्य शैली भी प्रस्तुत किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त श्री संदीप कुमार मीणा, पोड़ाहाट-चक्रधरपुर अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री श्रुति राजलक्ष्मी, अपर पुलिस अधीक्षक अभियान श्री पारस राणा सहित बंदगांव प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी व अन्य उपस्थित रहे।

## उर्दू सहित सभी क्षेत्रीय भाषाओं की पाठ्य - पुस्तकें मुहैया कराई जाय

दबंग हिन्द,संवाददाता

**झारखंड।** झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ के केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि श्री रामदास सोरेन को हेमंत सरकार 2.0 में स्कूली शिक्षा एव साक्षरता विभाग का मंत्री बनाया जाना निश्चित रूप से एक बेहतर कदम साबित होगा। माननीय मंत्री श्री रामदास सोरेन के हालिया दिये गये साक्षात्कार में विभिन्न मुद्दों पर त्वरित रूप से संज्ञान में लेते हुए ठोस पहल किये जाने का संघ द्वारा स्वागत किया गया है। संघ के केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद ने कहा कि अविभाजित बिहार से 4401 योजना मद में प्राप्त सहायक शिक्षक (उर्दू) के पदों पर झारखंड सरकार द्वारा 2014 - 2015 में मात्र 689 पदों पर उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति अब तक हो सकी है, जबकि झारखंड सरकार के विभागीय संकल्प संख्या 259, दिनांक 24/02/2023 द्वारा सभी 4401 योजना मद के सहायक शिक्षक के पदों को गैर योजना मद में स्थानांतरित किया



जा चुका है। इस तरह शेष 3712 गैर योजना मद में सहायक शिक्षक (उर्दू) के पदों पर अब तक नियुक्ति नहीं हो सकी है। इस दिशा में माननीय मंत्री श्री रामदास सोरेन से उम्मीद करते हुए संघ द्वारा रिक्त 3712 सहायक शिक्षक (उर्दू) के पदों पर शीघ्र नियुक्ति करने की मांग की गई है। इसके साथ ही उर्दू सहित सभी क्षेत्रीय भाषाओं यथा नागपुरी, संथाली, हो, खड़िया, ओड़िया, बांग्ला आदि के पढ़ाई सुनिश्चित करने हेतु सभी भाषाओं की पाठ्य - पुस्तकें यथा शीघ्र मुहैया कराने की मांग की गई है। विदित हो कि राज्य गठन के पश्चात भी 2010 तक सभी विषयों की पुस्तकें उर्दू (फारसी) लिपि में मिलते रहे हैं। राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों में क्षेत्रीय भाषा अथवा अपनी मातृभाषा मे पढ़ाई की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने की पहल से आर टी ई 2009 का अनुपालन करने की दिशा में ठोस कदम साबित होगा क्योंकि इससे प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों को उनकी मातृभाषा में पढ़ाई सुनिश्चित हो सकेगा। इस संबंध में संघ लगातार सरकार से मांग करते आ रही है। पूर्ववर्ती रघुवर सरकार के कार्यकाल में लगभग पांच सौ बंद किये गए विद्यालयों को माननीय मंत्री श्री रामदास सोरेन द्वारा पुनः खोले जाने का निर्णय लेना निश्चित रूप से छात्र हित में एक बेहतर कदम साबित होगा क्योंकि इससे बच्चों को उनके आवास के निकट ही पठन पाठन की सुविधा मिलेगी तथा शत प्रतिशत बच्चे विधालय से जुड़े रहेंगे। झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ के केंद्रीय महासचिव अमीन अहमद एवं प्रवक्ता शहजाद अनवर ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त मामलों के संबंध में जल्द संघ का एक शिष्टमंडल माननीय शिक्षा मंत्री श्री रामदास सोरेन से मिलकर शिक्षा एवं शिक्षक हित में ठोस कदम उठाये जाने एवं तमाम लंबित मामलों के निष्पादन के लिए अपनी मांगों को रखेंगे।

## वर्ष का अंतिम जेल अदालत माननीय सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन पर आयोजित

दबंग हिन्द,संवाददाता



**झारखंड।** माननीय नालसा के तत्वाधान में तथा झालसा के निदेशानुसार माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष 'जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला श्री ध्रुव चंद्र मिश्र के मार्गदर्शन पर आज वर्ष का अंतिम जेल अदालत सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही जेल में रह रहे बन्दियों का स्वास्थ्य जांच के लिए भी चिकित्सा स्वीकार आयोजन किया गया जिसमें आंख के विशेषज्ञ तथा बीपी, शुगर एवं अन्य बीमारी से संबंधित डॉक्टर उपस्थित रहे और सभी बंदियों का जांच किया गया।

यह जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर में अवर न्यायाधीश सह सहसचिव जिला विधिक सेवा पदाधिकार गुमला ने बंदियों को उसके अधिकार के बारे में जागरूक किया साथ ही साथ उन्होंने उपस्थित सभी बंदियों से यह भी पूछा कि आप लोगों के पास वकील है या नहीं? आगे उन्होंने कहा कि न्यायालय एवं आपके बीच में अधिवक्ता ही एक माध्यम है जो आपके केस का देखरेख करता है। उन्होंने आगे कहा कि माननीय झालसा का यह निर्देश है कि कोई भी बंदी बिना अधिवक्ता का ना रह जाए। उन्होंने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय के द्वारा पारित निर्णय एवं झालसा के निर्देश प्रत्येक माह जेल अदालत के दिन चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहेंगे जहां आप अपने स्वास्थ्य संबंधी जांच करा पाएंगे। आज की जेल अदालत सह जागरूकता शिविर में एल ए डीसी डी एन ओहदर, बुदेश्वर गोप, विद्या निधि शर्मा, जितेंद्र सिंह, इंदु पांडे, पूर्व सदस्य अस्थाई लोक अदालत शंभू सिंह डीएलएसए के प्रकाश पांडे, मनीष कुमार आदि उपस्थित।

## गुमला जिला में धान अधिप्राप्ति योजना 2024-25 का शुभारंभ



दबंग हिन्द,संवाददाता

**गुमला।** जिले में आज से खरीफ विपणन मौसम 2024-25 के तहत धान अधिप्राप्ति योजना का शुभारंभ किया गया। सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत गुमला जिला के किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर धान की खरीद की जाएगी। जिला प्रशासन ने धान अधिप्राप्ति के लिए 28 चयनित लैम्पस (LAMPs) को खरीद केंद्र के रूप में निर्धारित किया है। केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित 2300/- रुपये प्रति क्वींटल एमएसपी के साथ राज्य सरकार द्वारा अतिरिक्त 100/- रुपये प्रति क्वींटल बोनस दिया जाएगा। इस प्रकार, किसानों को कुल 2400/- रुपये प्रति क्वींटल की दर से धान की खरीद की जाएगी। धान बिक्री हेतु पंजीकरण अनिवार्य धान विक्रय के लिए किसानों को उपार्जन पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। पंजीकरण के लिए किसान आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज जिला आपूर्ति कार्यालय, गुमला में जमा कर सकते हैं:

1. आधार कार्ड
2. बैंक पासबुक
3. जमीन का रसीद (राजस्व कर्मचारी या अंचल अधिकारी द्वारा प्रमाणित)

जिला प्रशासन किसानों को यह सुनिश्चित करने का आग्रह करता है कि वे समय पर पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी करें और योजना का लाभ उठाएं। अधिक जानकारी के लिए अपने संबंधित प्रखंड कार्यालय या लैम्पस से संपर्क करें।

## गुरुद्वारा नानक दरबार में संग्राद की शुरूआत का आयोजन



दबंग हिन्द,संवाददाता

**चाईबासा।** आज गुरुद्वारा नानक दरबार, चाईबासा में संग्राद यानि महीने की शुरूआत का आयोजन किया गया। प्रत्येक माह की तरह आज पोह महीने की शुरूआत पर बारह माह के पाठ के उपरांत पोह के महीने का पाठ एवं महीना सुनाया गया।

श्री गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष गुरमुख सिंह खोखर ने उपस्थित समुह साध संगत को पोह महीने के आरम्भता की बधाई देते हुए कहा कि वाहेगुरु जी सभी के परिवार में सुख शांति दे एवं सभी को देह अरुख्ता दे। व्यावसाय तथा नौकरियों में चड़दी कला में रखे। गुरुद्वारा नानक दरबार में आयोजित होने वाले आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए खोखर ने कहा कि नववर्ष की शुरूआत एक जनवरी 2025 के दिन शुबह पाठ के साथ होगी। शुबह अल्पाहार एवं दोपहर में लंगर का आयोजन होगा। श्री गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश परब 6 जनवरी 2025 को गुरुद्वारा नानक दरबार चाईबासा में श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा।

# जिला शतरंज संघ की विशेष आमसभा का हुआ आयोजन

दबंग हिन्द,संवाददाता

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला शतरंज संघ की विशेष आमसभा सीताराम रुंगटा रिक्रिएशन हाल टाउन क्लब में की गई। इस सभा के अध्यक्षता संघ के उपाध्यक्ष जहांगीर आलम ने की। सर्वप्रथम महासचिव बसंत खंडेलवाल ने पिछली आम सभा की कार्यवाही की संपुष्टि की एवं आज के सभा कार्यवाही को सभी सदस्यों के समक्ष रखा। मुख्य रूप से सभी ने ध्वनि मत से गुकेश डी के विश्व शतरंज प्रतियोगिता को जीतने पर बधाई दी कि उन्होंने 18 वर्ष की उम्र में चीन के डिंग लिरेन को हराकर यह खीताब को अपने नाम कर इतिहास रचा है। सभा में आने वाली प्रतियोगिताओं के बारे में विशेष रूप से चर्चा किया गया। जिसमें यह प्रस्ताव पारित किया गया की पांचवी नवीन कुमार सिंहा मेमोरियल ऑल इंडिया ओपन रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 19 जनवरी को किया जाएगा। विशेष रूप से आम




सभा के पश्चात द्वितीय सीताराम रुंगटा चेस लीग 2024 जो कि 27 दिसंबर को रूंगटा गार्डन में आयोजित की जाएगी। उसमें विभिन्न टीमों में खेलने वाले खिलाड़ियों का चयन लॉटरी के द्वारा सभी टीम के निरीक्षक के उपस्थिति में किया गया। रुंगटा स्टील की ओर से यशवंत सिंघल, पश्चिमी सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की तरफ से राजकुमार ओझा, बियोंड टेंप्टेशन की तरफ से सोहनलाल मुंद्रा, डी पी एस ग्रुप ऑफ एजूकेशन की तरफ से दीपेंद्र प्रसाद साव एवं मुद्रा हॉस्पिटल की तरफ से श्रीकांत मूंदड़ा उपस्थित थे। सर्वप्रथम प्रतियोगिता में विभिन्न टीम के कप्तान का चयन किया गया. जिसमें कमल किशोर, देवनाथ, रुंगटा स्टील के बसंत खंडेलवाल, मनीष शर्मा, विश्वजीत चटर्जी, राजेश कुमार, मणिदीप मुखी, पश्चिमी सिंहभूम चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कप्तान लॉटरी के द्वारा नियुक्त किया गया. इस मौके पर संघ के उपाध्यक्ष नरेंद्र नाथ पांडे, राकेश बुधिया, अनंत लाल विश्वकर्मा, अर्पित खिरवाल, सुब्रत त्रिपाठी, पुरुषोत्तम सराफ, निर्मल त्रिपाठी, सूरज टीयू, हर्ष शर्मा एवं अन्य उपस्थित थे।

## चाईबासा और चक्रधरपुर न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन

दबंग हिन्द,संवाददाता

**चाईबासा।** झालसा के निदेशानुसार और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मोहम्मद शाकिर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा के तत्वावधान में चाईबासा सिविल कोर्ट परिसर और चक्रधरपुर अनुमंडल न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया, इस दौरान चाईबासा न्यायालय में गठित दस और चक्रधरपुर अनुमंडल न्यायालय में दो न्यायपिठों का गठन किया गया, मामलों की सुनवाई करते हुए कुल 90507 मुद्दों का सफल निष्पादन किया गया तथा 5,71,38,281/झ (पांच करोड़ एकहतर लाख अड़तीस हजार दो सौ इक्यासी) की राशि का समायोजन हुआ, प्राधिकार के सचिव ने बताया कि झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निदेशानुसार प्रत्येक तीन माह के अंतराल में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है जिसमें लोग अपने सुलहनीय मामलों के निष्पादन के लिए अपील कर सकते हैं।




उन्होंने जानकारी दी की, प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय श्री योगेश्वर मणि, जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम श्री सूर्य भूषण ओझा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय तरुण कुमार, मुख्य न्यायिक दडाधिकारी श्री विनोद कुमार, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजीव कुमार सिंह, न्यायिक पदाधिकारी प्रथम श्रेणी एंजेलिना नीलम मड़की, एसडीजेएम सदर सह रजिस्ट्रार सुप्रिया रानी तिग्गा, रेलवे दंडाधिकारी श्री मंजीत कुमार साहू, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी पूजा पांडेय, उपभोक्ताओं आयोग के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह तथा चक्रधरपुर अनुमंडल न्यायालय में कृष्णा लोहरा अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी चक्रधरपुर और अंकित कुमार सिंह, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी की न्यायिक पीठ ने मामलों का निष्पादन किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंकिंग मामलों में सर्वाधिक निष्पादन में अग्रणी बैंक प्रबंधक (बैंक ऑफ इंडिया) दिवाकर सिन्हा का विशेष सहयोग रहा उन्होंने बैंक शाखाओं को इसके लिए प्रेरित किया जिसके परिणाम स्वरुप बैंकिंग मामलों में सर्वाधिक निष्पादन संभव हो सका। उपरोक्त जानकारी प्राधिकार के सचिव राजीव कुमार सिंह ने दी।

## एक नजर

### सिलवार कला पंचायत मे मुखिया श्रीमति रुक्मणि देवी ने किया पैक्स का उद्घाटन

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिला में15 दिसम्बर को 70 पैक्स केंद्रों का उद्घाटन किया गया, बताते चले कि 70 पैक्स केंद्रों में सदर प्रखंड अन्तर्गत सिलवार कला पंचायत मे सिलवार कला पंचायत के मुखिया श्रीमति रुक्मणि देवी, पूर्व जिला परिषद सदस्य कौलेश्वर रजक,



पूर्व मुखिया महेंद्र राम प्रजापति, पंचायत समिती सदस्य ओम प्रकाश देव ने सामूहिक रूप से पैक्स का उद्घाटन फीता काट कर किया गया। मुखिया श्रीमति रुक्मणि देवी ने कहा कि सिलवार में पैक्स केंद्र खुलने से आसपास के किसानों को धान बेचने के लिए सुविधा प्राप्त हुआ है। पूर्व मुखिया महेंद्र राम प्रजापति ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि पैक्स केंद्र खुल गया है सरकार द्वारा 2300 रुपया प्रति क्विंटल एवं 1रुपया बोनस यानी 24 रुपया केजी रेट तय किया है। अब बिचौलिया के पास ओना पोना दामों में धान ना बेचे। हजारीबाग जिले में वर्ष 24 ,25 में साढ़े तीन लाख क्विंटल धान खरीदने का लक्ष्य है। मौके पर उपस्थित मुखिया श्रीमति रुक्मणि देवी, पूर्व जिला परिषद सदस्य कौलेश्वर रजक, पूर्व मुखिया महेंद्र राम प्रजापति, पंचायत समिती सदस्य ओम प्रकाश देव,पीडीएस डीलर संघ प्रखण्ड अध्यक्ष धानेश्वर मेहता, पैक्स अध्यक्ष किशोरी मेहता, मुखिया प्रतिनिधि उमेश प्रसाद,पूर्व उपमुखिया नरेश यादव, भुनेश्वर यादव, इन्द्रनाथ मेहता सुजीत प्रजापति इत्यादि।

### ढेगुरा पैक्स धान अधिप्राप्ति केन्द्र का भव्य शुभारंभ विधायक प्रदीप प्रसाद के कर-कमलों द्वारा

किसानों की आय बढ़ाने और विकास को मिलेगा नया आयाम

**ढेगुरा।** ढेगुरा में बहुप्रतीक्षित पैक्स धान अधिप्राप्ति केन्द्र का उद्घाटन सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के कर-कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों ग्रामवासी, किसान, एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्र के किसानों की सुविधाओं और उनके विकास को केंद्र में रखकर किया गया। प्रदीप प्रसाद ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा की हमारी केंद्र सरकार और मेरा व्यक्तिगत उद्देश्य है कि किसानों की आय बढ़े और उन्हें अपने उपज के लिए उचित मूल्य मिल सके। यह अधिप्राप्ति केंद्र क्षेत्र के किसानों के लिए एक वरदान साबित होगा। अब किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा, और उन्हें उनके उत्पाद का सही दाम मिलेगा। यह कदम क्षेत्र की आर्थिक प्रगति और किसानों की समृद्धि के लिए मील का पत्थर साबित होगा। विधायक प्रदीप प्रसाद ने यह भी कहा कि उनकी प्राथमिकता हमेशा से क्षेत्र के किसानों और गरीबों के कल्याण की रही है। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि क्षेत्र में विकास कार्य और तेजी से किए जाएंगे। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामवासियों और किसानों ने विधायक श्री प्रसाद की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह कदम खेती और ग्रामीण विकास के लिए एक नई शुरूआत है। कार्यक्रम का समापन ग्रामवासियों के उत्साहपूर्ण समर्थन और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर पैक्स अध्यक्ष गोपाल गोप, पंचायत जन प्रतिनिधि, भाजपा नेता, कार्यकर्त्ता व स्थानीय लोग उपस्थित थें।

### विधायक रोशन लाल चौधरी ने प्रखंड में 11 धान क्रय केंद्रों का उद्घाटन किया

**बड़कागांव।** बड़का गांव प्रखंड के पंचायत में 11 धान क्रय केंद्रों का शुभारंभ रविवार को किया गया। जिसका उद्घाटन विधायक रोशन लाल चौधरी ने निर्धारित धान क्रय केंद्रों में जाकर विधिवत उद्घाटन किया। बड़कागांव पश्चिमी पंचायत पैक्स भवन में पूर्व पैक्स अध्यक्ष उमेश महतो एवं नयाटांड़ धान क्रय केंद्र में पैक्स अध्यक्ष खेमलाल महतो के नेतृत्व के नेतृत्व में धान क्रय केंद्र का उद्घाटन रोशन लाल चौधरी के हाथों फीता काटकर किया गया। किसानों को जानकारी दी गई की 2300 क्विंटल धान की खरीदारी की जाएगी इसके अलावा किसानों को प्रति क्विंटल 100 प्रोत्साहन के रूप में बोनस राशि भी दिया जाएगा। पैक्स अध्यक्ष चंद्रदेव महतो, उप प्रमुख वचन देव कुमार, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, दिनेश प्रसाद, नयाटांड़ पैक्स अध्यक्ष खेमलाल महतो, संदीप कुशवाह, तपेश्वर कुमार तापस, राजू सोनी, मनोज दांगी, अरविंद मिश्रा, प्रवीण कुमार, किशोर कुमार, गणेश महतो, मनोज दांगी, सिकंदर प्रसाद, श्याम सुंदर कुमार, हेमराज कुमार, उमेश सिंहा, यदु प्रसाद दांगी कुशवाहा, टिकेश्वर कुमार, अमित कुमार, पूर्व बैंक प्रबंधक उमेश कुमार सिंह, चमन महतो, तिलकनाथ महतो, गंगाधर प्रसाद, सुनील कुमार, विनय कुमार, प्रताप भूषण, बैजनाथ महतो के अलावा आज कई लोग उपस्थित थे।

### चान्हो के सोंस लैम्पस में धान खरीदारी का शुभारंभ

**चान्हो।** जिप सदस्य आदिल अजीम पंचायत समिति रिजवान आलम, उप प्रमुख शिवचरण उरांव, विधायक प्रतिनिधि इरशाद खान, मंगलेश्वर उरांव, देवंत साहु, प्रवेज आलम, जफर वारिश व



अन्य किसान शामिल हुए। इस मौके पर जिप सदस्य आदिल अजिम ने कहा कि मेरे किसान साथियों आप सभी को जय जोहार, आज से सोंस लैम्पस मे धान खरीदी की शुरूआत हो रही है, जिसके तहत सरकार ने आप सभी की सुविधा के लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं। अन्नदाता साथियों के धान का एक-एक दाना खरीदवाना हमारा लक्ष्य है, जिसके तहत इस बार प्रखंड अंतर्गत सभी किसानो का धान हमारी सरकार खरीदेगी और भुगतान भी जल्द से जल्द कराएगी।

### भैरवा जलाशय सिंचाई परियोजना अधर में, सरकारों परियोजना को कार्य करे पूर्ण

**रामगढ़।** रामगढ़ कांग्रेस अ०वी० के वरीय उपाध्यक्ष कैसर इमाम ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि दुलमी प्रखंड स्थित भैरवा जलाशय की महत्वाकांक्षी सिंचाई योजना पूरी तरह से अधर में लटका हुआ है। जिस कारण दुलमी, चितरपुर, गोला प्रखंड अंतर्गत रहने वाले किसान के फसल सिंचाई के आशा में पानी फिर गया है। ये तीनों प्रखंड रामगढ़ जिला अंतर्गत आते हैं जहां सैकड़ों किसान सिंचाई के अभाव में अपने फसलों, शब्जियों को समय पर पानी के अभाव में काफी नुकसान उठा रहे हैं। जबकि केंद्र तथा तत्कालीन बिहार सरकार के सौजन्य से 1990 में सिंचाई के लिए इस जलाशय का निर्माण किसानों से भूमि अधिग्रहण कर कराया था। किसानों ने भी सिचाई हेतु आशान्वित होकर खुशी खुशी भूमि आवंटित किए थे। जलाशय का काम तो पूर्ण हो गया लेकिन नहर का काम आधा अधूरा हुआ। जिसमें किसानों की सैकड़ों एकड़ भूमि नहर के नाम मिट्टी कटिंग कर छोड़ दिया गया। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों से माँग करते हुए कहा कि सरकार इस परियोजना को पूर्ण कर किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराए।

### सेवादल के जिला अध्यक्ष रूपेन्द्र महतो उर्फ टाईगर ने ममता देवी को दी बधाई

**रामगढ़।** रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से कांग्रेस सह इंडिया गठबंधन के विधायक ममता देवी का स्वागत एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन रजरप्पा रोड स्थित आर के रिसॉर्ट् में किया गया। जिसमें कॉंग्रेस सेवा दल के जिला अध्यक्ष रूपेन्द्र महतो उर्फ टाईगर ने ममता देवी को गुलदस्ता देकर बधाई दी और कहा की रामगढ़ की जनता ने अपने लोकप्रिय विद्यायक को मौका देकर भरोसा जताया हैं जिससे रामगढ़ विधानसभा का विकास हो सके। वही ममता देवी ने कहा रामगढ़ की जनता के साथ-साथ कॉंग्रेस के सभी कार्यकर्ता का आभार व्यक्त करती हूँ जिन्होंने मुझे पर भरसो जताया।

### रूट्स माउंट एमईओ स्कूल के बच्चों ने बिरसा मुंडा जेल पार्क का किया शैक्षणिक भ्रमण

**रामगढ़।** रांची रोड सेवाटा स्थित रूट्स माउंट एमईओ स्कूल ने अपने छात्रों के लिए एक विशेष शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन रविवार को किया। जिसमें कक्षा 3 से 10 तक के बच्चों को बिरसा मुंडा जेल पार्क रांची ले जाया गया। इस दौर का मुख्य उद्देश्य बच्चों को मनोरंजन के माध्यम से सीखने का अवसर देना था और ऐतिहासिक, सांस्कृतिक धरोहरों से भी बच्चो को परिचित कराना था। साथ ही साथ बिरसा मुंडा फन पार्क में भी बच्चों ने प्रकृति की सुंदरता का अनुभव किया और विभिन्न झूलों और खेलों का आनंद लिया। शिक्षकों ने बच्चों को बिरसा मुंडा के जीवन, उनके संघर्ष और झारखंड की संस्कृति के बारे में जानकारी दी। इसके बाद बच्चों को बिरसा मुंडा जेल, जिसे अब एक संग्रहालय में परिवर्तित कर दिया गया है, इसके बारे में भी जानकारी दी गई। वहां बच्चों ने बिरसा मुंडा की संघर्षमय कहानी और उनकी शहादत की जानकारी प्राप्त की। यह जेल वह ऐतिहासिक स्थान है, जहां बिरसा मुंडा को स्वतंत्रता संग्राम के दौरान कैद किया गया था और उनकी मृत्यु हुई थी। बच्चों ने जेल में रखे पुराने दस्तावेज, हथियार और अन्य ऐतिहासिक अवशेषों को देखा और समझा।

# सीएससी सेंटर का उद्घाटन किया गया



दबंग हिन्द,संवाददाता

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के गैड़ा पंचायत अंतर्गत ग्राम किरतोडीह में सीएससी सेंटर का उद्घाटन किया गया। सेंटर का उद्घाटन पंचायत समिति सदस्य महताब हुसैन एवं समाजसेवी ताज अंसारी के द्वारा फीता काटकर संयुक रूप से किया गया। सेंटर के प्रोपराइटर जुबेदा खातून ने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्र होने के कारण हमारे गांव के लोगों को किसी भी तरह के ऑनलाइन कार्य करवाने के लिए बहुत समस्या होती थी, हमारे सेंटर में सभी तरह के ऑनलाइन कार्य किए जाएंगे। अब हमारे गांव के लोगों को विष्णुगढ़ बगोदर का चक्कर लगाना नहीं पड़ेगा। गांव में सेंटर के खुलने से खासकर महिलाओं को काफी सुविधा होगी। हमारे सेंटर में जाति, आय आवासीय पैसे की जमा निकासी समेत कई तरह के कार्य किए जाएंगे। उद्घाटन समारोह में प्रमुख रूप से पंचायत समिति सदस्य महताब हुसैन पंचायत समिति प्रतिनिधि ताज अंसारी, वार्ड सदस्य समरुद्दिन अंसारी, अशोक यादव इमामुद्दीन अंसारी, उमेश यादव, मोइन अंसारी,शौकत अंसारी, अदनान अंसारी, मोबिन अंसारी, अलीमुद्दीन अंसारी, इरफान अंसारी, सेराज अंसारी, मोमिन अंसारी, अजरूद्दीन अंसारी आरिज अंसारी, शफीक अंसारी, मोफिल अंसारी, फिरोज अंसारी, जसीमुद्दीन अंसारी, नागमुद्दीन अंसारी युनुस अंसारी, सलमा खातून, जैनब खातून, तबस्सुम खातून, सालतुन खातून, समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

# गुमला में पासवान युवा सेना का हुआ गठन

दबंग हिन्द,संवाददाता



**गुमला।** गुमला जिला दुसाध समाज की बैठक गांधी नगर सिसई रोड में हुई। बैठक की अध्यक्षता समाज के संरक्षक मोहन पासवान ने की। बैठक में सर्वसम्मति से पासवान युवा सेना का गठन किया गया। युवा सेना के संगठन विस्तार के लिए 11 सदस्यों को जिम्मेवारी दी गयी है। जिसमें गंदुर पासवान, मनोज पासवान, दिलीप पासवान, संदीप पासवान, अभिमन्यु पासवान, अमरनाथ पासवान, विनोद पासवान, अजय पासवान, उपेंद्र पासवान, राजेश पासवान, विजय पासवान व शांतनु पासवान है। बैठक में सभी लोगों के राय आने के बाद समाज के वैसे परिवार जो गरीबी रेखा से नीचे जीवन गुजर बसर कर रहे हैं और आर्थिक तंगी में जी रहे हैं। ऐसे परिवार को पासवान युवा सेना द्वारा आर्थिक मदद करने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रस्ताव आया कि हर महीने दो परिवार की मदद की जायेगी। जिन्हें चावल, दाल, तेल व कंबल दिया जायेगा। साथ ही वैसे बच्चे जो गरीबी के कारण मैट्रिक व इंटर की परीक्षा लिखने से वंचित हैं। उन बच्चों को पासवान युवा सेना द्वारा पढ़ाई के लिए मदद किया जायेगा। मोहन पासवान ने कहा है कि युवा पूरे उत्साह व उमंग के साथ समाज को मजबूत करने का काम करें। हरिदास राम ने कहा है कि पहली बैठक में गुमला शहर के दुसाध समाज के लोग शामिल हुए है। अगली बैठक संडे को हो तो उसमें हर एक परिवार को जोड़े। ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले सभी लोगों को बैठक में बुलाये। गंदुर पासवान, संदीप पासवान, मनोज पासवाल व दिलीप पासवान ने कहा है कि हर संडे को अब पासवान युवा सेना की बैठक होगी। साथ ही अगली बैठक में पासवान समाज परिवारिक मिलन समारोह का आयोजन पर विचार विमर्श किया जायेगा। नागफेनी कोयल तट के किनारे समारोह होगा। जिसमें जिलेभर से समाज के लोगों को आमंत्रित किया जायेगा। बैठक में दुर्गा राम, गणेश पासवान, करण पासवान, राहुल पासवान, गंगा पासवान, राजेश पासवान, गंदुर पासवान, उपेंद्र पासवान, मनोज पासवान, दिलीप पासवान, अमरनाथ, सूरज पासवान, विनोद पासवान, रामनंदन पासवान, संदीप पासवान, पवन पासवान, रंजीत पासवान, शनि पासवान, अजय पासवान, जगरनाथ पासवान, रोहित पासवान, दीपांशु पासवान सहित कई लोग थे।

## फिट इंडिया साइक्लिंग ट्यूसडे कार्यक्रम 17 को पदमा में

**पदमा।** स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया खेल प्रशिक्षण केंद्र पदमा से मिली जानकारी अनुसार खेल मंत्री डॉ.मनसुख मांडविया 17 दिसंबर को नई दिल्ली में फिट इंडिया साइक्लिंग ट्यूसडे पहल का शुभारंभ करेंगे। 17 दिसंबर को पूरे भारत में 1000 से अधिक स्थानों में एक साथ शुरू होगी। इसी दिन स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया पदमा हजारीबाग के द्वारा साइक्लिंग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सब जूनियर नेशनल हॉकी चैंपियन 2024 की स्वर्ण पदक विजेता श्रुति कुमारी 10 किलोमीटर साइक्लिंग खुशी की सवारी का नेतृत्व करेंगी। जो पदमा गेट से आर एन +2 स्कूल पदमा तक स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया प्रशिक्षण केंद्र पदमा के मुख्य द्वार पर समाप्त होगी। झारखंड के प्रतिष्ठित के साथ साथ स्थानीय फिटनेस प्रेमी और खेल प्रेमी इस कार्यक्रम में भाग लेंगे जो स्वस्थ और फिटनेस की भावना को बढ़ावा देंगे।

## पूर्व विधायक बैरागी उरांव का निधन, गुमला में शोक की लहर

दबंग हिन्द,संवाददाता

**जिला कांग्रेस भवन हाई स्कूल रोड गुमला में पार्थिव शरीर पर कांग्रेस जनों ने फूल रखकर किया गम का इजहार**



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड से गुमला विधानसभा के तीन बार विधायक रहे बैरागी उरांव का निधन हो गया। 81 वर्षीय श्री उरांव का जन्म 1943 में हुआ था। वे के.ओ कॉलेज गुमला में राजनीतिशास्त्र के प्रोफेसर रह चुके हैं। उनका राजनीतिक करियर 1972 में शुरू हुआ, जब उन्होंने पहली बार चुनाव जीतकर विधायक बने। इसके बाद उन्होंने 1980 और 1985 में भी जीत हासिल की। उनकी तबीयत कुछ दिनों से खराब थी, जिसके कारण उन्हें रांची ले जाया गया। रविवार सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से चैनपुर ही नहीं, बल्कि पूरे गुमला जिले में शोक की लहर है। परिजनों के अनुसार, उनका अंतिम संस्कार कल चैनपुर में 11:00 बजे दिन में पंचतत्व में किया जाएगा। उससे पहले आज कांग्रेस भवन गुमला में जिला अध्यक्ष चेतू उरांव आशिक अंसारी दीपक कुमार दीप नारायण उरांव अकिल रहमान खालिद शाह शाहजहां अंसारी मोहम्मद कलाम आदि ने गहरा शुक प्रकट करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि उरांव जी कांग्रेस के सच्चा सिपाही अंतिम क्षण तक कांग्रेस को मजबूती के लिए कार्य करते रहे उनके निधन से कांग्रेस को भारी क्षति हुई है लोकतंत्र में योगदान और उनके कार्यों को हमेशा याद रखा जाएगा। उनके निधन से राजनीतिक, शिक्षा, एवं खेल के क्षेत्र में एक बड़ा छती उत्पन्न हुआ है।

## होमगार्ड में जॉइनिंग के लिए लड़के, लड़कियां हजारीबाग हुए रवाना



दबंग हिन्द,संवाददाता

**गुमला।** गुमला थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह फूल माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर उज्जवल भविष्य की दी बधाई, साथ में 01 जवान नितेश उराँव बीएसएफ में ज्वाइनिंग के लिए जा रहा है, होमगार्ड में ज्वाइनिंग में जा रही लड़कियों में रेवती कुमारी, अनामिका कुमारी, पार्वती कुमारी, दीपिका कुमारी, मोनिका कुमारी, प्रियंका कुमारी,ज्योति कुमारी शामिल है, वही लड़कों में विज्ञान पन्ना, कार्तिक उराँव, रवि गुप्ता शामिल है। इस मौके पर गुमला थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह ने सभी बच्चों को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी और कहा एक समय था जब मैं भी आपलोग की तरह मेहनत करता था तब मुझे भी पता नहीं था कि एक दिन इस मुकाम पर पहुँचूंगा, आप भी अच्छे से मेहनत करते रहिए सफलता की कोई सीमा नहीं होती,आपको और भी ऊंचाई तक जाना है। इसी मौके पर लक्ष्य फिजिकल एकेडमी गुमला के डायरेक्टर सह कोच नेल्सन भगत ने भी मिठाई वा माला पहनाकर बधाई दी और कहा कि हमारा सपना है कि गरीब से गरीब बच्चों को रोजगार से जोड़ना, तथा कभी भी कोई भी बच्चे को ये एहसास होने नहीं देना कि सफलता में पैसा या कोई भी समस्या आड़े आ रही है' पुरे एकेडमी परिवार का सपना है इस क्षेत्र के तमाम गरीब से गरीब बच्चों को रोजगार दिलाकर इस छोटानागपुर क्षेत्र को अमीर बनाना है साथ में इस क्षेत्र को दुनिया का सबसे खुबसूरत और खुशहाल क्षेत्र बनाना है, यही सोच की वजह से हमने लक्ष्य फिजिकल एकेडमी गुमला का शुरूआत किया है, और ये सपना अब कारगर होता हुआ दिख रहा है। हमारे एकेडमी परिवार से समाज के वरिष्ठगण भी जुड़ रहे है, आने वाला दिन में हम और बेहतर काम करेंगे। इस मौके पर समाजसेवी राजू साहू, कुंवर उरांव, विकास कुमार साहू, सैमुअल मिंज, मनीष कुमार साहू, सीमा कुमारी, आरती कुमारी, कृपा कुमारी, पायल कुमारी, रानी कुमारी, चन्द्रमुनि कुमारी, महिमा कुमारी सहित दर्जनों युवक/युवतियां मौजूद थे।

## खिलाड़ियों के पर्यटन स्थल का भ्रमण कराया गया



दबंग हिन्द,संवाददाता

**झारखंड।** आज पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग द्वारा गुमला जिला अंतर्गत संचालित आवासीय प्रशिक्षण केंद्रों के खिलाड़ियों को शैक्षणिक भ्रमण के क्रम में गुमला के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल बाघमुंडा बसिया में पिकनिक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी प्रशिक्षकों के देख रेख में 140 खिलाड़ी द्वारा विभिन्न क्रियाकलाप करते हुए पूरी मस्ती के साथ प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद उठाए। खिलाड़ियों द्वारा बताया गया कि खेल के साथ साथ जिला खेल कार्यालय द्वारा इस प्रकार का भ्रमण एवं पिकनिक का आयोजन से खिलाड़ी बहुत खुश दिखे। जिला खेल पदाधिकारी श्री मनोज कुमार ने बताया कि आवासीय प्रशिक्षण केंद्रों में खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल एवं पढ़ाई के साथ साथ वर्ष में एक पर पिकनिक और पर्यटन स्थलों का भ्रमण जरूरी है ताकि खिलाड़ी खेल मैदान की मेंटल प्रेशर से बाहर आए और अगली प्रतियोगिता में पूरे तन मन से अपना प्रदर्शन दे सके।

## डोडरोबारू गांव में जंगली हांथी ने युवक को रौंद कर मार डाला



दबंग हिन्द,संवाददाता

**चक्रधरपुर।** आनंदपुर पोड़ाहाट वनप्रक्षेत्र अंतर्गत ग्राम डोडरोबारू में गुरुवार सुबह जंगली हांथी के हमले से एक युवक की मौके पर मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवक 31 वर्षीय लोदरो बरजो ग्राम बेहड़ा थाना गोइलकेरा का रहने वाला है। वह डोडरोबारू गांव अपने एक रिश्तेदार के यहां आया हुआ था। आज सुबह वह शौच के लिए खेत की तरफ जा रहा था। इसी दौरान एक जंगली दंतैल हाथी ने उस पर हमला कर दिया.और उसे रौंदकर बुरी तरह घायल कर दिया. जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना की जानकारी मिलने पर आनंदपुर पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है। वहीं इस घटना की सूचना मिलने पर आनंदपुर वन विभाग के गुरुचरण सांडिल, पवन सरदार, अभिलाष कर, विशाल सिंह, जितेंद्र सरदार, माखनलाल टुडू, होमगार्ड एवं वन कर्मियों ने मृतक युवक के परिजनों को तत्काल 20,000/- बीस हजार नगद सहायता राशि दी हैं।

## लौहपुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल को दी गई श्रद्धांजलि



दबंग हिन्द,संवाददाता

**हजारीबाग।** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में लौहपुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 74 वीं पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनहे श्रद्धांजलि अर्पित की गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव नें कहा कि भारत का लौहपुरुष स्वाधीना संग्राम का गांधी जी का प्रमुख सेनानी विलक्षण प्रतिभा का धनी व्यक्तित्त्व भारतीय इतिहास में एक असंभव कार्य को संभव कराकर अजर-अमर हो गया ।पांच सौ से अधिक रियासतों को विलीन कर सारे देश की जनता में एकात्मता का भाव निर्माण किया । उनकी इसी कार्यशैली सै वे लौहपुरूष कहलाए ।मौके पर प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, लाल बिहारी सिंह, दिलीप कुमार रवि, दिलदार अंसारी, सदरूल होदा, अर्जुन सिंह, गुड्डू सिंह , मिथिलेश दुबे, अनिल कुमार भुईंया, अर्जुन नायक, अमर सिंह यादव, सुरेन्द्र कुमार सिंह, राजू चौरसिया, मुगेश्वर प्रसाद चौथरी आदि उपस्थित थे ।

# 120 बृद्ध महिला पुरुषो के बीच कंबल का हुआ वितरण

दबंग हिन्द,संवाददाता



**चक्रधरपुर/बंदगांव।** ग्रामोत्थान संसाधन केन्द्र करंजो में रविवार को समाजसेवी सह आरएसएस के बरिष्ट कार्यकर्ता स्व० भोला राम झुझुनवाला एवं स्व० गीता देवी झुझुनवाला की स्मृति पर ठंड को देखते हुए गरीव असहाय के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में श्याम तिवारी उपस्थित थे। सभी अतिथिओं का स्वागत विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा आदिवासी संकृति गीत नृत्य के साथ किया गया। कायर्क्रम का शुभारंभ भारत माता के चीत्र पर दिप प्रज्वलित कर किया गया। कंबल वितरण समारोह में कुल 120 बृद्ध महिला पुरुषो के बीच कंबल का वितरण किया गया। यह वितरण कार्यक्रम विगत 6 वर्षों से होते आ रहा है। कायर्क्रम को संबोधित करते हुए श्याम तिवारी ने कहा कि इस तरह की कार्यक्रम में पूर्वजों की याद दिलाती है। उन्होंने कहा गरीव असाहय जरुरतमंद लोगो के बीच सर्दी के मौसम में गरम वस्त्र का वितरण करना, इससे बडा कोई भी धर्म या सेवा नहीं है। इससे समाज के लोगो में प्रेरणा मिलता है। इस संस्था में स्व० भोलानाथ झुझुनवाला जी का काफी योगदान रहा है। समाज के प्रति इनकी काफी योगदान रहा। संस्था निरंतर ऐसे कार्य संस्था करे, हमारा सहयोग हमेसा रहेगा। वहीं कायर्क्रम के दौरान विद्यालय के छात्राओं द्वारा स्वगत गीत, भजन प्रस्तुत कर किया। कायर्क्रम के समापन के बाद बृद्ध महिला पुरुषो के साथ अतिथियो ने सामुहिक भोजन किया। मौके पर माधो झुझुनवाला, मनोज भगेरिया, राकेश श्रीवास्तव, कराईकेला थाना प्रभारी अंकित कुमार, मनोज जिंदल, सुभाष तिवारी, किरण तिवारी, सबिता झुनझुनवाला, मोहन कक्षप, संजय खिरवाल, प्रभारी प्रकाश महतो, सुभाष तिवारी समेत काफी संख्या में लोग मौजुद थे।

# मनोहरपुर में फिर एक बार पेयजल आपूर्ति ठप

दबंग हिन्द,संवाददाता



**चक्रधरपुर।** मनोहरपुर प्रखंड के मुख्य बाजार व आस- पास के क्षेत्रों ग्रामीण को पानी की समस्या से निजात नहीं मिल पा रही है। पिछ्ले 9 दिनों से फिर एक बार पीएचडी से पेयजल आपूर्ति मोटर में तकनीक खराबी के कारण से पुरे मनोहरपुर शहर व आप पास के लोगों को पानी कि किल्लत से जुझना पड़ रहा है। तकनीकी खराबी एक बार का नहीं है। इस बीमारी का पता तो चलता है और उसका घरेलु उपचार कर फिर से पानी सप्लाई शुरू कर दिया जाता है लेकिन महज एक माह बाद फिर खबर आता है कि मोटर में तकनीक खराबी आ गया है जिसके चलते पानी का सप्लाई पूरी तरह से बंद पड़ जाता है। बताते चले कि महिने में आये दिन मोटर में कुछ ना कुछ खराबी के चलते मनोहरपुर में जला आपूर्ति ठप हो जाती है। जिसके चलते पुरे मनोहरपुर में कई दिनों तक पेयजल आपूर्ति ठप रहती है। जिसके चलते पुरे मनोहरपुर वासी के साथ साथ मनोहरपुर के आसपास के लोगों को इस समस्या से जुझना पड़ता है। इसके लिए ना कोई जनप्रतिनिधियों और ना कोई अधिकारी अब तक मनोहरपुर के ग्रामीण के साथ इस समस्या का एक टाइम सुविधा के बारे में सोचते हैं ना कोई पहल किये है। जब पुरा मनोहरपुर के लोग ओर आस पास के लोग पानी कि समस्या से जुझते है तो मनोहरपुर का दुसरा लाईफ लाईन पानी का जलमिनार है लेकिन एक महोल्ला में 50 -50 परिवार को पानी कि आपूर्ति करना भी जलमिनार में पानी कि किल्लत हो जाती है। जिससे करीबर 20-25 परिवार को ही पानी कि आपूर्ति हो पाती हैं। मनोहरपुर शहरीं क्षेत्र में एक ही मात्र पानी का टैंकर है वह भी केवल शादी ओर पार्टी में उपयोग किया जाता है। ना कि जब पीएचडी में पानी आपूर्ति कि खराबी हो इस पर जनप्रतिनिधियों को ध्यान नही आता है कि इस टैंकर से शहर में 2 से 3 बार लोगों को पानी कि आपूर्ति करे ताकि लोगों को कुछ तो पानी से राहत हो सके।

## एक नजर

### हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र में धान अधिप्राप्ति केन्द्र का भव्य उद्घाटन

**सदर विधायक प्रदीप प्रसाद और जिला सांसद प्रतिनिधि अनिल मिश्रा के द्वारा किया गया**



**हजारीबाग।** हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी प्रखंड के बाझा गांव में प्राथमिक कृषि साख समिति (पैक्स)धान अधिप्राप्ति केन्द्र और बलबल अधिप्राप्ति केंद्र और आरभूषाई धान अधिप्राप्ति केंद्र का शुभारंभ हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद और जिला सांसद प्रतिनिधि अनिल मिश्रा के कर-कमलों द्वारा किया गया। यह पैक्स किसानों को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी कृषि गतिविधियों को बढ़ावा देने का सशक्त माध्यम होगा, हमारा लक्ष्य है कि हर किसान को समय पर संसाधन और बाजार तक सीधी पहुंच मिले। कार्यक्रम के दौरान पैक्स की भूमिका, महत्व और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की गई। पैक्स का उद्देश्य किसानों और ग्रामीण समुदाय को सशक्त बनाना है। इसके तहत किसानों को उन्नत कृषि उपकरण, बीज, खाद, कीटनाशक और अन्य सुविधाएं रियायती दर पर उपलब्ध होंगी। इसके माध्यम से किसानों को न केवल बेहतर संसाधन मिलेंगे, बल्कि वे अपने उत्पादों को बाजार में बेहतर कीमत पर बेच सकेंगे। विधायक ने यह भी घोषणा की कि पैक्स के माध्यम से आने वाले समय में किसान उत्पादक समूह बनाए जाएंगे, जिससे क्षेत्र में कृषि आधारित उद्योगों की शुरूआत होगी। इसके साथ ही डिजिटल माध्यम से किसानों को जोड़ने और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने का प्रावधान किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में स्थानीय प्रतिनिधियों ने विधायक का आभार व्यक्त किया और क्षेत्र के विकास के लिए उनके निरंतर प्रयासों की सराहना की।

### रात में गेहूं की पटवन करने गए किसान की ठंड लगने से घटनास्थल पर ही मौत

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड के कांड़तरी पंचायत के ग्राम खैरातरी गांव निवासी किसान 55 वर्षीय तुलसी महतो की मौत हो गई। मौत का कारण ठंड बताया जा रहा है। वह अपने पीछे पत्नी मनी देवी, दो पुत्र, एवं चार पोती छोड़ गए. मृतक के भाई आजसू पार्टी की वरिष्ठ नेता कामेश्वर महतो ने बताया कि तुलसी महतो की मृत्यु ठंड लगने के कारण हो गई। उन्होंने बताया कि 14 दिसंबर को 8:00 बजे रात में बुढ़वा महादेव रोड स्थित करमतरी में गेहूं के खेत में सिंचाई करने के लिए गया था। इस दौरान वह गिर पड़ा। इसकी सूचना हम लोगों को 15 दिसंबर 7:00 बजे सुबह मिली। उन्होंने बताया कि जब वह खेत से सिंचाई कर नहीं लौटे, तो हमलोग खोजबीन करने लगे। खेत में जाकर देखा तो वह गिरा पड़ा था। इस घटना को सुनकर भाजपा विधायक रोशन लाल चौधरी मृतक के परियोजनो से मिले। एवं सुख दुख में साथ देने का ढाड़स दिया। इस घटना से खैरातरी में शोक व्याप्त है। ग्रामीणों ने जिला एवं प्रखंड प्रशासन से मृतक के परिजनों के लिए मुआवजा की मांग की है एवं गांव में गरीबों के लिए कंबल वितरण करने की मांग की है।

### मनोज कुमार झारखंड तीरंदाजी कोचेस कमेटी का बने संरक्षक

**झारखंड।** झारखंड में तीरंदाजी खेल के इंडियन राउंड स्पर्धा को बढ़ावा देने और सभी जिलों में इंडियन राउंड के खिलाड़ियों के लिए ज्यादा से ज्यादा प्रतियोगिता का आयोजन करवा कर उनके प्रतिभा को उभारने का एक महत्वपूर्ण कार्य करने का निर्णय लिया गया, इंडियन राउंड स्पर्धा को तीरंदाजी खेल का जननी कहा जाता है, लगभग इस स्पर्धा के साथ ही झारखंड के ज्यादा खिलाड़ी अभ्यास करके उभर के सामने आते है परन्तु इंडियन राउंड की प्रतियोगिता कम होने से खिलाड़ी में निराशा देखने को मिलती है वहीं देश भर में रिकर्व, कंपाउंड के ज्यादा से ज्यादा प्रतियोगिता होती है जिसमें मुख्य रूप से अंतराष्ट्रीय, राष्ट्रीय प्रतियोगिता के साथ साथ नेशनल रैंकिंग टूनामेंट, विमेंस नेशनल रैंकिंग और इनडोर जैसे सालों भर प्रतियोगिता मिलती है वहीं इंडियन राउंड के झारखंड के खिलाड़ी वंचित रह जाते है। झारखंड के सभी कोचेस ने एक बैठक करके आपसी सहमति से यह निर्णय लिया गया कि अब नेशनल रैंकिंग टूनामेंट की तरह ही झारखंड के विभिन्न जिलों में प्राइज मनी टूनामेंट का आयोजन करके इसके बेहतरी का प्रयास किया जाएगा। एडवाइजर के रूप में इस मुहीम से हरेंद्र सिंह, प्रकाश राम और बी स राव जुड़े हैं।

### देवरिया में कांग्रेस पार्टी का मिलन सह वनभोज कार्यक्रम संपन्न, लिट्टी-चोखा का लिया आनंद

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** देवरिया पंचायत भवन के प्रांगण में रविवार को कांग्रेस पार्टी कार्यकताओं का मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता संजीव साहू एवं संचालन देवानंद प्रसाद ने किया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अंबा प्रसाद उपस्थित हुईं। इस दौरान लोगों ने अंबा प्रसाद को बुके देकर एवं फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान जन चौपाल का भी आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों की समस्या सुनी गई। मौके पर पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं को सूचीबद्ध करके समाधान कराया जायेगा। इस दौरान संगठन की मजबुती आदि मुद्दों पर पर चर्चा की गई। तत्पश्चात वनभोज का आयोजन हुआ। जिसमें अंबा प्रसाद सहित उपस्थित लोगों ने सामुहिक रूप से लिट्टी-चोखा का आनंद उठाया।

### पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने पटाखे के चिंगारी से घायल जितेंद्र शर्मा के परिजनो से की मुलाकात

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटाखे के चिंगारी से घायल सौंदा डी निवासी जितेंद्र शर्मा उर्फ जीतू के परिजनों से मुलाकात को लेकर रविवार को बड़कागांव की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद उनके आवास पहुंची। इस दौरान अंबा प्रसाद ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर जितेंद्र का हालचाल जाना। साथ ही पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वान देते हुए कहा कि जितेंद्र शर्मा उर्फ जीतू के आंखों की रोशनी लाने में हर संभव मदद करूंगी। मौके पर जितेंद्र शर्मा के पिता बासुदेव शर्मा ने बताया कि भाजपा विधायक रोशन लाल चौधरी के विजयी जुलूस के जिस दिन पटाखे के चिंगारी से मेरा पुत्र घायल हो गया था। घटना में जितेंद्र शर्मा के आंखों में दिक्कत होने लेगी। जिसके बाद रांची के निजी अस्पताल में उसे भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। विधायक अंबा प्रसाद ने पीड़ित परिवार के सामने ही जितेंद्र से फोन पर वार्ता की। साथ ही अस्पताल के डॉक्टर से भी संपर्क कर इलाज में कोई भी कमी नहीं होने देने की बात कही। इधर मामले पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि घटना की जानकारी मुझे नहीं है। अगर ऐसी घटना हुई तो तो मैं जल्द ही पीड़ित परिवार से मिलकर ईलाज में पूरा सहयोग करूंगा। साथ ही जितेंद्र के आंखों की रोशन लाने के लिए हर सार्थक कदम उठाया जायेगा।

### लायंस क्लब भुरकुंडा ने राज नर्सिंग होम में लगाया निःशुल्क बवासीर एवं स्वास्थ्य जांच शिविर

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के तत्वावधान में रविवार को भुरकुंडा टेकर स्टैंड स्थित राज नर्सिंग होम में निःशुल्क बवासीर एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में रांची के सर्जन डॉ. पंकज के द्वारा लगभग 65 लोगों का जांच किया गया। जिसमें 10 लोग बवासीर से ग्रसित पाये गये। मौके पर एमजेएफ लायन राजेंद्र महतो ने कहा कि बवासीर से ग्रसित इच्छुक मरीज राज नर्सिंग होम में अपना रजिस्ट्रेशन कराकर किफायती दर पर ऑपरेशन करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि मरीजों का सफल ऑपरेशन रांची के सर्जन डॉ. पंकज द्वारा किया जायेगा। इधर लायंस क्लब के सौजन्य से टॉपकोन ऑप्टिकल भुरकुंडा में 12 से 17 दिसंबर तक मोतियाबिंद जांच शिविर चलाया जा रहा है। इसमें मोतियाबिंद के पाये गये मरीजों को निःशुल्क ऑपरेशन के लिए आगामी 18 दिसंबर की शाम रांची निरामया अस्पताल ले जाया जाएगा। जहां 19 दिसंबर की सुबह मरीजों के आंखों का ऑपरेशन किया जाएगा। इसके बाद 20 दिसंबर को ऑपरेशन किए हुए सभी मरीजों को भुरकुंडा लाया जायेगा।

### भाजपा विधायक रोशन लाल चौधरी के आवास में अखिल झारखंड श्रमिक संघ की हुई बैठक

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भाजपा विधायक रोशन लाल चौधरी के आवास पीटीपीएस में रविवार को अखिल झारखंड श्रमिक संघ की बैठक हुई। जिसमें सर्वप्रथम संघ के अध्यक्ष रोशन लाल चौधरी के बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से अपार जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए आने वाले भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। बैठक की अध्यक्षता विरेंद्र कुमार झा और संचालन राजेश पटेल ने किया। बैठक में पिछले बैठक की कार्यवाई के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। मौके पर संघ के महासचिव सतीश सिन्हा ने कहा कि वर्तमान समय में कारखाने में कार्यरत मजदूरों का कई प्रकार से शोषण किया जा रहा है जो काफी दुख और आक्रोश प्रकट करता है। उन्होंने कहा कि हमारा संघ मजदूरों के सभी समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। कई कारखाने के अंदर मजदूरों की समस्याओं पर पहल करते हुए समाधान भी किया है। बैठक में चर्चा के बाद र्ससम्मति से कई प्रस्ताव पारित किये गये। इसमें 16 जनवरी से 22 जनवरी के बीच पतरातु डैम से लेकर पतरातू रेलवे गेट तक की सभी प्रमुख स्थानों पर संघ (यूनियन) का झंडा लगाने, 22 दिसंबर रविवार को विधायक रोशन लाल चौधरी के आवासीय कार्यालय में यूनियन का विस्तारित बैठक कर संगठन का विस्तार करने, मजदूरों की समस्याओं की जानकारी प्राप्त कर अगले बैठक में चर्चा के बाद समाधान के लिए प्रयास करने, जनवरी माह में मजदूरों की समस्याओं को लेकर पीवीयूएनएल लेबर गेट के समक्ष एक दिवसीय धरना या आंदोलन करने की बातें शामिल है।

# प्रोगाम रिफ्रेमिंग वैल्यू एजुकेशन विषय पर कार्यशाला का आयोजन



दबंग हिंद संवाददाता

**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय बोकारो में अपने शिक्षकों के लिए एक दिवसीय इन हाउस ट्रेनिंग प्रोग्राम कम वर्कशॉप का आयोजन किया गया । प्राचार्य सूरज शर्मा ने दोनों रिसोर्सपर्सन का स्वागत किया और शिक्षकों से अनुरोध किया कि इस कार्यशाला में बढ़ चढ़कर भाग ले आज के शेक्षणिक पद्धति मे अंको के अलावा जिवन मुल्यो को केसे मुल्यवान बनाया जाय यह शिक्षा भी प्रदान करना हम शिक्षको को कर्तव्य है ।वर्कशॉप का टॉपिक था - चिन्मय विजन प्रोगाम रिफ्रेमिंग वैल्यू एजुकेशन. मुख्य रिसोर्सपर्सन बी मुखौपाध्याय इसकी जरुरत पर बल देते हुए कहा कि आज कि शिक्षा पद्धति जो केवल अच्छे अंक पर ही फोकस कर रही है केवल इंजीनिरिंग, मेडिकल या कॉपोर्रेट वर्ल्ड में अच्छे पदों पर नियुक्त होना ही एक मात्र उद्देश्य हो गया है, ऐसे में एक अच्छा व्यक्तित्व, एक अच्छा समाज, एक अच्छा भविष्य का निर्माण संभव नही है। इसके लिए उच्च नैतिक मूल्य से युक्त कुशल कार्य करने वालों की जरुरत है. नैतिक मूल्यों से युक्त व्यक्ति एक सफल, गुणवत्ता पूर्ण उत्पादकता से भरपूर जीवन जिता है. इसलिए यह सम्यक मांग है कि शिक्षा और शिक्षण पद्धति छात्रों में नैतिक एवं चारित्रिक मूल्यों को विकसित करने में सक्षम हों. इसलिए आज कि कार्यशाला सभी शिक्षकों के लिए अत्यधिक उपयोगी है। उन्हें कक्षा में, अध्ययन-अध्यापन में नैतिक मूल्यों के समावेशीकरण में सहूलियत होंगी। वर्कशॉप में चिन्मय मिशन द्वारा प्रकाशित लाइफ एं आराधना नामक वैल्यू एजुकेशन पुस्तक के आधार पर कई गतिविधियां आयोजित कि गयीं जिसमे शिक्षकों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।कार्यक्रम कि रूप रेखा को सुप्रिया चैधरी, प्रभारी, मानव संसाधन विभाग ने तैयार किया था।

# आंदोलनकारी को सरकार दे रू 50000 महीना : राजदेव



दबंग हिंद संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा बोकारो जिला के तत्वावधान में जिलाध्यक्ष राजदेव महथा की अध्यक्षता में बोकारो सेक्टर 12 एफ स्थित गांधी विचार मंच के कार्यालय में आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में आंदोलनकारियों के राजकीय मान- सम्मान, अलग झारखंडी पहचान, रोजी -रोजगार व नियोजन की सौ प्रतिशत अधिकारों की गारंटी, जेल जाने की बाध्यता को दूर करते हुए राज्य गठन की तिथि से प्रत्येक झारखंड आंदोलनकारियों को समान रूप से सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रुपया सरकार से देने की मांग की गई.संघर्ष मोर्चा द्वारा निर्णय लिया गया कि 3 जनवरी को मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती को झारखंड आंदोलनकारी दिवस के रूप में भव्यता के साथ मनाया जाएगा. इससे पूर्व 18 दिसंबर को झारखंड अलग राज्य के अमर पुरोधा विनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि, 25 दिसंबर को शहीद निर्मल महतो की जयंती मनाई जायेगी. 1 जनवरी को खरसावां गोलीकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से मोर्चा के संस्थापक सह केंद्रीय महासचिव पुष्कर महतो, केंद्रीय अध्यक्ष बिदेशी महतो, केंद्रीय संयुक्त सचिव हाबूलाल गोराईं, प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, मिडिया प्रभारी खगेन्द्र नाथ वर्मा, संयोजक बोकारो महानगर ज्योतिलाल महतो, चास नगर संयोजक बिमल चन्द्र महतो सहित दर्जनों आंदोलनकारी उपस्थित थे।

# धूमधाम से संपन्न हुआ रोटरी प्ले स्कूल का वार्षिकोत्स




दबंग हिंद संवाददाता

**बोकारो।** रोटरी प्ले स्कूल, सेक्टर 4 में आज सालाना वार्षिक उत्सव का आयोजन बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत में रोटरी प्ले ग्रुप की चेयरपर्सन रोटेरियन पूनम त्रेहान ने आगंतुकों को संबोधित करते हुए विशिष्टजनों और स्कूल के छोटे बच्चों की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया। बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं, जिनमें नृत्य, गायन और नाट्य कला का समावेश था। उनकी मासूमियत और रचनात्मकता ने सभी का मन मोह लिया ।प्रधानाध्यापिका रोटेरियन मानसी सहाना और उप प्रधानाध्यापिका एनी सीमा गिरी ने क्रमशः अपने संबोधन में कहा, रोटरी प्ले स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। यह कार्यक्रम न केवल उनकी प्रतिभा को सामने लाने का मंच है, बल्कि उनके शिक्षकों और अभिभावकों के प्रयासों को सराहने का अवसर भी है। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षकों और सहयोगी कर्मचारियों के योगदान को भी सराहा गया। रोटरी क्लब के सदस्यों ने रोटरी प्ले ग्रुप स्कूल की पूरी टीम के समर्पण और मेहनत की सराहना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में रोटरी क्लब के सदस्य, अभिभावक और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में वृद्धि को राकने के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी ने जारी किए निर्देश



दबंग हिंद संवाददाता

**बोकारो।** जिला सडक सुरक्षा समिति की बैठक में सडक दुर्घटनाओं में वृद्धि के विश्लेषण से पाया गया कि तीन पहिया वाहन या चार पहिया वाहन जिसमें चालक तरफ से चढ़ना उत्तरना भी एक मुख्य कारण है।सडक दुर्घटना में वृद्धि को राकने के दृष्टिकोण से जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर ने निदेश दिये हैं जिसमें तीन पहिया या चार पहिया वाहन जिसमें चालक तरफ दाहिनें तरफ खुला है. उसमे रड या जाली लगाकर कभर करें ताकि दाहिने तरफ से कोई भी सवारी चढे उतरे नहीं। सभी व्सायिक वाहन स्वामी अपने-अपने वाहन में अन्दर भाग में वाहन संख्या, अपना मो० न० एवं पता अंकित करने उच्च बीम का उपयोग नहीं करने चालक को हरे फॉग लाइट केवल तब जलाएगा जब कोहरे, धूल, तूफान, बारिश से दृष्यता बहुत ज्यादा प्रभावित होती है

वाहनों में रिफलेक्टिव टेप लगाने पथकर, दुरस्ती प्रमाण पत्र, प्रदुषण प्रमाण पत्र, परमिट एवं बीमा पत्र अद्यतन रखने का निर्देश दिया गया है।

# मंत्री का पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने किया स्वागत



दबंग हिंद संवाददाता

**तेनुघाट (बोकारो)।** गोमिया विधानसभा के नव निर्वाचित विधायक सह मंत्री झारखंड सरकार पेय जल एवं स्वच्छता सह उत्पाद विभाग योगेंद्र प्रसाद पहुंचे तेनुघाट और लोगों का आभार प्रकट किए। लोगों ने फूल माला एवं बुके देकर सम्मानित किया। तेनुघाट के अतिथि भवन में तेनुघाट, सरहचिया, घरवाटांड़, अलगड्डा पंचायत से आए ग्रामीणों की समस्याओं को सुने और संबंधित विभाग के अधिकारियों को फोन के माध्यम से अवगत कराते हुए त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिए। लोगो ने पानी,बिजली, राशन कार्ड, लाल कार्ड,स्वास्थ्य, और मईया सम्मान योजना से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया ।तेनुघाट अनुमंडलीय अस्पताल में राइडर कंपनी में कार्य कर रहे आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का चार माह से वेतन बकाया का भी मामला उठाया गया ।उसपर मंत्री ने राइडर कंपनी को तुरंत बकाया वेतन को भुगतान करने का आदेश दिया ।तेनुघाट में घर घर जल नल योजना अंतर्गत पुराने इंटेक वेल को लेकर भी मामला उठाया गया। जल नल योजना एवं ग्रामीण जिलापूर्ति योजना में कहीं गड़बड़ी पाई गई तो अधिकारी नपेंगे। ।मौके पर अशरफ अंसारी,उमेश महतो,कार्यपालक अभियंता चास रामप्रवेश राम, कार्यपालक अभियंता तेनुघाट मंतोष कुमार,सहायक अभियंता शास्त्री साह,ओपी प्रभारी अजीत कुमार आदि लोग मौजूद थे।

# वाहन प्रदूषण केन्द का संचालन अद्यतन होना अनिवार्य

## त्रुटि पाये जाने पर होगी कार्रवाई : शेजवलकर

दबंग हिंद संवाददाता

**बोकारो।** जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर ने पत्र के माध्यम से जिले के सभी पेट्रोल पम्प मालिकों को सूचित किया है कि जिला अन्तर्गत अधिष्ठापित पेट्रोल पम्प का अनुज्ञप्ति का नवीकरण आगामी दिनांक 31 दिसंबर तक अगले एक वर्ष के लिये नियमानुसार करने का निर्देश जारी किया है। इसके साथ ही अनुज्ञप्ति नवीकरण हेतु अपने प्रतिष्ठान में संचालित वाहन प्रदूषण केन्द का संचालन एवं अद्यतन होना अनिवार्य है। जाँच के कम में त्रुटि पाये जाने पर कार्रवाई की जायेगी। सेजवलकर ने जिला अन्तर्गत संचालित सभी पेट्रोल पम्प स्वामियों को निर्देश दिया है कि सभी आवश्यक दस्तावेजो के साथ निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत अपने पेट्रोल पम्प का अनुज्ञप्ति नवीकरण करा लें. अन्यथा कार्रवाई की जायेगी।

# डीपीएस के पांच विद्यार्थियों ने रीजनल मैथमेटिकल ओलंपियाड में लहराया परचम



दबंग हिंद संवाददाता

**बोकारो।** दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो के विद्यार्थियों ने एक बार पुनः अपने मेधविता का परचम लहराया है। पांच विद्यार्थियों ने ओरिजिनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में शानदार सफलता प्राप्त कर भारतीय राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड के लिए क्वालीफाई किया है क्वालीफाई करने वाले विद्यार्थियों में नवमी कक्षा के छात्र शिवम ओझा दसवीं के आरुष रंजन आयुष लक्ष्मी राम का एवं सिर्फ क्रेजिया तथा 11वीं के कुमार अनमोल के नाम शामिल है विद्यार्थियों की सफलता पर दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो के प्रचार डॉ एएस गंगवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी उन्होंने इस कामयाबी का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत शिक्षक के कुशल मार्गदर्शन तथा विद्यालय के बेहतर शैक्षणिक वातावरण को दिया है उल्लेखनीय है कि द इंडियन नेशनल मैथमेटिकल ओलंपियाड एक हाई स्कूल गणित प्रतियोगिता है जो वर्ष 1989 से प्रति वर्ष आयोजित किया जा रहा है यह अंतरराष्ट्रीय गणित ओलंपियाड के लिए भारतीय टीम की चयन प्रक्रिया का द्वितीय चरण है होमी भाभा सेंटर फॉर साइंस एजुकेशन द्वारा नेशनल बोर्ड आफ हायर मैथमेटिक्स के तत्वाधान में यह परीक्षा आयोजित की जाती है।

# सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के नए जीएम ने पदभार संभाला




दबंग हिंद संवाददाता

**बेरमो।** सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के नए जीएम चित्तरंजन कुमार ने पदभार संभाला लिया। जीएम कार्यालय में निवर्तमान महाप्रबंधक के रामाकृष्ण ने उन्हें चार्ज सौंपा। नये महाप्रबंधक चित्तरंजन कुमार ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में मिले 90 लाख टन उत्पादन लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरा प्रयास करूंगा। नए जीएम श्री कुमार ने बताया कि मुख्यालय की ओर से बीएंडके प्रक्षेत्र को चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में 90 लाख टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य दिया गया है। उसके अनुरूप 14 दिसंबर तक 39.30 लाख टन कोयले का उत्पादन हो चुका है। वहीं, 31 मार्च तक कोयले की निकासी कर लक्ष्य को पूरा कर लिया जाएगा ।मौके पर बीएंडके प्रक्षेत्र के एएफएम जी चौबे, कारो परियोजना के पीओ सुघीर सिंहा, बोकारो कोलियरी के पीओ नवनीत कुमार सिंह एरिया सर्वेयर राकेश चन्दा, एसओ एक्स मनोज कुमार, आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

# तेनुघाट जेल अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित



दबंग हिंद संवाददाता

**तेनुघाट।** तेनुघाट उपकारा जेल अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर एवं मेडिकल कैंप का आयोजन रविवार को किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि प्रथम श्रेणी न्यायायिक दंडाधिकारी राजेश रंजन कुमार ने बंदियों को कानूनी जानकारियां दी। वही बंदियों को प्रदान किए जाने वाले विभिन्न विधिक सहायता के बारे में बतलाते हुए उन्होंने कहा कि नालसा नई दिल्ली एवं झालसा रांची द्वारा जेल में बंद बंदियों के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर चलाए जा रहे हैं। जिनके माध्यम से उन बंदियों को उचित विधिक सहायता प्रदान की जाती है। इसी के तहत प्रत्येक महीने जेल अदालत का आयोजन किया जाता है ।वही।पैनल अधिवक्ता नरेश चंद्र ठाकुर ने दहेज अधिनियम के बारे मे जानकारी देते हुए कहा कि दहेज लेना और देना दोनो अपराध है। इसलिए हमें अपराध से बचने की जरूरत है। स्वागत भाषण जेलर नीरज कुमार ने करते हुए बताया कि जेल में बंदियों को जेल अधिनियम के तहत सारी अहताएं पूरी की जाती है। संचालन और धन्यवाद ज्ञापन अधिवक्ता सुभाष कटरियार ने किया ।उक्त जानकारी अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल दी।मेडिकल कैंप में जांच करते समय अनुमंडलीय अस्पताल तेनुघाट के डॉक्टर शंभु कुमार, डेंटिस्ट पूजा कुमारी के साथ निवान कुमार, संजय कुमार एवं अनीता देवी मौजूद थे।

## बेरमो खटाल में श्री कृष्ण चेतना परिषद की बैठक संपन्न

दबंग हिंद संवाददाता

**बेरमो।** श्री कृष्ण चेतना परिषद बेरमो की एक आवश्यक बैठक पूर्व मुखिया के आवासीय कार्यालय के खटाल परिसर में रविवार को किया गया जिसकी अध्यक्षता पूर्व मुखिया हरे राम यादव ने किया इस बैठक में श्री कृष्ण चेतना परिषद बेरमो के विस्तार के संदर्भ में विस्तृत चर्चा किया गया और तय किया गया कि प्रत्येक रविवार को संगठन के विस्तार एवं मजबूती हेतु किया जाएगा अगली बैठक 22 दिसंबर को बेरमो तीन नंबर खटाल दुर्गा मंडप सत्येंद्र यादव के आवासीय कार्यालय में की जाएगी ।मौके पर छठू लाल यादव कामोद प्रसाद जवाहरलाल यादवभारत यादव सत्येंद्र यादव मिंटू यादव महेंद्र यादव सकलदेव यादव सकलदीप यादव दिलीप यादव दयाराम यादव उमाशंकर राय आदि लोग उपस्थित थे।

# एक नजर

## सुरक्षा संबंधित मानकों का अवश्य करे अनुपालन

दबंग हिंद संवाददाता

**चास।** जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर ने सभी वाहन स्वामियों से अपील किया है कि अपने-अपने वाहन के सभी दस्तावेजों को अद्यतन कराने एवं दोपहिया वाहन चलाते समय हैलमेट पीछे बैठने वाले व्यक्ति सहित एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सिट बेल्ट का उपयोग निश्चित रुप से करना सुनिश्चित करने तथा सड़क पर वाहन बुलाते समय सड़क सुरक्षा संबंधित मानकों का अवश्य अनुपालन करने की अपील की है।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष ने किया कंबल वितरण

दबंग हिंद संवाददाता

**चास।** भाजपा चास नगर उत्तरी मंडल के अध्यक्ष अमर स्वर्णकार ने शनिवार को चास के स्वर्णकार मुहल्ला ,बड़कुल्ही ,रजवार मुहल्ला, कृष्णा नगर , मछली पट्टी सहित विभिन्न क्षेत्रों में 112 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया। मौके पर अमर स्वर्णकार ने कहा कि पूरे नगर निगम क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण करेंगे। हर व्यक्ति को गरीब लोगों को मदद करना चाहिए। मौके पर सपन कुमार, जितेन दत्ता, शंकर पाल, गोपी मोदक, लक्ष्मीकांत पाल, कृष्णा स्वर्णकार, सपन घोषाल, अर्जुन स्वर्णकार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री मईया योजना सरकार महत्वाकांक्षी योजना : महावीर

दबंग हिंद संवाददाता

**चास।** मुख्यमंत्री मईया योजना तय मानकों पर सभी महिलाओं को भुगतान मिल रही और आगे भी मिलती रहेगी। इसके भुगतान व योजना में अयोग्य लाभुकों को हटाने की बात को लेकर भाजपा सहित विपक्षी दल के नेताए इसमें आमजनों के बीच भ्रम फैलाने का काम कर रही है। उक्त बातें प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष कार्यालय में बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष महावीर सिंह चौधरी ने कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मईया योजना सरकार की बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है। भाजपा सहित अन्य सभी विपक्षी दल आदि के परिवार के महिलाएं भी इस योजना से लाभान्वित हो रहे है। इसलिए योजना संबंधित किसी भी तरह के भ्रम फैलाने से भाजपा नेताओं को बचने का काम करना चाहिए। उन्होंने योजना संबंधित अनाप शनाप बयानबाजी को लेकर भाजपा सहित विपक्षी नेताओं को दूर रहने की सलाह दिया। अवसर पर कांग्रेस नेता बनमाली झा, रितेश कुमार सहित अन्य शामिल थे।

## झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा ने किया सभा का आयोजन

दबंग हिंद संवाददाता

**बोकारो सिटी।** सेक्टर नाइन हटिया मोड में जिला अध्यक्ष मूर्तजा अंसारी के अध्यक्षता में झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा की ओर से सभा का आयोजन किया गया। सभा में पंचायत, प्रखंड, जिला व प्रदेश कमेटी के सैकड़ो महिला एवं पुरुष पदाधिकारियों ने भाग लिया। सभा का मुख्य उद्देश्य झारखंड सरकार को इस ओर ध्यान दिलाना था की झारखंड आंदोलनकारियों से किए गए वादे को पूरा करें। सरकार से आग्रह है कि आंदोलन के दौरान जेल में बंद किए गए सभी आंदोलनकारी को जल्द से जल्द सम्मानित किया जाए और उनकी मांगे पूरी की जाए नही तो फरवरी में डेरा डालो घेरा डालो, हड़िया बर्तन के साथ तमाम आंदोलनकारी सड़क पर उतरने का काम करेंगे। मौके पर रऊफ, डॉ हालदार, अमीन अंसारी, मोतीलाल, भुवनेश्वर महतो, सुधीर हरि, लतीफ अंसारी, सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## निर्यात को बढ़ावा देने के लिए जिला निर्यात संवर्धन समिति की बैठक सम्पन्न

दबंग हिंद संवाददाता

**बोकारो।** अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला निर्यात संवर्धन समिति की बैठक सम्पन्न हुई ।मौके पर महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र राजेंद्र प्रसाद, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे ।बैठक में निर्यात में आ रही समस्याओं पर चर्चा हुई स्थानीय उत्पादकों को आने वाली कठिनाइयों, बाजार में प्रतिस्पर्धा, और निर्यात नीतियों में आने वाली समस्याओं पर बात की गई। निर्यात को बढ़ावा देने के लिए नई रणनीतियाँ बनाई गई हैं, जैसे कि नए बाजारों की खोज, उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार, और निर्यात प्रक्रिया को आसान बनाना। बैठक मे सरकारी नीतियों और योजनाओं की समीक्षा हुई जिसमें केंद्र और राज्य सरकारों की निर्यात को बढ़ावा देने वाली नीतियों और योजनाओं की समीक्षा की गई है और इनका लाभ कैसे उठाया जाए, इस पर भी चर्चा गई ।बैठक के दौरान अग्रणी जिला प्रबंधक बैंक ऑफ इंडिया बोकारो के प्रतिनिधि, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड बोकारो के प्रतिनिधि, निर्देशक सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम संस्थान भारत सरकार के प्रतिनिधि, अध्यक्ष चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं इंडस्ट्री बोकारो के प्रतिनिधि, महाप्रबंधक बोकारो स्टील प्लांट के प्रतिनिधि सहित विभिन्न इंडस्ट्री के प्रतिनिधि एवं अन्य उपस्थित थे।

## पर्यावरण संरक्षण विषय पर रेलवे कॉलोनी में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

दबंग हिंद संवाददाता

**बोकारो।** पर्यावरण संरक्षण विषय पर रेलवे कॉलोनी में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें पर्यावरण संरक्षण गतिविधि बोकारो महानगर की ओर से महर्षि अरविंद नगर रेलवे कॉलोनी में आयोजित प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का प्रस्तुतीकरण देते हुए पर्यावरण को संरक्षित रखने का संकल्प लिया तीन वर्गों में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी से नवमी तक के प्रतिभागी ने भाग लिया। इस मौके पर बच्चों को पुरष्कृत कर उसका उत्साह वर्धन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एरिया रेलवे मैनेजर विनीत कुमार शामिल हुए प्रतिभागी बच्चों तथा अभिभावक समूह को संबोधित करते हुए कहा कि आज पर्यावरण संरक्षण गतिविधि पूरे विश्व में एक महत्वपूर्ण विषय है जिसका संरक्षण सभी को बचपन से ही करना चाहिए इस मौके पर पर्यावरण संरक्षित गतिविधि के प्रांत जनसंपर्क प्रमुख सुशील झा ने पर्यावरण संरक्षण विषय पर व्यवहार में एक छोटी बदलाव के साथ सभी को जल के खर्च रोकने सिंगल उसे प्लास्टिक से एक वृक्ष बनने बिजली के उपकरण को घर से निकलते समय बंद करने की जानकारी कार्यक्रम को पर्यावरण संरक्षण गतिविधि बोकारो महानगर द्वारा आयोजित स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

## युवक पर लाठी डंडे तथा चाकू से हमला चार अज्ञात हमलावरो ने दिया घटना को अंजाम

दबंग हिंद संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो शहर के पॉश इलाका कहे जाने वाले सेक्टर 4 के एलआईसी मोड पर चार युवकों ने मिलकर एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया. घटना में पहले युवक पर अज्ञात लोगों ने लाठी पत्थर से जमकर पिटाई की इसके बाद चाकू से मार कर बुरी तरह जख्मी कर दिया. देखते देखते सैकड़ो की संख्या में लोगों का भीड़ जुट गई.सूचना मिलते ही मौके पर सेक्टर 4 थाना की पुलिस तुरंत पहुंची . थाना को देखते ही अज्ञात लोग जो लाठी डंडे व चाकू से मार कर रहे थे वह फरार हो गए. जख्मी व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए पुलिस ने बोकारो जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है.बताते चले की शाम के वक्त करीब 6:15 के बीच की घटना है, जब सिटी सेंटर मे हजारों लोग जमा थे, उसी वक्त हमलावरो ने युवक पर हमला कर दिया. घटना का कारण स्पष्ट नही हो सका है, पुलिस मामले की जांच शुरू कर दिया है.पुलिस ने मौके से दो बाइक बरामद भी बरामद किया है तथा आसपास मे लगाए गए सीसीटीवी कैमरे को पुलिस ने खंगालने का काम शुरू किया है. उसी के सहारे हमलावरो तक पहुँचने की कोशिश शुरू कर दी है।

## बच्ची को गोद मे लेकर महिला ने तालाब मे लगाई छलांग, बच्ची की हुई मौत

दबंग हिंद संवाददाता

**चास।** रविवार सुबह एक महिला ने आत्महत्या की नियत से अपनी एक बच्ची के साथ बालीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बनसिमली गांव स्थित तालाब में छलांग लगा दी. इस दौरान तालाब में स्नान कर रहे ग्रामीणों ने मां और बच्ची को तालाब के गहरे पानी से बाहर निकाला. बालीडीह थाना को सूचना दी. बालीडीह पुलिस के द्वारा दोनों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया. जहां डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया. जबकि महिला लक्ष्मी उर्फ राजबाला देवी को बेहतर इलाज के लिए बीजीएच ले जाया गया. पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार महिला रिहायशी इलाका को ऑपरेटिव कॉलोनी की रहने वाली है. पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# समाज के प्रति जिम्मेवारी पूरा करना कर्तव्य : प्रधान जिला जज

## न्यायाधीश ने अनुसंधानकताओं को सिखाये अनुसंधान के गुर

**दबंग हिंद संवाददाता**

**धनबाद।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश पर पुलिस पदाधिकारियों के लिए आयोजित एक दिवसीय जिला स्तरीय कैपिसिटी बिल्डिंग सह जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन सिविल कोर्ट धनबाद में धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार सिंह, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला, एसएसपी एचपी जनार्दनन, बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष धनेश्वर महतो, बार एसोसिएशन के महासचिव जीतेंद्र कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। न्यायाधीश श्री तिवारी ने कहा कि समाज के प्रति हम सब की जिम्मेवारी है, जिसे समय पर पूरा करना हमारा कर्तव्य है। अनुसंधानकताओं को संबोधित करते हुए न्यायाधीश ने कहा कि सड़क दुर्घटना में समय पर कागजात



कोर्ट में जमा नहीं करने के कारण मृतकों के परिजनों को मुआवजा नहीं मिल पाता है। इस विषय पर पुलिस पदाधिकारियों को संदेश देते हुए जिला जज ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने अपने आदेश मे स्पष्ट कहा है कि सड़क दुर्घटना के मामले में किसी भी हालत में 30 दिन के अंदर दुर्घटना सूचना रिपोर्ट कोर्ट को भेज देनी है, अन्यथा थाने के भार साधक अधिकारी पर कार्रवाई हो सकती है। उन्होंने कहा कि यदि समय पर पुलिस ऐसा कर दे, तो मृतक के परिजनों को तमाम मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ेगा। यह समाज के प्रति हमारा कर्तव्य है। एसएसपी श्री जनार्दनन ने कहा कि पुलिस के पास अत्यधिक कार्य का बोझ होता है, जिसके कारण भी कई बार अनुसंधान में कई तरह की त्रुटियां रह जाती हैं, जिसका फायदा अभियुक्त ले जाते हैं। इसलिए यह कार्यशाला हमारे अनुसंधान कताओं को अनुसंधान में काफी मदद करेगी। महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों और उससे संबंधित कानून की जानकारी देते हुए न्यायाधीश संजय कुमार सिंह ने कहा कि दुष्कर्म पीड़ितों की गरिमा बनाये रखने में न्यायपालिका सहित आप सबों का अहम रोल है। नये आपराधिक कानून के संबंध में कार्यशाला को संबोधित करते हुए, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अरणेश व ऐनटिल के मामले में पारित निर्णय का पुलिस कठोरता से पालन करे अब किसी भी व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में भेजने के लिए, कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत करने के समय उस व्यक्ति के विरुद्ध उसके अपराध में शामिल होने के पुख्ता साक्ष्य भी पेश करना होगा, अन्यथा उस व्यक्ति को जेल नहीं भेजा जाएगा। लोक अभियोजक धनबाद अवधेश कुमार ने एनडीपीएस एक्ट में पुलिस पदाधिकारीयों को अनुसंधान करने के तरीके के विषय में बताया। अधिवक्ता सिराज ने लोगों को सावधानीपूर्वक सड़क पर गाड़ी चलाने की सलाह दी और कहा कि असावधानी के कारण ही आये दिन दुर्घटना हो रही है। कार्यशाला के विषय में जानकारी देते हुए डालसा सचिव सह अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने पोक्सो एक्ट से संबंधित पीड़ित से संबंधित कानून व उसके पुनर्वास से संबंधित कानून, योजना तथा कुमार विमलेंदु ने पोक्सो एक्ट से संबंधित कानून के विषय में बताया। डालसा सचिव ने बताया कि कार्यशाला में तमाम न्यायिक पदाधिकारी, बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष, महासचिव जितेंद्र कुमार, लोक अभियोजक अवधेश कुमार, अपर एवं सहायक लोक अभियोजक, विभिन्न थानों के पदाधिकारी, पारा लीगल वालंटियर, डालसा के पैनल अधिवक्ता, एलएडीसीएस के चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक कन्हैयालाल ठाकुर, नीरज गोयल, शैलेन्द्र झा, सुमन पाठक, स्वाति, मुस्कान समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# केंद्रीय विद्यालय ने मनाया स्थापना दिवस

**दबंग हिंद संवाददाता**

**मैथन।** केंद्रीय विद्यालय संगठन का 62वां स्थापना दिवस विद्यालय प्रांगण में रविवार को मनाया गया। मौके पर केंद्रीय विद्यालय मैथन प्रांगण में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने सुंदर नृत्य- संगीत से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्रों ने अपने अनुभव एवं यादों को साझा किया एवं केंद्रीय विद्यालय के क्लास रूम में बैठकर बिताए गये दिनों को याद किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीवीसी मध्य विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य संजय कुमार संगम ने कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि इस



तरह के कार्यक्रम आयोजित करने से छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ता है तथा उनकी प्रतिभा का पता चलता है। मौके पर केंद्रीय विद्यालय मैथन के प्रभारी प्राचार्य प्रवीण कुमार माथुर के अलावा अनिरुद्ध पाठक सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अरिंदम सेनगुप्ता ने किया। केंद्रीय विद्यालय के शिक्षक शशि कुमार ने अपने यादों को साझा करते हुए बताया कि वे केंद्रीय विद्यालय मैथन के ही छात्र रहे हैं। यही से पढ़-लिख कर आज पुनः इसी विद्यालय में कंप्यूटर साइंस का शिक्षक हैं।

# जेल अदालत से दो बंदी रिहा, बंदियों की स्वास्थ्य जांच

**दबंग हिंद संवाददाता**

**धनबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में रविवार को धनबाद जेल में जेल अदालत व मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अवर न्यायाधीश ऐंजोलिना जॉन व प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी ऋषि कुमार ने मुकदमो की सुनवाई कर ऑनस्पाट फैसला सुनाया। प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने बताया कि जेल अदालत मे निपटारे के लिए 6 केस चिन्हित किये गये थे, जिसमें से दो मुकदमे का निष्पादन कर बंदी आशीष मांझी व आशीष कुमार को मुक्त करने का



आदेश दिया गया। डॉक्टर राजीव कुमार के नेतृत्व में सात सदस्यीय मेडिकल टीम ने बंदियों के स्वास्थ्य की जांच की। दूसरी ओर न्यायिक पदाधिकारी व लीगल एड डिफेंस काउंसिल की टीम द्वारा बंदियों को विभिन्न कानूनो की जानकारी विधिक जागरूकता शिविर के माध्यंम से दी गयी। मौके पर एलएडीसीएस के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक कन्हैया लाल ठाकुर, नीरज गोयल, शैलेन्द्र झा, कारा अधीक्षक, डालसा सहायक, अरुण कुमार, राजेश सिंह आदि उपस्थित थे।

# जिला क्रॉस कंट्री रेस में 200 खिलाड़ी शामिल

**दबंग हिंद संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद जिला क्रॉस कंट्री रेस में 200 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिला रेफरी और अंपायर संगठन के सचिव सुनील मिश्रा ने झंडोत्तोलन कर रेस का उद्घाटन किया। रेस बालक- बालिका के14 वर्ष आयु वर्ग से प्रारंभ हुआ। बालक 14 वर्ष अरब कुमार प्रथम, विवेक कुमार द्वितीय, सौरव कुमार तृतीय, बालक 16 वर्ष अंकित कुमार राम प्रथम, बिट्टू कुमार यादव द्वितीय, सनी कुमार पंडित तृतीय, बालक 18 वर्ष राजू रजवार प्रथम, सागर कुमार महतो द्वितीय, छोटू कुमार तृतीय, बालक 20 वर्ष में अभिषेक हजारी प्रथम, संतोष कुमार यादव द्वितीय, सुमित कुमार महतो



तृतीय, पुरुष वर्ग में- रितिक कुमार रजवार प्रथम, विजय रवानी द्वितीय, सुमित यादव तृतीय, बालिका 14 वर्ष में श्रेया राज प्रथम, सलोनी कुमारी द्वितीय, अनन्या कुमारी तृतीय, बालिका 16 वर्ष में किरण कुमारी प्रथम, प्रियंका कुमारी द्वितीय, राधा कुमारी तृतीय, बालिका 18 वर्ष में मोनिका कुमारी प्रथम, तनु कुमारी द्वितीय, आशा कुमारी तृतीय, बालिका 20 वर्ष में रूबी कुमारी प्रथम, फाल्गुनी कुमारी द्वितीय, विद्या कुमारी तृतीय, महिला वर्ग में मिस्टी कुमारी प्रथम, स्वेता कुमारी द्वितीय, पूजा कुमारी तृतीय रही। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष श्रीमती किरण रानी नायक, कोषाध्यक्ष जुबैर आलम, तारकनाथ दास, सुनील मिश्रा, एसएन गुप्ता, अभिजीत पत्र, विनय शर्मा, जयराम भगत, अरविंद तिवारी, पीएन बनर्जी, पंकज कुमार, कृष्णपद महतो, मिथुन गोराईं, सुजेश ठाकुर, प्रदीप घोष, भूपेंद्र महतो, शेखर कुमार, प्रदीप कुमार, राजेश राम, फरीद, जेपी. तिवारी आदि ने रेस का संचालन किया। यह जानकारी जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव बंधन टोप्पो ने दी है।

# आयुष्मान कार्ड नामांकन शिविर का आयोजन



**दबंग हिंद संवाददाता**

**धनबाद।** मटकुरिया सेवा समिति द्वारा दुर्गा मंडप मटकुरिया में शिविर का आयोजन कर 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों के लिए आयुष्मान कार्ड हेतु नामांकन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि धनबाद विधायक राज सिन्हा ने फीता काट कर किया। मौके पर भाजपा के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे। भाजपा के संरक्षण में इस महत्वपूर्ण शिविर के आयोजन की वृद्धजनों ने काफी सराहना की। सत्तर वर्षीय समाजसेवी व वरिष्ठ पत्रकार अनिल पांडे ने विधायक राज सिन्हा से अनुरोध किया कि यदि संभव हो, तो अपने आवासीय कार्यालय में आयुष्मान कार्ड के नामांकन हेतु व्यवस्था करें। इससे बुजुर्गों को काफी सहूलियत होगी।

# झामुमो गोविंदपुर प्रखंड कमेटी ने किया स्वागत समारोह

**दबंग हिंद संवाददाता**

**धनबाद।** झारखंड मुक्ति मोर्चा गोबिंदपुर प्रखंड कमिटी द्वारा रतनपुरा देसी रसोई के सामने स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता गोविंदपुर प्रखंड अध्यक्ष अताउल्लाह अंसारी और संचालन गोबिंदपुर प्रखंड सचिव पारस हंसदा द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में नवनिर्वाचित टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो एवं सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो उर्फ बबलू महतो तथा विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष लखी सोरेन एवं जिला सचिव मन्नू आलम तथा कार्यक्रम में मुख्य रूप से झामुमो केंद्रीय सदस्य अलाउद्दीन अंसारी, जिला उपाध्यक्ष



मुकेश सिंह, जिला परिषद सदस्या सह जेएमएम नेत्री लक्ष्मी मुर्मू, पूर्व 20 सूत्री समिति सदस्य अख़्तर हुसैन अंसारी, वरिष्ठ नेता मोबिन अंसारी, प्रखंड उपाध्यक्ष निर्मल कुमार मंडल, प्रखंड उपाध्यक्ष मिहिर गोप, प्रखंड उपाध्यक्ष फिरोज अंसारी, उपाध्यक्ष मोकिम अंसारी, कोषाध्यक्ष फारूक अंसारी, इमरान अंसारी, शमशेर अंसारी, मुबारक अंसारी, बोदीलाल सोरेन, असगर अंसारी, सिद्दकी अंसारी, कुद्दूस अंसारी, बबलू दास, टुंडी प्रखंड अध्यक्ष गिरिलाल किस्कू, कुर्बान अंसारी, निर्मल दास, उमेश दास, किशन महतो, रतनपुरा मुखिया मिहिर मंडल आदि उपस्थित थे।

# चार शातिर साईबर अपराधी गिरफ्तार

## 7 मोबाइल, 9 सिमकार्ड और 1 बाईक बरामद

**दबंग हिंद संवाददाता**

**गिरिडीह।** बैंक ऑफ इण्डिया का फर्जी अधिकारी बनकर और व्हाट्सएप पर केवाईसी अपडेट करने और गर्भवती महिलाओं के मोबाइल नंबर पर मातृत्व राशि का लाभ दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले चार शातिर साइबर अपराधियों को गिरिडीह पुलिस ने ताराटांड़ थाना क्षेत्र के बड़कीटांड़ के समीप से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के पहरमा निवासी विकास मंडल, संदीप राय, सुधीर पंडित और अजय राय शामिल हैं। इन अपराधियों के पास से पुलिस ने 7 मोबाइल फोन, 9 सिमकार्ड, 1 बाईक बरामद की है।।उक्त जानकारी गिरिडीह के एसपी डॉ. विमल कुमार ने प्रेसवार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि गिरिडीह के ताराटांड़ थाना क्षेत्र के ग्राम-



बड़कीटांड़ स्थित गिरिडीह-दुण्डी मुख्य सड़क के किनारे उसरी नदी के पास कुछ साइबर अपराधी अपराध कर रहे हैं। उपरोक्त सूचना के आधार पर साइबर डीएसपी आबिद खान के नेतृत्व में पुलिस निरीक्षक विजय कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक पुनित कुमार गौतम, गुंजन कुमार, सहायक अवर निरीक्षक संजय मुखियार, कमाल अख्तर खां, कृष्ण कुमार सिंह एवं पुलिस लाईन से प्राप्त सशस्त्र बल के सहयोग से छापामारी करते हुए कुल 4 साइबर अपराधियों को उसरी नदी के पास से गिरफ्तार किया गया। इस संदर्भ में साइबर थाना कांड संख्या 43/2024 दर्ज किया गया है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि ये सभी बैंक ऑफ इण्डिया के अधिकारी बन कर आम लोगों के व्हाट्सएप पर केवाईसी अपडेट करने से संबंधित एपलीकेशन फाइल भेज कर उनसे खाते की निजी जानकारी प्राप्त कर ठगी करते थे। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं के मोबाइल नंबर पर कॉल कर उन्हें मातृत्व लाभ दिलाने का झांसा देकर उनके साथ ठगी करते थे।

# बीआईटी सिंदरी में राज्य स्तरीय आइडिया पिचिंग प्रतियोगिता

**दबंग हिंद संवाददाता**

**सिंदरी।** झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी, रांची द्वारा आयोजित और बीआईटी सिंदरी की मेजबानी में आईआईसी 7.0 के तहत आइडिया पिचिंग प्रतियोगिता के राज्य स्तरीय सेमीफाइनल राउंड का दूसरा और अंतिम दिन उत्साह, रचनात्मकता और नवाचार के साथ संपन्न हुआ। दिन की शुरूआत आईआईसी 7.0, बीआईटी सिंदरी के अध्यक्ष प्रो. प्रकाश कुमार के प्रेरक संबोधन से हुई। उन्होंने नवोन्मेषी विचारों को सफल स्टार्टअप में बदलने पर ज्ञानवर्धक सत्र दिया। उन्होंने आज के प्रतिस्पर्धी बाजार में स्टार्टअप की स्थिरता के लिए आवश्यक कारकों के रूप में बाजार की व्यवहार्यता को समझने, लक्षित दर्शकों की पहचान करने और विचारों की व्यावहारिक प्रयोज्यता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इसके बा, आईआईसी 7.0, बीआईटी सिंदरी के संयोजक डॉ. राहुल कुमार ने प्रतिभागियों को आलोचनात्मक और रचनात्मक तरीके से सोचने के लिए प्रोत्साहित किया, वास्तविक दुनिया की समस्याओं को



हल करने में नवाचार के महत्व पर जोर दिया। आईआईटी-आईएसएम धनबाद के टेक्समिन हब के सीईओ सूरज प्रकाश ने स्टार्टअप्स के सामने आने वाली चुनौतियों पर काबू पाने के लिए बहुमूल्य मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में सम्मानित निर्णायक करण राज मेहता, संस्थापक, मिलो डॉक्टर और पूर्व छात्र, बीआईटी सिंदरी, सूरज प्रकाश, सीईओ, टेक्समिन हब, आईआईटी-आईएसएम, धनबाद राजेन दासगुप्ता, इनोवेशन मैनेजर, टेक्समिन हब, आईआईटी (आईएसएम), धनबाद का स्वागत किया गया।

दूसरे दिन कई अभूतपूर्व और अभिनव विचारों की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम का समापन निर्णायकों द्वारा सभी प्रतिभागियों को बहुमूल्य प्रतिक्रिया और रचनात्मक सुझाव देने के साथ हुआ। प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण यह घोषणा थी कि चयनित टीमें 21 दिसंबर, को अंतिम दौर के दौरान झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, रांची में अपने अभिनव विचार प्रस्तुत करेंगे। दो दिवसीय कार्यक्रम ने झारखंड भर में 105 टीमों को अपने अभिनव समाधान पेश करने के लिए सफलतापूर्वक एक मंच प्रदान किया। इसके साथ ही, आईआईसी 7.0 के तहत आइडिया पिचिंग प्रतियोगिता का सेमीफाइनल राउंड सफलतापूर्वक समाप्त हो गया, जो नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने में बीआईटी सिंदरी के लिए एक और महत्वपूर्ण निर्णायक बिंदु साबित हुआ।

## विक्षिप्त युवक ने की आत्महत्या

**दबंग हिंद संवाददाता**

**जोड़ापोखर।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के नुनीकडीह 7 नंबर में रविवार को आत्महत्या का मामला सामने आया है। मृतक महेंद्र पंडित के 25 वर्षीय मानसिक विक्षिप्त पुत्र सूरज पंडित अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृत युवक अविवाहित था तथा तीन भाइयों में सबसे छोटा था। सूरज पिछले कई माह से मानसिक विक्षिप्त था। उसका इलाज कराया जा रहा था। शुक्रवार को वह मुहल्ले के एक लड़का के साथ अभद्रता से मारपीट करने लगा, तभी उसके पिता और दोनो भाई विजय पंडित तथा चंदन पंडित ने सूरज की हरकतों से परेशान होकर उसको पकड़कर एक कमरा में बंद कर दिया। आज दोपहर में भाई चंदन जब खाना लेकर उसके कमरा में गया, तो सूरज को फांसी के फंदे में कुर्सी के सहारे छत से लटका पाया। इस दौरान निवर्तमान पार्षद जय कुमार ने पहुंचकर स्वजन को सहयोग करते हुए सांत्वना दिया।

# पति पर लगाया दूसरी शादी करने का आरोप

**दबंग हिंद संवाददाता**

**जोड़ापोखर।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के जियलगोरा पोस्ट ऑफिस के निकट रहनेवाले दलित समुदाय के दिलीप राय की बालिग पुत्री तारा कुमारी ने पड़ोसी युवक जितेंद्र सिंह पर आठ वर्षों तक यौन शोषण कर शादी करने के बाद साथ रखने से इंकार करने तथा दूसरी शादी करने की तैयारी करने का आरोप लगाते हुए शनिवार की रात में जोड़ापोखर पुलिस से लिखित शिकायत कर न्याय की मांग की है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़िता को महिला थाना धनबाद भेज दिया। 28 वर्षीय पीड़िता तारा कुमारी ने शिकायत में कहा है कि पड़ोस के रहने वाले युवक जितेंद्र कुमार सिंह के साथ पिछले 8 वर्षों से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस दौरान जितेंद्र द्वारा उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध भी बनाया गया। तारा ने कहा कि पिछले साल उसके द्वारा दबाव बनाने के बाद जितेंद्र ने उसके साथ भोजूडीह स्थित भैरव मंदिर में शादी की है। अब वह परिजनों के दबाव में उसे अपनी पत्नी मानने से इनकार करते हुए दूसरी शादी करने की तैयारी कर ली है। दूसरी शादी करने की जानकारी मिलने के बाद पीड़िता तारा द्वारा जितेंद्र के घर पर हंगामा करने के बाद जितेंद्र के परिजन तारा के साथ मारपीट करने पर उतारू हो गये। अंततः तारा ने जोड़ापोखर थाना प्रभारी से मिलकर न्याय की गुहार लगायी है। मामले की गंभीरता को देखकर युवक जितेंद्र घर छोड़ कर फरार हो गया। थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा ने मामले को महिला थाना धनबाद में स्थानांतरित कर दिया है।



# एक नजर

## विधायक को कराया वार्ड 21 की समस्याओं से अवगत



**दबंग हिंद संवाददाता**

**धनबाद।** भाजपा बरटाड़ मंडल के मीडिया प्रभारी बृजनंदन शर्मा ने धनबाद विधायक राज सिन्हा के आवासीय कार्यालय में उनसे मुलाकात कर वार्ड नंबर इक्कीस के लाहबनी, धैया वासियों की समस्याओं से अवगत कराया और उसके निदान के लिए आग्रह किया। विधायक श्री सिन्हा ने इस विषय पर जल्द से जल्द उचित उपाय करने का आश्वासन देते हुए कहा कि वे हमेशा आम लोगों के लिए खड़ा रहे हैं और आगे भी रहेंगे। उन्होंने कहा कि वहां के लोगों का प्यार उन्हें हमेशा मिलता रहा है। धनबाद की जनता ने जिस विश्वास और प्यार से उनको पुनः जीत दिलाई है, उनकी समस्याओं का निदान करने का वे हर संभव प्रयास करेंगे और लोगों के बीच सदैव उपलब्ध रहेंगे।

## बाघमारा में लाखों की चोरी

**दबंग हिंद संवाददाता**

**धनबाद।** बाघमारा थाना क्षेत्र स्थित ई- कार्ड डिलीवरी ऑफिस का शटर तोड़कर बीती रात चोरों ने लगभग 10 लाख रूपए की संपति चोरी कर ली। पुलिस ने जंगल से चोरी की गयी तिजोरी सहित अन्य सामान बरामद काये हैं। घटना की पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। फिलहाल किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है।

## आयुष्मान कार्ड धारी का इलाज सभी अस्पताल में हो : ब्रजेंद्र सिंह

**दबंग हिंद संवाददाता**

**धनबाद।** जिला बीस सूत्री के उपाध्यक्ष सह अखिल भारतीय कांग्रेस के सदस्य ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने धनबाद उपायुक्त से कहा है कि जिले के साथ पूरे झारखंड में ऐसी शिकायतें मिल रही हैं कि कई अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड धारी मरीजों के अस्पताल में भर्ती होने के बाद उनसे पैसे की मांग की जाती है और मरीजों के साथ दुर्व्यवहार की भी सूचना मिली है। उन्होंने कहा है कि सरकार इस पर कड़ी कार्रवाई करे, क्योंकि अस्पतालों को सरकार द्वारा पैसे का भुगतान भी किया जाता है। ऐसी स्थिति में निजी अस्पतालों के संचालकों द्वारा आयुष्मान कार्ड धारी या 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को हर अस्पताल में इलाज ठीक से हो और किसी तरह का संचालकों द्वारा आनाकानी नहीं की जाये। श्री सिंह ने उपायुक्त माधवी मिश्रा से आग्रह किया है कि वैसे अस्पतालों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाये तथा उनको उस परिधि से निकाल दिया जाये।

## ई-रिक्शा पलटने से मासूम की मौत

**दबंग हिंद संवाददाता**

**गिरिडीह।** पचंबा थाना इलाके के परसाटांड में आज सुबह ई-रिक्शा पलटने से मासूम की मौत हो गयी। बताया गया कि पचंबा थाना इलाके के तिवारीडीह गांव निवासी प्रभात दास अपने परिवार के साथ ई-रिक्शा से जमुआ जा रहे थे कि तभी अचानक परसाटांड़ में ई-रिक्शा चालक का संतुलन बिगड़ गया जिससे ई रिक्शा पलट गया। परिजनों के अनुसार, चालक सिर्फ एक हाथ से काफी तेज गति से ई-रिक्शा चला रहा था, जिससे यह हादसा हुआ। घटना के बाद पिता ने तुरंत बच्ची को गोद में उठाया और आनन फानन में उसे लेकर वे सदर अस्पताल पहुंचे, लेकिन तबतक बच्ची की मौत हो चुकी थी।

## मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**दबंग हिंद संवाददाता**

**भौंरा।** भौंरा पुलिस ने रविवार को भौंरा ट्रेकर स्टैंड स्थित कुट्टी दुकान में छापामारी कर मोहन यादव को गिरफ्तार कर लिया। ज्ञात हो विगत 4 जून 24 को भौंरा न्यू क्वार्टर हनुमान मंदिर के समीप कांग्रेस नेता कालीचरण यादव पर आपराधियों ने जानलेवा हमला कर गंभीर रूप घायल कर दिया था। घटना बाद भौंरा में तनाव फैल गया था। कालीचरण के समर्थकों ने जोड़ापोखर के सत्यम रवानी को पकड़ कर जमकर पिटाई कर दी थी। पुलिस ने किसी तरह सत्यम को भीड़ के चंगुल से छुड़ाया। बाद में उसे जेल भेज दिया। उक्त कांड में भौंरा ओपी में मोहन यादव सहित करीब 20 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया था। कांड दर्ज होने के बाद एक को छोड़ सभी आरोपी फरार चल रहे हैं।

## युवा उत्सव में स्कॉलर बीएड कॉलेज ने लहराया परचम

**दबंग हिंद संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिला स्तरीय युवा उत्सव- 2024 में स्कॉलर बीएड कॉलेज के प्रशिक्षुओं ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। युवा उत्सव में आयोजित सभी 11 प्रतियोगिताओं में स्कॉलर बीएड के प्रशिशुओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा के दम पर अव्वल रहे। प्रशिक्षुओं की जीत से महाविद्यालय में खुशी का माहौल है। प्रतिभागियों ने गीत गाकर एवं नृत्य कर एक-दूसरे को बधाई दी। विजेता प्रतिभागियों का अभिनंदन कॉलेज में प्राचार्य डॉ शालिनी खोवाला के नेतृत्व में किया गया। बता दें कि युवा उत्सव प्रतियोगिता के सामूहिक लोकनृत्य में काजल कुमारी के नेतृत्व में उषा, प्रिया सिन्हा, उमा कुमारी मुर्मू, शीतला हेम्ब्रम, अरुण कुमार टुडु, अजय मरांडी, मुन्ना सोरेन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सामूहिक लोकगीत में मनीता मुर्मू के नेतृत्व में शिल्पा, मनीषा कुमारी, सोनम कुमारी एवं विशाल भारती ने प्रथम स्थान तथा मुन्ना किस्कू के नेतृत्व में मीना बेसरा, पाल्टन बास्की, सोल्जर मरांडी, ऋचा मिश्रा, मुस्कान कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एकल लोकनृत्य प्रतियोगिता में सुनंदिनी कुमारी प्रथम, निकिता कुमारी द्वितीय एवं आसमां परवीन ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कॉलेज को गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता के तीनों पुरस्कार पर कॉलेज के प्रतिभागियों ने कब्जा जमाया।

## टाटा डीएवी में शिक्षक-अभिभावक सभा का आयोजन

**दबंग हिंद संवाददाता**

**जोड़ापोखर।** टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा में 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के अभिभावक और शिक्षकों के बीच केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा में बच्चों के अच्छे परीक्षा परिणाम आने को लेकर सभा आयोजित की गयी। सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य अनुज कुमार मिश्रा ने विद्यालय द्वारा छात्रों के स्वर्णिम भविष्य के लिए किये गये प्रयासों की चर्चा की। बिना रुकावट अनवरत कक्षा, शून्य काल में आयोजित कक्षा, अतिरिक्त 1 बजे से 2 बजे तक चलने वाली कक्षा, सोमवार को होने वाली साप्ताहिक परीक्षा, शिक्षक द्वारा छात्रों के व्यक्तिगत शंका समाधान, सजाविहीन व्यवहार, प्यार और केयर तथा उच्च मूल्य आदि के विषय में विद्यालय द्वारा किये गये प्रयासों से अभिभावकों को अवगत कराया गया। आगामी 16 दिसंबर से 20 जनवरी तक के लिए विद्यालय ने जो व्यवस्था बनायी है, इसकी जानकारी अभिभावकों को दी गयी। इसमें आवश्यकता के अनुरूप कक्षाओं का वर्गीकरण, अतिरिक्त कक्षा, बच्चों की उपस्थिति, तीन भाग में कक्षा की व्यवस्था आदि विषय पर बात की गयी। प्राचार्य ने कहा कि बच्चों के बेहतर भविष्य निर्माण में शिक्षक व अभिभावकों का सहयोग अपेक्षित है।

## कपड़ा दान अभियान का आयोजन

**दबंग हिंद संवाददाता**

**सिंदरी।** बीआईटी सिंदरी के रोटारैक्ट क्लब ने सर्दियों के दौरान वंचित समुदायों का समर्थन करने के अपने निरंतर प्रयासों के तहत आज कपड़ा दान अभियान का आयोजन किया। यह अभियान रोहराबांध के लायंस पब्लिक स्कूल के बगल के क्षेत्र, आरएल कॉलोनी रोहराबांध और सेवन लेक के पास के क्षेत्र सहित रोहराबांध के विभिन्न इलाकों में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को गर्मी और आराम प्रदान करना था। कार्यक्रम रोटरी सिंदरी के सचिव रंजीत और क्लब के प्रभारी प्रोफेसर एससी दत्ता के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया था। तुषित, सनित्य, सत्यम, सार्थक, मृदुला, भास्कर, दैविक, वर्षा, श्वेता, सुमन, निभा, खुशवंत, सिद्धांत, शोभित, मनीष, करण, सुजल, बबन और सिप्टन सहित क्लब के सदस्यों ने लाभार्थियों को कपड़े वितरित कर सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अभियान से कई वंचित परिवारों को राहत मिली, जो अक्सर सर्दियों के महीनों में गंभीर चुनौतियों का सामना करते हैं। इसने न केवल आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराये गये, बल्कि करुणा और एकजुटता का संदेश भी फैलाया गया। लाभार्थियों की मुस्कुराहट और कृतज्ञता इस पहल के प्रभाव का प्रमाण थी। बीआईटी सिंदरी का रोटरैक्ट क्लब सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देने और समुदाय पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए प्रतिबद्ध है। क्लब भविष्य में जरूरतमंद लोगों के उत्थान और समर्थन के लिए इस तरह के और अधिक कार्यक्रम आयोजित करने की उम्मीद करता है।

# पप्पू यादव का नीतीश को ऑफर, साथ आएं

## पूर्णिया सांसद बोले- बिहार में लीड करे कांग्रेस, सरकार बनी तो प्राइवेट सेक्टर में भी आरक्षण देंगे

**पूर्णिया।** सांसद पप्पू यादव ने रविवार को कहा कि 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस बड़े भाई की भूमिका निभाए। चुनाव कांग्रेस के नेतृत्व में लड़ा जाना चाहिए। बिहार में क्षेत्रीय पार्टियों को हरियाणा और महाराष्ट्र से सीख लेनी चाहिए। पप्पू यादव ने कहा कि मेरी इच्छा है कि सीएम नीतीश कुमार भी साथ आएं, लेकिन गठबंधन में किनको शामिल किया जाए, इसे राहुल गांधी खुद तय करें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनी तो प्राइवेट सेक्टर में आरक्षण का प्रावधान किया जाएगा। पूर्णिया स्थित अर्जुन भवन में आयोजित पीसी में पप्पू यादव ने कहा कि नरेंद्र मोदी के खिलाफ अगर किसी में लड़ने की ताकत है तो वो राहुल और प्रियंका गांधी हैं। इसलिए बिहार में गठबंधन का नेतृत्व कांग्रेस करें। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस बिहार में नए साल में 15 जनवरी के बाद से अपने संगठन का विस्तार करने के साथ मजबूत करेगी। कांग्रेस नेतृत्व पार्टी पर पूरी तरह ध्यान केंद्रित करेगी। वहीं, पेपर लीक पर बोलते हुए पप्पू यादव ने कहा कि बिहार में पेपर लीक एक पर्याय बन गया है। अगर इसे रोकना है तो बिहार में कांग्रेस के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार जरूरी है। पप्पू यादव ने कहा कि आने वाले 2025 का चुनाव गठबंधन के तहत ही होगा। मेरा मानना है कि यदि बिहार को एक मजबूत सरकार देना चाहते हैं तो हरियाणा और महाराष्ट्र से सीख लेनी चाहिए। हरियाणा में आम आदमी और कुछ छोटे पार्टी की जिद के कारण 11 हजार 672 वोट से हम 9 सीट हारे। जबकि हमारी सरकार 6 सीट पर बन रही थी। महाराष्ट्र में भी हम लोग अपनी जिद पर कायम रहे। पूर्णिया सांसद ने कहा कि हम लोगों के सामने अब बिहार का चुनाव प्राथमिकता है। हम चाहेंगे कि गठबंधन हो, मुख्यमंत्री कोई भी हो, ये हमारे लिए मतलब नहीं है। ये दिल्ली में कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को तय करना है।



हम सभी जाति और युवाओं का वोट लेना चाहते हैं। राहुल गांधी किसानों से लेकर युवाओं, रोजगार तक के जुड़े सवालों पर जवाब देते हैं। कोई सोलजर है तो वो राहुल गांधी हैं। वो सदन से लेकर सड़कों तक लड़ते हैं। सबसे पहले छात्रों के लिए काम करेंगे बिहार में कांग्रेस के नेतृत्व में सरकार बनती है तो राहुल गांधी की पहली प्राथमिकता छात्र-छात्राएं रहेंगे। बिहार और देश में छात्रों पर जुल्म हो रहे हैं। मैं लगातार सदन में ये मामला उठा रहा हूं। उन्होंने कहा कि यूपीएससी, बीपीएससी पेपर लीक से लेकर सभी मामले सबसे पहले देखेंगे। नालंदा शहर जुर्म का केंद्र बन गया है। जितने पेपर लीक हो रहे, उसमें नालंदा केंद्र बिंदु है। दो दिन पहले भी बच्चों को क्वेश्चन पेपर नहीं दिए गए, ताला लगा दिया। जिन्हें माफिया ने सेंटर भेजा, टीचर की भूमिका निभाई, उसी को आंसर लिखाया गया। पढ़ने वाले बच्चे वंचित रह गए। लगातार पेपर लीक और बच्चों पर जुर्म के खिलाफ आवाज उठाएंगे। तेजस्वी की माई-बहिन मान योजना पर दी प्रतिक्रिया तेजस्वी यादव की 'माई-बहिन मान योजना' को लेकर पप्पू यादव ने कहा कि ये योजना महागठबंधन के तहत झारखंड में चल रही है। यही योजना कांग्रेस के नेतृत्व वाली कर्नाटक में चल ही रही है। पप्पू यादव ने कहा कि राहुल गांधी जिन मुद्दों को लोकसभा में उठाते रहे हैं, वही मुद्दा मेरा भी है। हमारी सरकार बनेगी तो हम प्राइवेट नौकरी में आरक्षण का प्रावधान करेंगे। सभी तरह की ठेकेदारी में 40 फीसदी बेरोजगार यूथ के लिए 10 लाख रुपए तक के ठेके को आरक्षित करेंगे। बोले- किसी भी कीमत पर 80 फीसदी बिहारियों को देनी ही होगी नौकरी पप्पू यादव ने कहा कि कल यानी सोमवार को सदन में मैं डोमिसाइल मुद्दे को उठाउंगा। अगर सभी प्रदेशों को अधिकार है कि डोमेसाइल लागू कर अपने प्रदेश के बच्चों के लिए रोजगार को सुरक्षित करना, तो पप्पू यादव का पहला दायित्व डोमिसाइल को लागू करना है। एक बीघा से नीचे कट्ठे में जिसकी जमीन है, उस बीपीएल परिवार को एक महीने का राशन और जलावन 30 से 31 तारीख तक उसके घर पहुंच जाएगा। ऐसा ओडिशा में पूर्व की बीजू जनता दल की सरकार में होता था। हमारी सरकार बनने के बाद ऐसा ही होगा। छात्रवृत्ति और स्कॉलरशिप दोबारा शुरू किया जाएगा पप्पू यादव ने कहा कि इंटर तक छात्रों को छात्रवृत्ति और स्कॉलरशिप जो बंद हो गई है।

### मुख्यमंत्री कोई भी हो, नेतृत्व कांग्रेस का हो

**पूर्णिया सांसद ने कहा कि हम लोगों के सामने अब बिहार का चुनाव प्राथमिकता है। हम चाहेंगे कि गठबंधन हो, मुख्यमंत्री कोई भी हो, ये हमारे लिए मतलब नहीं है। ये दिल्ली में कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को तय करना है। हम सभी जाति और युवाओं का वोट लेना चाहते हैं। राहुल गांधी किसानों से लेकर युवाओं, रोजगार तक के जुड़े सवालों पर जवाब देते हैं। कोई सोलजर है तो वो राहुल गांधी हैं। वो सदन से लेकर सड़कों तक लड़ते हैं।**

## मछली पार्टी के दौरान चली गोली, युवक की मौत

**मधुबनी।** के रहिका थाना क्षेत्र में शनिवार की देर रात को मारर गांव में मछली पार्टी के दौरान अचानक हुई फायरिंग में घायल एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान रहिका थाना क्षेत्र के मारर गांव निवासी भोगेंद्र पासवान के बेटे अजीत कुमार(18) के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही राजनगर थाना पुलिस टीम अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच में जुट गई। वहीं गोलीबारी की घटना शहर मुख्यालय से पास होने को लेकर नगर थाना की टीम थाना पुलिस की टीम के साथ घटनास्थल



पर पहुंचकर जांच में जुट गई। गोलीबारी की घटना की जानकारी मिलते ही खुद खजौली डीएसपी सदर अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी ली। आरोपी से पूछताछ कर रही पुलिस खजौली डीएसपी मनोज राम ने बताया कि घर पर अवैध हथियार के साथ दो तीन दोस्त मिलकर मछली की पार्टी कर रहे थे।

## लोन रिकवरी एजेंट से परेशान शख्स ने किया सुसाइड

**कटिहार।** के रहने वाला संजीव ठाकुर (32) ने हरियाणा में सुसाइड किया है। वह लोन रिकवरी एजेंट के टॉर्चर से परेशान था। बताया जा रहा है कि रिकवरी एजेंट लगातार फोन पर किस्त को लेकर धमकी देता था। संजीव में सुसाइड का लाइव वीडियो भी बनाया, जो रविवार को सामने आया है। मृतक ने कनदरपैली गांव में 4 नॉन बैंकिंग ग्रुप से 7 लाख का लोन लिया था। हरियाणा में युवक करता था मजदूरी मृतक की पत्नी किरण देवी ने बताया कि संजीव हरियाणा के जिंद में रहकर मजदूरी करता था। कभी बच्ची की बीमारी, कभी अपनी बीमारी तो कभी पति की बीमारी को



लेकर लोन लिए थे। दो बैंक का कर्ज चुका दिए थे, लेकिन दो बैंक का किस्त चुकाना भारी पड़ रहा था। इस वजह से रिकवरी एजेंट काफी परेशान कर रहे थे। संजीव लोन की वजह से डिप्रेशन में था। इससे उसकी तबीयत भी लगातार खराब रहती थी। इस कारण ही कर्ज लिया था। आत्महत्या से पहले उसने एक वीडियो बनाया, जिसमें घटना का सारा आरोप नॉन बैंक कंपनी पर लगाया है। युवक वीडियो में कहता है कि कर्ज रिकवर करने वाले लोग परेशान कर रहे हैं। मुझे 102 डिग्री बुखार है। अब मैं जिंदा नहीं बचूंगा। सभी को प्रणाम। अब मैं जा रहा हूं। मृतक की पत्नी ने बताया कि 'काम-धंधा ठीक से नहीं चल रहा था। तबीयत खराब रहने के कारण मजदूरी करने नहीं जाते थे। इससे हाथ खाली हो गया था। लेकिन, लोन रिकवरी एजेंट बार-बार फोन कर पैसा मांग रहा था। घटना के दिन पड़ोस में ही सब्जी लाने गई थी।

## रेड क्रॉस की तरफ से निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**नालंदा।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की नालंदा जिला शाखा की तरफ रविवार को स्थानीय नागरिकों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का किया गया है। सुबह 7:30 से 9:00 बजे तक इस शिविर में विभिन्न चिकित्सा क्षेत्रों के कुल 11 विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। इस शिविर में चिकित्सा के विभिन्न विशिष्ट क्षेत्रों के विशेषज्ञ शामिल हैं, जिनमें बाल रोग विशेषज्ञ से लेकर नेत्र रोग विशेषज्ञ तक शामिल हैं। डॉ. श्याम बिहारी (शिशु रोग विशेषज्ञ) से लेकर डॉ. अभिनव सिन्हा (नेत्र रोग विशेषज्ञ) तक, शिविर में स्वास्थ्य जांच की व्यापक व्यवस्था



की गई है। जिला शाखा के सचिव राजेश कुमार ने बताया कि यह पहल स्थानीय समुदाय के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।डॉ. श्याम बिहारी -शिशु रोग विशेषज्ञडॉ. उमेश कुमार सिंन्ह- फिजिशियनडॉ. इंद्रजीत कुमार- फिजिशियनडॉ अखिलेश कुमार - फिजिशियनडॉ सुबोध कुमार - हड्डी रोग विशेषज्ञडॉ आशुतोष कुमार -सर्जनडॉ त्रिशला - स्त्री रोग विशेषज्ञडॉ अभिनव सिंनहा नेत्र रोग विशेषज्ञडॉ. रवि कुमार- दंत चिकित्सकडॉ दीपा भारतीडॉ मोहम्मद शहजाद आलम- फिजियोथैरेपिस्ट संगठन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस अनूठे अवसर का लाभ उठाएं और अपने स्वास्थ्य की नियमित जांच कराएं। स्वस्थ जीवन की ओर एक कदम के इस नारे के साथ, रेड क्रॉस सोसाइटी स्वास्थ्य जागरूकता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## 4 साल से था अफेयर, भागकर प्रेमी संग की शादी

**मुजफ्फरपुर।** मम्मी-पापा मैंने शादी कर ली है। मैंने ये सब अपनी मर्जी से किया है। किसी ने मेरे साथ जबरदस्ती नहीं की है। अगर लड़के के परिवार को कुछ होता है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी मेरे चाचा और बड़े भाई की होगी। ये बातें मुजफ्फरपुर की रहने वाली नंदनी ने मम्मी-पापा को वॉट्सऐप पर भेजे गए एक वीडियो में कही है। मामला औराई थाना क्षेत्र के एक गांव का है। इंटर में पढ़ाई करने वाली नंदनी ने 51 सेकेंड का वीडियो भेजा है। इस वीडियो में उसने कहा है कि 'हम दोनों 4 साल से प्यार करते हैं। परिवार के लोगों से शादी की बात कही तो तैयार नहीं



हुए। मेरी शादी कहीं और जबरदस्ती कर रहे थे। मैंने मना किया, लेकिन नहीं मानें। इसलिए मैंने घर से भागने का फैसला लिया। घर से खुद और अकेले भागी हूं। किसी ने मुझे भगाया नहीं है। नंदनी ने बताया कि 'मैं घर से निकलकर स्टेशन पहुंची। वहां से लड़के को कॉल कर कहा कि मुझे लेने आ जाओ। अब लड़के के परिवार पर मेरे बड़े चाचा और भाई अमित दबाव बना रहे हैं और धमकी दे रहे हैं।' नंदनी के दावों के उलट उसके पिता मनोज पासवान ने बताया कि 'मेरी बेटी नाबालिग है। वो 10 दिसंबर को कॉलेज जाने के बहाने घर से निकली थी।

## संक्षिप्त डायरी

### पुस्तक मेला में डॉ पूनम सिन्हा ने दी प्रस्तुति



**पटना।** के गांधी मैदान में पुस्तक मेला 2024 में आयाम : स्त्री का साहित्य स्वर के मंच से शनिवार की शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम का अयोजन किया गया। इसमें कई कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद दरभंगा की डॉ पूनम सिन्हा ने अपने आवाज में गाना गाकर मिथिला की पद्मश्री डॉ उषा किरण खान और बिहार की स्वर कोकिला शारदा सिन्हा को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अपनी प्रस्तुति से वहां उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के बाद उनकी प्रस्तुति की खूब सराहना की। कार्यक्रम के दौरान कई बड़े साहित्यकार मौजूद रहे। जिन्होंने भी अपनी प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में डॉ आलोक धनवा, डॉ वीणा अमृत के अलावा ख्याती प्राप्त महिलाएं उपस्थित रहीं।डॉ पूनम सिन्हा ने प्रस्तुति के बाद कहा कि डॉ उषा किरण खान को मैं मां और बड़ी बहन के सामान दर्जा देती हूं। उनसे जीवन में बहुत कुछ सीखने का मौका मिला है। अब वो इस दुनिया में नहीं रहीं लेकिन उनकी रचना पर प्रस्तुति देकर बेहद आनंद महसूस हो रहा है। डॉ उषा किरण खान और शारदा सिन्हा दोनों ही मिथिला से आती हैं और मैं भी मिथिला की रहने वाली हूं। इस वजह से मेरी यह खुशी दोगुनी हो गई है। बता दें कि 6 दिसंबर से सेंटर फॉर रीडरशिप डेवलपमेंट की तरफ से पुस्तक मेला का आयोजन किया गया है। इस मेले में देश के दिग्गज लेखक, साहित्यकार और फिल्म अभिनेता भाग लेंगे। इस साल का यह मेला पद्मभूषण शारदा सिन्हा और पद्मश्री उषा किरण खान को समर्पित किया गया है। जिसमें कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

### सीवान में डबल मर्डर, पिस्टल लेकर घर में घुसे थे



**सीवान।** में दो लोगों की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई है। दोनों का शव एक घर के पहले तल्ले पर मिला है। आरोप है कि दोनों हथियार लेकर घर में घुस गए और पैसों की डिमांड करने लगे। जिसके बाद लोगों ने दोनों पर लाठी और रॉड से हमला कर दिया। मामला सराय थाना क्षेत्र के मखदूम सराय मोहल्ले का है। डबल मर्डर से इलाके में सनसनी है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही सराय थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, नगर थाना अध्यक्ष राजू कुमार और एसडीपीओ अजय कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सीवान सदर अस्पताल भेज दिया। मृतकों की पहचान मुजफ्फरपुर के बेला थाना क्षेत्र के क्लामुद्दीन बेटे मो. सैयद अली और सराय थाना क्षेत्र के पुरानी किला पोखरा निवासी निजामुद्दीन बेटे फकीरा के रूप में हुई है। पुलिस ने घटनास्थल से एक पिस्तौल भी बरामद की है। बताया जा रहा है कि सैयद अली अपने ननिहाल में रहता था।मखदूम सराय लहेरा टोली में अनवर अली के घर सैयद औऱ फकीरा घुसे थे। दोनों लूटपाट के इरादे से पिस्टल के साथ आए थे। जिसके बाद दोनों घर में मौजूद लोगों को डरा धमका कर पैसा मांगने लगे। जिसके बाद घर में मौजूद महिलाओं ने डर के कारण शोर मचाने लगी, जिससे मोहल्ले के लोग वहां इकट्ठा हो गए। आरोपियों ने लोगों को घर से बाहर जाने के लिए धमकाया, जिससे गुस्साए लोगों ने उनकी पिटाई शुरू कर दी। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और घटनास्थल को संरक्षित कर एफएसएल टीम से जांच कराई जा रही है।

### मणिपुर में गोपालगंज के दो मजदूरों की हत्या

**गोपालगंज।** के दो मजदूरों की मणिपुर के काकचिंग में गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान सोना लाल(18) और दशरथ सहनी(17) के रूप में हुई हैं। दोनों जादोपुर थाना क्षेत्र के राजवाही गांव के रहने वाले थे। घटना की सूचना के बाद भास्कर रिपोर्टर मृतक दोनों मजदूर के गांव पहुंचा। दोनों परिवार में शोक की लहर है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक सोना लाल की मां ने भास्कर को बताया कि 'बहन की शादी में 2 लाख का कर्ज लिया था। इस कर्ज को चुकाने के लिए सोना दीपावली बाद मणिपुर कमाने गया था।' दोनों मृतक मजदूरों के परिवार ने सरकार से मांग की है कि उनका शव पैतृक गांव भेजा जाएं, ताकि अंतिम संस्कार किया जा सके। परिजनों ने बताया कि दशरथ सहनी अपने बड़े भाई संतोष के साथ दीपावली के दूसरे दिन मणिपुर गया था, जहां वह मजदूरी करता था। एक साल पहले भी वह मणिपुर गया था, लेकिन तीन महीने बाद घर लौट आया था। वहीं, सोना लाल अपने पिता के साथ मणिपुर गया था।

## पुष्प प्रदर्शनी में सजेगा 12 हजार गमला

**दरभंगा।** के लालबाग पोस्ट ऑफिस के पास लक्ष्मेश्वर पब्लिक लाइब्रेरी में नॉर्थ बिहार हॉर्टिकल्चर सोसायटी द्वारा 28 और 29 दिसंबर 2024 को 32वां पुष्प प्रदर्शनी सह प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी जोर-जोर से की जा रही है। जॉइंट सेक्रेटरी मनोज कुमार डोकानिया ने बताया कि साल 1993 में तीन जनवरी को पहली बार दरभंगा में पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। पहले साल 12 लोगों ने प्रतिभाग किया और 400 गमले प्रदर्शनी में लगाए गए थे। इस साल 32वां प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बिहार के अलग-अलग इलाके के लगभग 250 प्रतिभागी शामिल होंगे। प्रतिभागियों के द्वारा लगभग 12000 गमला प्रदर्शनी में सजाए जाने का कयास लगाया जा रहा है। नीरज कुमार खेरिया ने बताया कि दो दिवसीय इस प्रदर्शनी में बच्चों के बीच पेंटिंग, गमला और ट्रे गार्डन के प्रदर्शन का प्रतियोगिता भी कराया जाएगा। आयोजकों के अनुसार 35 विद्यालयों के छात्रों द्वारा इस प्रदर्शनी में प्रतिभा करने के लिए जोर-जोर से तैयारी की जा रही है। आयोजन स्थल पर सेल्फी प्वाइंट के साथ ही पर्यावरण पर आधारित ग्लोबल इकोसिस्टम तैयार किया जा रहा है, जो आकर्षण का मुख्य केंद्र होगा। जल प्रदूषण, हवा प्रदूषण, मृदा प्रदूषण एवं ग्लोबल वार्मिंग को लेकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि छात्र-छात्राओं के द्वारा शहर में रैली निकालकर लोगों को अपने छत और आंगन में पेड़ पौधों को लगाने की लिए जागरूक किया जाएगा। प्रदर्शनी 28 और 29 दिसंबर को लगेगी।



# सरकार में थे तब माई-बहन नहीं बस माई याद था

## महिलाओं को 2500 देने की योजना पर चिराग का तंज; सम्राट बोले-झांसे में नहीं आएगी जनता

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने महिलाओं के लिए 'माई-बहिन सम्मान योजना' का ऐलान किया है। दरभंगा में तेजस्वी यादव ने कहा, 'महागठबंधन की सरकार बनने के एक महीने में स्कीम लागू की जाएगी। इस योजना के तहत महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए मिलेंगे।' तेजस्वी के इस ऐलान के बाद एनडीए के नेताओं ने पलटवार किया है। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा, बिहार की जनता ने लालू यादव के 15 साल को देखा है कि किस तरह उन्होंने जनता को लूटने का काम किया है। कैसे उन्होंने 950 करोड़ का चारा घोटाला किया। नौकरी के बदले गरीबों की जमीन लिखवाने का काम किया। उन्होंने कहा कि अब बिहार के लोग उनके झांसे में नहीं आएंगे। वहीं, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा, 'अब तक किसकी सरकार थी? 90 के दशक



को याद कीजिए, इनके ही परिवार का सदस्य मुख्यमंत्री था। उस समय इन्हें न माई याद आई, न बहन। उस समय इन्हें सिर्फ अपना ट समीकरण याद आया, जिसमें ये लोग जाति-धर्म के नाम पर लोगों को बांटते थे। ये लोग आज जिस बहन की बात कर रहे हैं, उसी को गाली देते हैं। मेरे ही परिवार में मेरी ही मां-बहन को इनकी पार्टी के लोगों ने गाली दी।' वहीं, मुंगेर सांसद ललन सिंह ने कहा, 'तेजस्वी यादव के माता-पिता ने 15 साल बिहार पर राज किया। उन्हें बताना चाहिए कि उन्होंने कौन सी योजनाओं की शुरूआत की। उन्हें इस पर भी बोलना चाहिए कि उनके माता-पिता बिहार को कहां ले गए।'तेजस्वी पर पलटवार करते हुए सम्राट चौधरी ने कहा, 'बिहार की जनता जान चुकी है कि लालू-राबड़ी और राजद के राज में क्या क्या हुआ था। जनता फिर कभी भी इनको सत्ता सौंपने वाली नहीं है। यहां के लोग इन लोगों को समझ चुके हैं।' सम्राट ने भरोसा जताया कि तेजस्वी कि माई-बहन मान योजना का कोई असर बिहार के लोगों पर नहीं पड़ेगा। ललन सिंह ने यह भी कहा, 'तेजस्वी के माता-पिता ने बिहार को बर्बाद कर दिया। वे बिहार को कहां ले गए थे। उन्हें इस पर भी बोलना चाहिए। लालू-राबड़ी राज में बिहार में बिजली तक नहीं थी। अपहरण का मामला काफी तेजी से बढ़ रहा था। इस पर भी उन्हें बोलना चाहिए।' कुशवाहा बोले- सत्ता में नहीं आ रहे तेजस्वीवहीं, आरएमएल के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि तेजस्वी को पता है कि वह सत्ता में नहीं आएंगे। इसी कारण अनर्गल बयान दे रहे हैं। बीपीएससी अभ्यर्थियों को लेकर बड़ी सहानुभूति जता रहे हैं। उन्हें पता होना चाहिए कि उनके पिता लालू प्रसाद यादव के शासनकाल में बीपीएससी बंद हो गया था। बिहार के लोगों को झांसा देकर सत्ता में आने का कोशिश कर रहे हैं, लेकिन तेजस्वी सत्ता में आने वाले नहीं है।

### सम्राट बोले- तेजस्वी की योजना का बिहार में कोई असर नहीं

**तेजस्वी पर पलटवार करते हुए सम्राट चौधरी ने कहा, 'बिहार की जनता जान चुकी है कि लालू-राबड़ी और राजद के राज में क्या क्या हुआ था। जनता फिर कभी भी इनको सत्ता सौंपने वाली नहीं है। यहां के लोग इन लोगों को समझ चुके हैं।' सम्राट ने भरोसा जताया कि तेजस्वी कि माई-बहन मान योजना का कोई असर बिहार के लोगों पर नहीं पड़ेगा।**

# कनाडा में आंतरिक सुधार जरूरी


भारत डोगरा

**वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक स्टीवर्ट बेल ने एक पुस्तक लिखी है, जिसका शीर्षक है- 'कोल्ड टैरर-कनाडा नरचर्स एंड एक्सपोर्टर्स टैररिज्म थ्रूआउट द वर्ल्ड'। इसमें उन्होंने लिखा है कि कनाडा की आतंकी समस्याओं के कारण बहुत हिंसा हुई है, लोग मारे गए है। इससे कनाडा में समस्याएं बढ़ गई हैं, और कुछ समुदायों पर उग्रवादियों ने अपना नियंत्रण बढ़ा लिया है।**

तेईस जून, 1985 को कनिष्क एअर इंडिया 182 विमान में उड़ते समय भयंकर विस्फोट हुआ जिससे हवाई जहाज अटलांटिक सागर में आयरलैंड के तटीय क्षेत्र के पास गिरा और उसमें सवार सभी 329 व्यक्ति मारे गए। इनमें से अधिकतर भारतीय मूल के कनाडाई नागरिक थे।

जिन परिवारों के सदस्य मारे गए आज भी उन्हें न्याय नहीं मिला। इसके अतिरिक्त, यह भी समय-समय पर प्राप्त होने वाले तथ्यों से स्पष्ट होता रहा है कि यदि कनाडा की गुप्तचर और पुलिस एजेंसियों ने समुचित कार्रवाई की होती तो बड़ी संभावना यह होती कि इस हादसे को रोका जा सकता था। कनाडा के पब्लिक सेफ्टी मंत्रालय ने ओंटारियो के पूर्व मंत्री बाब रे को इस त्रासदी की जांच का काम सौंपा था। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि कनाडा गुप्तचर संस्थान (सीएसआईएस-कनाडियन सेक्युरिटी इंटेलीजेंस सर्विस) के अधिकारियों ने ऐसे दो खालिस्तानियों का पीछा किया जो उनके संदेह के दायरे में थे। दोनों एक टापूनुमा वीरान जंगली क्षेत्र में पहुंचे। यहां तक गुप्तचरों ने उनका पीछा किया। फिर जहां ये खालिस्तानी गए थे वहां से बड़े धमाके की आवाज आई। कोई बच्चा भी कहेगा कि इस धमाके की आवाज आने से पूछताछ की जरूरत और बढ़ गई थी पर इन गुप्तचरों ने ऐसा कुछ नहीं किया और आगे कोई कार्रवाई ही नहीं की। अब जब अन्य तथ्य सामने आ चुके हैं तो स्पष्ट है, जैसा कि जांच रिपोर्ट में भी कहा गया है, कि यह सुनसान इलाके में बम टेस्ट करने का प्रयास था क्योंकि दो वायुयानों में बम रखने की तैयारियां उस समय पूरे जोरों पर थीं। यदि समय पर इन खालिस्तानियों से भली-भांति पूछताछ कर ली जाती तो षड़यंत्र को उसी समय रोक पाने की संभावना थी।

एक अन्य बड़ा मुद्दा है कि गुप्तचर एजेंसी सीएसआईएस ने पहले टेपों पर खालिस्तानी षड़यंत्रकारियों की बहुत सी बातचीत रिकार्ड भी की थी और फिर इससे पहले कि इस रिकार्डिंग का समुचित विश्लेषण हो पाता, इनको नष्ट कर दिया गया। जांच रिपोर्ट ने इस बारे में इस केस की सुनवाई कर रहे जस्टिस जैसिफसन की टिप्पणी की ओर ध्यान दिलाया है, जिन्होंने इसे ऐसी लापरवाही बताया था, जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। आखिर, इतनी बड़ी लापरवाही कैसे हो गई, इस पर चर्चा हुई तो सीएसआईएस का यह पक्ष सामने आया कि उसके एक एजेंट ने खालिस्तानी षड़यंत्रकारियों में घुसपैठ कर ली थी, हालांकि कनिष्क हादसे से तीन दिन पहले उसे अलग कर लिया



गया। सीएसआईएस का पक्ष, जो प्रकाशित रिपोटरे में बताया गया है (जैसा बीबीसी की एक रिपोर्ट में भी छपा) कि उसने अपने इस एजेंट के बचाव के लिए टेप नष्ट किए।

पर ज्यादा महत्त्वपूर्ण बात यह है कि एजेंट के पास जो जानकारी थी, उसका भरपूर उपयोग किया जाता तो इतना समय जरूर मिलता कि षड़यंत्र का पता लगा कर उसे नाकाम कर दिया जाता। पर ऐसा नहीं हुआ। जांच रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि जो जानकारी सीएसआईएस के पास होती थी वह कनाडियन पुलिस (आरसीएमपी) के साथ ठीक से शेयर नहीं की जाती थी। कनाडा के उच्च स्तर के कुछ सुरक्षा अधिकारियों ने इस बारे में गंभीर चिंता व्यक्त करनी आरंभ की कि कनाडा में बहुत से आतंकी संगठनों ने डेरा जमा लिया है।

सीएसआईएस के पूर्व अध्यक्ष वार्ड एलकाक ने अपनी उच्चस्तरीय जानकारी के आधार पर सीनेट की एक विशेष समिति को बताया कि अमेरिका को छोड़ दें तो किसी भी अन्य देश की अपेक्षा कनाडा में अधिक आतंकवादी संगठन सक्रिय हैं। उन्होंने बताया कि उनका संस्थान सीएसआईएस की आतंक-विरोधी शाखा ऐसे 50 आतंकवादी संगठनों और इनसे जुड़े 350 व्यक्तियों की जांच कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि ये विभिन्न आतंकवादी संगठन आतंकवादी कार्रवाइयों में सहायता देते हैं, आतंकवाद के लिए धन एकत्र करते हैं, प्रोपेगंडा और असत्य (डिसइंफार्मेशन) फैलाने के लिए विभिन्न समुदायों का दोहन-शोषण करते हैं, अप्रवासियों को डराते-धमकाते हैं, आतंकियों के लिए कनाडा में सुरक्षित शरण स्थलों की व्यवस्था करते हैं, आतंकियों की अमेरिका तक आने-जाने की व्यवस्था करते हैं, और अप्रवासियों की तस्करी करते हैं।

यह बयान कनाडा के फ्रेसर इंस्टीट ?ूट की अध्ययन रिपोर्ट में उपलब्ध है, जिसका शीषर्क है 'कनाडा' ज इनएडिक्वेट रिस्पॉन्स टू टेररिज्म'। रिपोर्ट के लेखक हैं मार्टिन कोलाकोट। रिपोर्ट में बताया गया है कि विभिन्न खालिस्तानी आतंकवादी संगठनों के अतिरिक्त अनेक अन्य तरह के आतंकवादी संगठन भी कनाडा में सक्रिय हैं, और इनका संबंध अनेक अन्य चर्चित आतंकवादी हमलों से भी जुड़ा रहा है। रिपोर्ट ने स्पष्ट कहा है कि कई महत्त्वपूर्ण संदभरे में कनाडा की सरकार आतंकवाद के नियंत्रण के लिए असरदार कदम उठाने में असमर्थ रही है। रिपोर्ट ने बताया है कि खतरनाक आतंकी संगठनों पर सरकार प्रतिबंध नहीं लगा सकी और यहां तक कि ऐसे कुछ संगठन परोपकारी कार्य का आवरण लगा कर अपना प्रसार करते हैं, उस पर भी काफी समय तक रोक नहीं लग सकी। उनके विरुद्ध असरदार कार्रवाई करने के बहुत कम उदाहरण कनाडा में देखे गए हैं।

इतना ही नहीं, कुछ राजनीतिक दल और नेता भी अपने संकीर्ण स्वार्थी हितों के लिए ऐसी ढील देने की नीति अपनाते हैं। सीएसआईएस की रणनीतिक योजना के पूर्व मुख्य अधिकारी डेविड हैरिस से जब पूछा गया कि क्या कनाडा आतंकवादियों की सुरक्षित शरण स्थली बन रहा है, तो उन्होंने उत्तर दिया कि ऐसी आशंका का बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां 50 आतंकवादी संगठनों की उपस्थिति है, जिनमें से अनेक प्रमुख आतंकवादी संगठन हैं। वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक स्टीवर्ट बेल ने एक पुस्तक लिखी है, जिसका शीर्षक है-'कोल्ड टैरर-कनाडा नरचर्स एंड एक्सपोटर्स टैररिज्म थ्रूआउट द वर्ल्ड'। इसमें उन्होंने लिखा है कि कनाडा की आतंकी समस्याओं के कारण बहुत हिंसा हुई है, लोग मारे गए हैं। इससे कनाडा में समस्याएं बढ़ गई हैं, और कुछ समुदायों पर उग्रवादियों ने अपना नियंत्रण बढ़ा लिया है।

मेजर ग्रेग ले ने कनाडियन फोर्सेज कॉलेज के लिए एक अनुसंधान पत्र लिखा है, जिसका शीषर्क है, 'द इवॉल्यूशन ऑफ टैररिज्म इन कनाडा-इन्क्रीज्ड थ्रेट इन अ कल्चर ऑफ इनडिफेरेंस'। इस अध्ययन में लिखा है कि आतंकियों की हिंसक और जबरदस्ती वाली प्रवृत्तियों से कनाडा के सिख समुदाय की समस्याएं और दुख-दर्द बढ़ गए हैं। बाब रे, जो आनटेरियो के मंत्री रह चुके थे, को कनिष्क त्रासदी की जांच का कार्य सौंपा गया। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में बताया कि सिख समुदाय आतंकियों के दबाव से त्रस्त और परेशान है। इन सब तथ्यों को ध्यान में रखते हुए जरूरी है कि कनाडा सरकार आतंकवाद पर नियंत्रण रखने की अपनी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारी भली-भांति निभाए।

## संपादकीय

# भारत-रूस रिश्ते को मजबूती

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की तीन दिवसीय रूस यात्रा दोनों देशों के रक्षा संबंधों को और मजबूती देने की दिशा में निस्संदेह बहुत उपयोगी रही. वह वहां सैन्य और सैन्य सहयोग पर भारत-रूस अंतर सरकारी आयोग के 21वें सत्र में भाग लेने गये थे. वह आइएनएस तुशिल की फ्लैग रेजिंग सेरेमनी में भी शामिल हुए, जिसे काफी पहले भारतीय नौसेना में शामिल होना था, लेकिन कोविड, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में रुकावट तथा रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से यह टलता रहा था. रक्षा मंत्री ने वहां रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की और द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के विभिन्न मुद्दों पर उनसे बात की.

पुतिन से उनका यह कहना मायने रखता था कि भारत और रूस के बीच मित्रता सबसे ऊंचे पर्वत से भी ऊंची और सबसे गहरे महासागर से भी गहरी है. उन्होंने रूसी राष्ट्रपति को यह भी बताया कि भारत पर सार्वजनिक और निजी तौर पर कई तरह के दबाव हैं, इसके बावजूद वह हमेशा अपने रूसी मित्र के साथ खड़ा रहा और भविष्य में भी खड़ा रहेगा. रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच उनके इस बयान का महत्व है. दोनों ने इस पर जोर दिया कि दोनों देशों के बीच साझेदारी में अत्यधिक संभावनाएं हैं और साझा प्रयासों से शानदार नतीजे हासिल किये जा सकते हैं. उनका यह भी कहना था कि दोनों देशों के बीच जी-20, ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन जैसे बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग बढ़ रहा है.

राजनाथ सिंह ने रूसी रक्षा मंत्री आंद्रे बेलासोव से रक्षा मुद्दों पर व्यापक बातचीत की और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली 'एस-400 ट्रंफ' की शेष दो यूनिटों की आपूर्ति जल्दी करने का दबाव भी डाला. यूक्रेन से युद्ध के चलते भारत को दी जाने वाली इन दो यूनिटों की आपूर्ति में विलंब हुआ है. रक्षा मंत्री ने विभिन्न मिलिट्री हार्डवेयर के निर्माण के क्षेत्र में भारत में असीम संभावनाओं की जानकारी दी. रूसी रक्षा मंत्रालय ने इस संबंध में अपने एक बयान में कहा है कि रूस और भारत के बीच आपसी सम्मान पर आधारित एक मजबूत और पुरानी दोस्ती है.

इसमें यह भी कहा गया कि जुलाई में मास्को में राष्ट्रपति पुतिन और प्रधानमंत्री मोदी की हुई बैठक और अक्तूबर में कजान में आयोजित ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान हुई मुलाकातों के परिणामस्वरूप विशेष रणनीतिक साझेदारी और गहरी हुई है, जिसमें रक्षा क्षेत्र भी शामिल है. राजनाथ सिंह की इस यात्रा का उद्देश्य रक्षा क्षेत्र में आपसी संबंध को और मजबूत बनाना था, जिसमें वह सफल रहे.

## चिंतन-मनन

# सम्मान पाने के लिए मर्यादा का पालन जरूरी

संसार में भगवान राम मयार्दा पुरूषोत्तम के रूप में पूजे जाते हैं। इसका कारण यह है कि इन्होंने अपने जीवन में हर रिश्ते के साथ न्याय किया। इन्होंने कभी भी बड़ा होने का अभिमान नहीं दिखाया। इन्होंने छोटे भाइयों को सम्मान दिया और सदैव माता-पिता के आज्ञाकारी रहे। पत्नी की सुरक्षा के लिए रावण से लड़े और राजा के रूप में जनता को महत्व दिया। लेकिन जब कोई व्यक्ति अपनी मयार्दा की सीमा रेखा को तोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश करता है तभी विवाद और क्लेश उत्पन्न होता है। वर्तमान समय में कई ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं कि बेटे ने पिता को घर से बाहर निकाल दिया। बेटे ने बाप की संपत्ति हड़प ली। ससुर का अपनी बहू से अनैतिक संबंध है और भाई ने बहन का अपमान किया। जब ऐसी घटनाएं होती हैं तो मयार्दा का हनन होता है। संसार में रिश्तों की डोर का निर्माण मयार्दा की रक्षा के लिए किया गया था। यही सामाजिक जीवन का आधार भी है।

जब कोई मायार्दा का उल्लंघन करता है तब सामाजिक व्यवस्था बिगडने लगती है और मयार्दा का उल्लंघन करने वाला और मयार्दा का हनन होने वाला दोनों ही अपमानित होता है। जब कोई किसी के साथ अमर्यादित व्यवहार करता है तो उसे भी अमार्यादित व्यवहार ही प्राप्त होता है। उदाहरण के तौर पर गंगा नदी जब तक अपनी सीमा में प्रवाहित होती है उसे माता का दर्जा प्राप्त होता है, लोग इसकी आरती उतारते हैं। लेकिन जब अपनी मयार्दा का उल्लंघन करके तटों को तोड़कर आगे बढ़ती है तब गंगा आदरणीय नहीं रह जाती है। नाले के जल में मिलकर गंगाजल गंदाजल कहलाने लगता है।

# विजय दिवस : पराक्रमी भारतीय सेना का साहस


हेमेन्द्र क्षीरसागर

भारत ने पाकिस्तानी सत्ता और सेना के अत्याचार से पीड़ित पूर्वी पाकिस्तान की जनता को अपना सहयोग देकर बांग्लादेश के रूप में एक नए राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। 1971 का युद्ध भारत और पाकिस्तान के बीच एक सैन्य संघर्ष था जिसमें पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी। इसका आरंभ पश्चिमी पाकिस्तान और तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान के बीच सशस्त्र संघर्ष के बीच 3 दिसंबर, 1971 को पाकिस्तान द्वारा भारतीय वायुसेना के 11 स्टेशनों पर रिक्तिपूर्व हवाई हमले किए जाने के परिणामस्वरूप भारतीय सेना पूर्वी पाकिस्तान में बांग्लादेश स्वतंत्रता संग्राम में बंगाली राष्ट्रवादी गुटों के समर्थन देने के निर्णय के कारण हुआ। जिसमें



पाकिस्तान को अप्रत्याशित पराजय का सामना करना पड़ा। इसमें भारतीय सेना द्वारा 93 हजार पाकिस्तानी सैनिक बंदी बना लिए गए और पूर्वी पाकिस्तान, पाकिस्तान के नियंत्रण से मुक्त होकर बांग्लादेश बन गया।

ये युद्ध भारत के लिए ऐतिहासिक युद्ध माना जाता है। इसीलिए देश भर में भारत की पाकिस्तान पर जीत के उपलक्ष में 16 दिसंबर को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि वर्ष 1971 के युद्ध में तकरीबन 3,900 भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे और लगभग 9,851 घायल हुए। युद्ध के 8 महीने बाद अगस्त 1972 में भारत और पाकिस्तान ने शिमला समझौता 1972 किया। इसके अंतर्गत बंदी बनाए गए पाकिस्तानी सैनिकों को वापस पाकिस्तान भेज दिया गया था।

भारत की पराक्रमी सेना के साहस ने पाकिस्तान की सेना के 97,368 सैनिकों को आत्मसमर्पण के लिए विवश किया। इस गौरवशाली दिवस पर स्वयं सेवकों के बल और सामर्थ्य में वृद्धि करने हेतु संघ प्रतिवर्ष 16 दिसम्बर को प्रहार महायज्ञ का आयोजन करता है। इस दिन स्वयंसेवकों को यह स्मरण दिलाया जाता है कि महाराणा प्रताप की भुजाओं में इतना बल था कि उन्होंने तलवार के एक ही वार से बहलोल खान को जिरह-बख्तर, घोड़े सहित काट डाला। रानी दुर्गावती युद्ध के मैदान में घोड़े की लगाम मुँह में थाम कर दोनों हाथों में तलवार लेकर उतरी थीं और शत्रुओं को नाकों चने चबवा दिए। छत्रपति शिवाजी महाराज ने अपनी तलवार के बल पर आदिलशाही और मुगलशाही से टक्कर लेते हुए हिन्दू साम्राज्य की स्थापना की थी। हम उन्हीं महान पूर्वजों के वंशज हैं। हमारी भुजाओं में वैसा ही बल चिर स्थाई रहे, हम क्षमतावान बने रहें।

# एक साथ चुनाव से सशक्त बनेगा देश

सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि हमेशा चलने वाले चुनावों पर विराम लग जाएगा। सरकारों का ध्यान विकास कार्यों की ओर होगा। आचार संहिता की वजह से विकास कार्य ठप्प नहीं होंगे। और सबसे ऊपर हर बार चुनाव में होने वाले बेहिसाब खर्चों पर लगाम लगेगी। चुनाव आयोग से लेकर राजनीतिक दलों का चुनावों पर बेहिसाब खर्च होता है। एक साथ चुनाव से इन खर्चों में कटौती होगी। सुरक्षा बलों को भी लगातार इस राज्य से उस राज्य तक यात्रा करनी पड़ती है। आम लोगों का ध्यान भी चुनाव पर लगा रहता है। यह सब कुछ एक निर्णय से बदल जाएगा।

देश सचमुच बदल रहा है। न सिर्फ बदल रहा है, बल्कि शक्तिशाली हो रहा है। लोकतंत्र सशक्त हो रहा है। वैश्विक स्तर पर देश का मान बढ़ रहा है। देश में आर्थिक और राजनीतिक स्थिरता आई है। अभी जिस समय देश संविधान अंगीकार करने के 75 साल पूरे होने का उत्सव मना रहा है, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने एक और ऐतिहासिक निर्णय किया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ह्यएक देश, एक चुनावह्न के लिए बनाए गए दो विधेयक को मंजूरी दे दी है। संसद के शीतकालीन सत्र में इसके लिए सरकार दो विधेयक पेश करेगी। इनके जरिए संविधान के अनुच्छेद 82ए, 83, 172 और 327 में संशोधन का प्रस्ताव रखा जाएगा। इससे लोकसभा और सभी विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने और लोकसभा व सभी विधानसभाओं के कार्यकाल से जुड़े जरूरी बदलाव किए जाएंगे। केंद्र सरकार ने इससे पहले सितंबर में पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति की रिपोर्ट मंजूर कर ली थी, जिसकी सिफारिशों के आधार पर ये विधेयक तैयार किए गए हैं।

श्री रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति ने सभी संबंधित पक्षों के साथ विचार विमर्श किया था। उनकी समिति के सामने अनेक विपक्षी पार्टियों ने सारे चुनाव एक साथ कराने के प्रस्ताव का विरोध किया था, लेकिन ज्यादातर पार्टियां इस विचार के समर्थन में थीं। चुनाव आयोग और आम लोगों से भी समिति ने राय ली थी। इसके बावजूद सरकार अपने संपूर्ण बहुमत के दम पर एकतरफा तरीके से इन विधेयकों को नहीं पास कराने जा रही है। सरकार इस मामले में आम राय बनाने का प्रयास कर रही है। इसलिए संविधान संशोधन के विधेयक पेश करने के बाद उसे संयुक्त संसदीय समिति यानी जेपीसी को भेजा जा सकता है, जहां सभी पार्टियों के सांसद इस पर विचार करेंगे। यह समिति सभी संबंधित पक्षों से सलाह मशविरा करेगी और आम लोगों की राय भी लेगी। उसके बाद सहमति बना कर इसे पास कराया जाएगा। वैसे सरकार जब चाहती तब इसे पास करा सकती थी क्योंकि ये साधारण संशोधन हैं, जिनके लिए संसद में साधारण बहुमत की जरुरत है और राज्यों की विधानसभा से मंजूरी लेने की आवश्यकता नहीं है। फिर भी सरकार आम सहमति का रास्ता अपनाएगी।

जिस समय श्री रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में समिति बनाई गई थी तभी से इसे लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। विपक्ष पूछ रहा है कि इसका क्रियान्वयन कैसे होगा? अगर 2029 के लोकसभा चुनाव के साथ सभी राज्यों के विधानसभाओं के चुनाव कराने हैं तो अगले चार साल में होने वाले विधानसभा चुनावों का क्या होगा? यह भी पूछा जा रहा है कि अगर लोकसभा और सभी विधानसभाओं का कार्यकाल तय कर दिया जाएगा तो बीच में सरकार ने बहुमत गंवाया या सरकार गिरी तब क्या होगा? क्या वहां राष्ट्रपति शासन लगा रहेगा और अगले लोकसभा चुनाव के साथ ही वहां चुनाव होगा? वैसे इन सभी सवालों का जवाब सरकार की ओर से प्रस्तावित विधेयक में मिल जाएगा। परंतु अगर राजनीतिक पूर्वाग्रह छोड़ दें तो इन सवालों के जवाब बहुत मुश्किल नहीं हैं। कुछ विधानसभाओं के कार्यकाल बढ़ा कर और कुछ के कार्यकाल घटा कर सभी विधानसभाओं के चुनाव लोकसभा के साथ कराए जा सकते हैं।

जहां तक बीच में सरकार गिरने का सवाल है तो पिछले काफी समय से मध्यावधि चुनाव का चलन समाप्त हो गया है। पिछले एक दशक से ज्यादा समय से दिल्ली के एक अपवाद को छोड़ दें तो किसी राज्य में मध्यावधि चुनाव की नौबत नहीं आई है। यह लोकतंत्र की परिपक्वता का प्रतीक है। फिर भी इस संभावना को देखते हुए सकारात्मक अविश्वास प्रस्ताव का प्रावधान किया जा सकता है। यानी सरकार गिरने के साथ ही नई सरकार बनाने का प्रस्ताव भी रखा जाए। इसके बावजूद अगर कहीं सरकार गिरती है और नई सरकार नहीं बनती है तो वहां बचे हुए कार्यकाल के लिए चुनाव कराया जा सकता है। अगर इतने बड़े ऐतिहासिक निर्णय पर अमल करना है तो छोटे छोटे कुछ अपवाद बनाने होंगे।

विपक्ष की ओर से पहले दिन से इस प्रस्ताव का विरोध किया जा रहा है। विपक्ष का विरोध सिर्फ इस कारण से है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इसका प्रस्ताव किया है। विपक्ष को सरकार के हर प्रस्ताव और हर अच्छी पहल का विरोध करना है इसलिए वह विरोध कर रही है। विरोध में विपक्ष की ओर से ऐसे तर्क दिए जा रहे हैं, जिनसे खुद ही विपक्षी पार्टियां कठघरे में खड़ी होती हैं। कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियां लोकसभा के साथ सभी राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव को लोकतंत्र विरोधी बता रही हैं। प्रश्न है कि पूरे देश में एक साथ चुनाव कराना लोकतंत्र विरोधी कैसे है और अगर यह लोकतंत्र विरोधी है तो स्वतंत्रता के बाद करीब 20 साल तक चार लोकसभा चुनाव और सभी विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कैसे हुए?

क्या देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू और कांग्रेस के दूसरे नेता लोकतंत्र विरोधी कार्य कर रहे थे? ध्यान रहे आजादी के बाद 1952 में हुए पहले चुनाव से लेकर 1967 के चौथे चुनाव तक देश के सारे चुनाव एक साथ होते थे। उस समय भी अगर कांग्रेस पार्टी ने अपनी संविधान विरोधी सोच में गैर कांग्रेसी राज्य सरकारों को बरखास्त करना नहीं शुरू किया होता तो आगे भी एक साथ चुनाव की प्रक्रिया चलती रहती। लेकिन कांग्रेस को बरदाश्त नहीं हुआ कि राज्यों में उसको हरा कर गैर कांग्रेसी सरकारें कैसे बन गई हैं। सो, उसने अनुच्छेद 356 का दुरुपयोग करके उन सरकारों को बरखास्त किया, जिसकी वजह से एक साथ चुनाव का चक्र टूट गया। उसके बाद गठबंधन की राजनीति के दौर में केंद्र में और राज्यों में भी एक के बाद एक मध्यावधि चुनाव हुए। कहने की जरुरत नहीं है कि नब्बे के दशक का वह दौर देश की राजनीति और अर्थव्यवस्था के लिए सबसे खराब दौर रहा।

देश उस दौर से निकल आया है। अब राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता है और देश प्रगति के रास्ते पर अग्रसर है। इसलिए अब उससे और आगे बढ़ने की जरुरत है। देश की अर्थव्यवस्था और लोकतंत्र की मजबूती के लिए अगला चरण सभी चुनाव एक साथ कराने का है। ध्यान रहे भारत में चुनावों का ऐसा चक्र बना हुआ है कि हर साल कहीं न कहीं चुनाव होते हैं। इस साल लोकसभा चुनाव के साथ चार राज्यों के विधानसभा चुनाव हुए और उसके बाद छह महीने में चार और राज्यों के चुनाव हो चुके हैं। अगले साल यानी 2025 में दो राज्यों के चुनाव हैं। उसके अगले साल 2026 में छह राज्यों के चुनाव हैं। उसके अगले साल भी छह राज्यों के चुनाव होने हैं।

इसी तरह साल दर साल चुनाव चलते रहते हैं और चुनाव भले किसी छोटे राज्य का हो लेकिन उस पर राष्ट्रीय दृष्टि लगी रहती है। लोग भी उसमें व्यस्त रहते हैं और विकास के कामकाज या तो ठप्प रहते हैं या उनकी रफ्तार धीमी हो जाती है। राजनीतिक दल संगठनात्मक कार्यों और आम नागरिकों का राजनीतिक, सामाजिक प्रशिक्षण करने की बजाय चुनावों में व्यस्त रहते हैं तो सरकारें सकारात्मक व टिकाऊ विकास के कार्यों की बजाय लोक लुभावन कार्यों में व्यस्त रहती हैं। एक साथ चुनावों के जरिए हर समय चलने वाले चुनावों पर विराम लगाया जा सकेगा और सरकारें टिकाऊ विकास के प्रति ज्यादा समर्पण के साथ काम कर सकेंगी। सरकार जो विधेयक ला रही है उसके मुताबिक लोकसभा के साथ सभी राज्यों के विधानसभा चुनाव होंगे और उसके एक सौ दिन के अंदर सभी स्थानीय निकायों के चुनाव हो जाएंगे। इसका सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि हमेशा चलने वाले चुनावों पर विराम लग जाएगा। सरकारों का ध्यान विकास कार्यों की ओर होगा। आचार संहिता की वजह से विकास कार्य ठप्प नहीं होंगे। और सबसे ऊपर हर बार चुनाव में होने वाले बेहिसाब खर्चों पर लगाम लगेगी। चुनाव आयोग से लेकर राजनीतिक दलों का चुनावों पर बेहिसाब खर्च होता है। एक साथ चुनाव से इन खर्चों में कटौती होगी। सुरक्षा बलों को भी लगातार इस राज्य से उस राज्य तक यात्रा करनी पड़ती है। आम लोगों का ध्यान भी चुनाव पर लगा रहता है। यह सब कुछ एक निर्णय से बदल जाएगा। तभी एक साथ चुनाव कराने का निर्णय ऐतिहासिक है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने 2014 के बाद से देश बदलने वाले जो ऐतिहासिक निर्णय किए हैं यह भी उसी कड़ी का एक महान निर्णय है।

-एस. सुनील

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रंप ने दिया रहस्यमयी ड्रोन दिखाई देने पर उसे मार गिराने का निर्देश



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देश के विभिन्न हिस्सों में दिखाई देने वाले रहस्यमयी ड्रोन को ''मार गिराने'' का निर्देश दिया है। रहस्यमयी ड्रोन सबसे पहले न्यू जर्सी में देखे गए थे लेकिन उसके बाद से अब इस प्रकार के ड्रोन अन्य स्थानों पर भी दिखाई देने लगे हैं। हालांकि अमेरिकी सरकार और व्हाइट हाउस ने अब तक यही कहा है कि इनसे राष्ट्रीय सुरक्षा को कोई खतरा नहीं है और न ही इसमें किसी विदेशी हाथ होने का कोई सबूत है लेकिन फिर भी रहस्यमयी ड्रोन का दिखना जांच का विषय है। ट्रंप ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में कहा, ''देश भर में रहस्यमयी ड्रोन दिखाई दिए हैं। क्या यह वास्तव में हमारी सरकार की जानकारी के बिना हो रहा है? मुझे ऐसा नहीं लगता, या तो जनता को इसके बारे में अभी जानकारी दो अथवा उन्हें मार गिराओ।'' ट्रंप ने इस पोस्ट के अंत में अपने हस्ताक्षर भी किए। इससे पहले बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति कार्यालय एवं राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास व्हाइट हाउस ने कहा था कि अभी तक ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है कि ड्रोन देखे जाने की कथित घटनाएं राष्ट्रीय सुरक्षा या सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा हैं या उनका किया अन्य देश से संबंध है। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने संवाददाताओं को बताया कि आंतरिक सुरक्षा मंत्रालय और एफबीआई इन घटनाओं की जांच कर रहे हैं, तथा यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि ये ड्रोन कहां से आ रहे हैं। किर्बी ने कहा, '' अमेरिका का तट रक्षक बल न्यूजर्सी को सहयोग दे रहा।महत्वपूर्ण बात यह है कि किसी भी प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र में ड्रोन दिखाई देने की कोई सूचना नहीं है....।

### एंटनी ब्लिंकन ने बगदाद में इराकी प्रधानमंत्री से की मुलाकात, कहा- सीरिया को आतंकवादियों का गढ़ नहीं बनना चाहिए



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के विदेश सचिव एंटनी ब्लिंकन ने शुक्रवार को बगदाद में इराक के प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल सुदानी से मुलाकात की। इस दौरान पड़ोसी देश सीरिया के भविष्य पर बातचीत की। सीरिया में राष्ट्रपति बशर अल-असद की सरकार के तख्तापलट के बाद ब्लिंकन की बगदाद यात्रा उनके मध्य पूर्व दौरे का अंतिम पड़ाव था। अमेरिकी विदेश सचिव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, इराकी पीएम सुदानी और मैं सीरिया के ताजा घटनाक्रम पर चर्चा करने के लिए मिले। मैंने इराक की सुरक्षा, स्थिरता और संप्रभुता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को बताया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ब्लिंकन और अल सुदानी ने सीरिया में तानाशाही से लोकतंत्र लाने की आवश्यकता पर चर्चा की, ताकि सभी अल्पसंख्यकों को शामिल किया जा सके और उनकी सुरक्षा की जा सके। सीरिया आतंकवादियों का गढ़ नहीं होना चाहिए यह कहते हुए उन्होंने कहा कि हमने इस क्षेत्र और उससे परे कई देशों की प्रतिबद्धता पर चर्चा की कि सीरिया असद तानाशाही से लोकतंत्र की ओर बढ़ रहा है। यह निश्चित रूप से सीरिया में सभी अल्पसंख्यकों की रक्षा करता है, जिससे एक समावेशी, गैर-सांप्रदायिक सरकार बनती है। उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि यह इराक के लिए अपनी संप्रभुता के साथ-साथ अपनी स्थिरता, सुरक्षा और संभुप्रता को मजबूत करने का समय है। कई वर्ष पहले इराक और सीरिया में आईएसआईएस (जिसे दाएश के नाम से भी जाना जाता है) द्वारा छेड़ी हुई लड़ाई को सफलतापूर्वक खत्म करने के लिए अमेरिका और इराक द्वारा उठाए संयुक्त कदम पर भी बात की। एंटनी ब्लिंकन ने कहा, अमेरिका और इराक ने उस क्षेत्र को छीनने में सफलता हासिल की है, जिसे दाएश ने वर्षों पहले बनाया था। इराक से ज्यादा कोई भी इसके महत्व को नहीं जानता क्योंकि सीरिया में आईएसआईएस या दाएश की मौजूदगी जारी है और हम यह सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ हैं कि दाएश फिर से उभर न सके।

### दक्षिण अफ्रीकी बिजलीघर में विस्फोट में 9 कर्मचारी घायल

**जोहान्सबर्ग, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीकी बिजली कंपनी एस्कॉम के माटला पावर स्टेशन में हुए विस्फोट में नौ कर्मचारी घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। एस्कॉम ने शुक्रवार को कहा कि प्रारंभिक जांच में पता चला कि यूनिट 6 के ट्रांसफॉर्मर में उच्च दबाव वाली भाप स्टील पाइप टूटने के कारण यह विस्फोट हुआ। इसके परिणामस्वरूप जोरदार धमाका हुआ और यूनिट 6 क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति बंद हो गई। एस्कॉम ने कहा कि इस घटना के कारण काफी धूल और बिजली की कमी हुई, जिससे स्थिति का पूरा आकलन शुक्रवार सुबह तक नहीं किया जा सका। तकनीकी टीमें मौके पर हैं और वे नुकसान, काम के दायरे और मरम्मत के लिए आवश्यक समय का आकलन कर रही हैं। इस घटना में नौ कर्मचारी जलने से घायल हुए, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। दो की स्थिति अर्ध-गंभीर है, लेकिन सभी स्थिर हैं। बाकी छह कर्मचारियों को कम गंभीर चोटें आईं। हालांकि, इस घटना का लोड शेडिंग पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

# स्विट्जरलैंड ने तरजीही देश का दर्जा वापस लिया, 1 जनवरी से इन्हें होगा नुकसान

**बर्न, एजेंसी।** स्विट्जरलैंड एक जनवरी, 2025 से भारतीय कंपनियों के उस देश में अर्जित डिविडेंड पर 10 फीसदी टैक?स लगाएगा। इससे स्विट्जरलैंड में काम करने वाली भारतीय कंपनियों पर अधिक ञ्झ्ड्ड× लगने के साथ भारत में स्विस निवेश पर असर पड़ने की आशंका है।

स्विट्जरलैंड ने दोहरे कराधान से बचाव के लिए भारत के साथ हुए समझौते में सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र के प्रावधान को निलंबित कर दिया है। इस फैसले के बाद स्विट्जरलैंड में काम करने वाली भारतीय कंपनियों पर अधिक ञ्झ्ड्ड× लगने के साथ भारत में स्विस निवेश पर असर पड़ने की आशंका है। स्विट्जरलैंड के वित्त विभाग ने 11 दिसंबर को अपने एक बयान में एमएफएन दर्जा वापस लेने की जानकारी देते हुए कहा कि यह कदम भारत के सुप्रीम कोर्ट के पिछले साल आए एक फैसले के संदर्भ में उठाया गया है। स्विट्जरलैंड ने अपने इस निर्णय के लिए 2023 में नेस्ले से संबंधित एक मामले में आए उच्चतम न्यायालय के एक फैसले का हवाला दिया। डिब्बाबंद खाद्य उत्पादों के कारोबार में लगी नेस्ले का मुख्यालय स्विट्जरलैंड के वेवे शहर में है।

**क्या कह रहे एक्सपर्ट्स :** स्विस सरकार के इस फैसले पर कर परामर्शदाता नांगिया एंडरसन में कर साझेदार संदीप झुनझुनवाला ने कहा कि अब



स्विट्जरलैंड में काम करने वाली भारतीय इकाइयों की टैक्स देनदारियां बढ़ सकती हैं। एकेएम ग्लोबल फर्म में कर साझेदार अमित माहेश्वरी ने कहा कि इससे भारत में स्विस निवेश प्रभावित हो सकता है, क्योंकि एक जनवरी, 2025 या उसके बाद अर्जित आय पर मूल दोहरे कराधान संधि में उल्लिखित दरों पर कर लगाया जा सकता है।

**क्या है तरजीही राष्ट्र दर्जा :** यह दर्जा एक प्रोटोकॉल है जो भारत और स्विट्ज़रलैंड के बीच दोहरा कराधान बचाव समझौते का हिस्सा है। स्विट्ज़रलैंड ने कहा कि इस समझौते के तरजीही राष्ट्र के प्रावधान को निलंबित कर दिया गया है। यह दर्जा वापस लेने का मतलब है कि स्विट्जरलैंड एक जनवरी, 2025 से भारतीय कंपनियों के उस देश में अर्जित डिविडेंड पर 10 फीसदी टैक?स लगाएगा।

**सुप्रीम कोर्ट ने दिया था यह आदेश :** यह फैसला पिछले साल भारत के सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के बाद आया है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया था कि डीटीएए को तब तक लागू नहीं किया जा सकता जब तक कि इसे आयकर अधिनियम के तहत अधिसूचित न किया जाए। इस फैसले का मतलब था कि नेस्ले जैसी स्विस कंपनियों को डिविडेंड पर अधिक टैक्स देना होगा। सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को पलट दिया था। उस आदेश ने यह सुनिश्चित किया था कि विदेशी संस्थाओं में या उनके लिए काम करने वाली कंपनियों और व्यक्तियों पर दोहरा कराधान न हो।

**भारत में निवेश पर असर पड़ने की आशंका :** टैक्स विशेषज्ञों का कहना है कि स्विट्जरलैंड के इस कदम से भारत में निवेश प्रभावित हो सकता है। कारण है कि डिविडेंडड पर ज्यादा विदहोल्डिंग टैक्स लगेगा। यह इस साल मार्च में हस्ताक्षरित एक व्यापार समझौते के तहत चार देशों के यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ की ओर से 15 साल की अवधि में भारत में 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता के लिए जोखिम पैदा करता है। ईएफटीए आइसलैंड, लिकटेंस्टाइन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड का एक अंतर सरकारी समूह है।

**फिर से बातचीत की जरूरत होगी : विदेश मंत्रालय :** भारत ने शुक्रवार को कहा कि यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य देशों के साथ व्यापार समझौते के मद्देनजर स्विट्जरलैंड के साथ उसकी दोहरी कराधान संधि पर फिर से बातचीत की जरूरत पड़ सकती है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में कहा, 'मेरी समझ से स्विट्जरलैंड के साथ ईएफटीए के कारण हमारी दोहरी कराधान संधि पर फिर से बातचीत होने जा रही है। यह इसका एक पहलू है।'

## रिपब्लिकन ने अमेरिकी सदन में हासिल किया बहुमत, कांग्रेस पर रहेगा पूरा कंट्रोल

**वाशिंगटन, एजेंसी।** नवर्वाचित राष्ट्रपति ने देश के अब तक के सबसे बड़े निर्वासन अभियान को अंजाम देने, कर छूट बढ़ाने, अपने राजनीतिक दुश्मनों को दंडित करने, संघीय सरकार के सबसे शक्तिशाली उपकरणों पर नियंत्रण हासिल करने और अमेरिकी अर्थव्यवस्था को नया आकार देने का वादा किया है। जीओपी चुनाव की जीत यह सुनिश्चित करती है कि कांग्रेस उस एजेंडे में शामिल होगी, और डेमोक्रेट इसे रोकने के लिए लगभग शक्तिहीन होंगे।

रिपब्लिकन ने अमेरिकी सदन को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त सीटें जीत ली हैं, जिससे पार्टी सत्ता में आ गई है और निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ अमेरिकी सरकार पर अपनी पकड़ सुरक्षित कर ली है। एरिजोना में हाउस रिपब्लिकन की जीत के साथ-साथ कैलिफोर्निया में जीओपी को 218 हाउस की जीत दिलाई जो बहुमत बनाती है। रिपब्लिकन ने पहले डेमोक्रेट से सीनेट पर नियंत्रण हासिल किया था। कठिन संघर्ष के बावजूद कम बहुमत के साथ, रिपब्लिकन नेता संघीय सरकार को उखाड़ फेंकने और देश के लिए ट्रम्प के दृष्टिकोण को तेजी से लागू करने के लिए जनादेश की कल्पना कर रहे हैं। नवर्वाचित राष्ट्रपति ने देश के अब तक के सबसे बड़े निर्वासन अभियान को अंजाम देने, कर छूट बढ़ाने, अपने राजनीतिक दुश्मनों को दंडित करने, संघीय सरकार के सबसे शक्तिशाली उपकरणों पर नियंत्रण हासिल करने और अमेरिकी अर्थव्यवस्था को नया आकार देने का वादा किया है। जीओपी चुनाव की जीत यह सुनिश्चित करती है कि कांग्रेस उस एजेंडे में शामिल होगी, और डेमोक्रेट इसे रोकने के लिए लगभग शक्तिहीन होंगे।

जब ट्रम्प 2016 में राष्ट्रपति चुने गए, तो रिपब्लिकन ने भी कांग्रेस में जीत हासिल की, लेकिन फिर भी उन्हें अपने नीतिगत विचारों के प्रतिरोधी रिपब्लिकन नेताओं के साथ-साथ उदार बहुमत वाले सुप्रीम कोर्ट का सामना करना पड़ा। इस बार नही। जब वह व्हाइट हाउस लौटेंगे, तो ट्रम्प एक रिपब्लिकन पार्टी के साथ काम करेंगे जो उनके मेक अमेरिका ग्रेट अगेन आंदोलन और उनके द्वारा नियुक्त तीन न्यायाधीशों सहित रूढ़िवादी न्यायाधीशों के प्रभुत्व वाले सुप्रीम कोर्ट द्वारा पूरी तरह से बदल दी गई है।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले को लेकर बोले भारतीय अमेरिकी सांसद- समय आ गया है कि अमेरिका कार्रवाई करे

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे हमलों के मुद्दे पर अमेरिकी सांसद श्री थानेदार ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि अमेरिकी संसद इस मामले पर कार्रवाई करे। शेख हसीना सरकार के सत्ता से बाहर होने के बाद से ही श्री थानेदार लगातार हिंदुओं पर हो रहे हमलों का मुद्दा उठा रहे हैं। गुरुवार को व्हाइट हाउस ने बताया कि राष्ट्रपति जो बाइडन बांग्लादेश की स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं।

**भारतीय अमेरिकी सांसद ने दी प्रतिक्रिया :** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले पर अमेरिकी सांसद श्री थानेदार ने कहा, भीड़ ने हिंदू मंदिरों को नष्ट कर दिया। अब समय आ गया कि इसपर अमेरिकी संसद और अमेरिकी सरकार कार्रवाई करें। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए हरसंभव उपकरण का अपयोग करने की आवश्यकता है। बांग्लादेश पर आरोप लगाते हुए थानेदार ने कहा, 1971 में पाकिस्तान से आजादी मिलने के बाद से ही बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा जारी है। हाल ही में हमने देखा कि एक हिंदू पुजारी को गिरफ्तार कर लिया गया और उसके वकील की हत्या कर दी गई। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेस में कहा, शेख हसीना सरकार के पतन के बाद बांग्लादेश में सुरक्षा स्थिति कठिन हो गई।

# ओपन एआई पर आरोप लगाने वाले सुचिर बालाजी की मौत : अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में शव मिला

**सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी।** अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) रिसर्चर सुचिर बालाजी 26 नवंबर को अपने अपार्टमेंट में मृत पाए गए थे। पुलिस को शक है कि 26 साल के इंडो-अमेरिकन सुचिर ने आत्महत्या की थी। शिकागो ट्रिब्यून के मुताबिक, पुलिस का कहना है कि उन्हें जांच में किसी भी तरह की गड़बड़ी के सबूत नहीं मिले हैं। 26 नवंबर का यह मामला 14 दिसंबर को चर्चा में आया। नवंबर 2020 से अगस्त 2024 तक ओपन एआई के लिए काम करने वाले सुचिर तब चर्चा में आए थे जब उन्होंने कंपनी को लेकर कई चौंकाने वाले खुलासे किए थे। न्यूयॉर्क टाइम्स को दिए इंटरव्यू में सुचिर ने कहा था कि ओपन एआई का बिजनेस मॉडल स्टेबल नहीं है और इंटरनेट इकोसिस्टम के लिए बेहद खराब है। सुचिर ने आरोप लगाया था कि कंपनी ने अपना प्रोग्राम डेवलप करने के लिए ऑनलाइन डेटा की नकल की अमेरिका के कॉपीराइट नियमों के उल्लंघन किया। उन्होंने लोगों से जल्द से जल्द कंपनी छोड़ देने के लिए भी कहा था। इलॉन मस्क ने इस खबर पर रिएक्ट किया है।

**सुचिर बालाजी कौन हैं?** सुचिर बालाजी ने यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया बर्कले में कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई की और ओपन एआई में स्केल एआई में इंटर्नशिप की। वह 2020 में ओपन एआई के लिए काम करने



वाले बर्कले ग्रेजुएट्स में शामिल थे। न्यूयॉर्क टाइम्स मुताबिक, बालाजी ने 2022 की शुरुआत में जीपीटी-4 नामक एक नई परियोजना के लिए डेटा इकट्ठा करना शुरू किया। 2022 के आखिर में उन्होंने इस बात को महसूस किया कि कंपनी अपना प्रोग्राम डेवलप करने के लिए कॉपीराइट कानून का उल्लंघन कर रही थी। मस्क ने ओपन एआई पर मुकदमा दायर किया बता दें कि मस्क ने अल्टमैन के साथ मिलकर 2015 में ओपन एआई बनाई थी। यह एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) रिसर्च कंपनी है जो चेट जीपीटी जैसी सेवाएं बनाती है। मस्क ने 2018 में कंपनी के बोर्ड से इस्तीफा दे दिया था।

बाद में मस्क ने ओपन एआई और सैम अल्टमैन समेत कंपनी के कई अन्य लोगों पर मुकदमा भी दायर किया। मस्क ने ओपन एआई-अल्टमैन समेत सभी लोगों पर 2015 में चेटजीपीटी-मेकर को स्थापित करने में मदद करने के दौरान किए गए कॉन्ट्रैक्चुअल एग्रीमेंट्स का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया था।

मुनाफा कमाने पर फोकस से टूटा समझौता मस्क की तरफ से दायर लॉ-सूट में कहा गया था कि अल्टमैन ने ओपन एआई के को-फाउंर ग्रेग ब्रॉकमैन के साथ मिलकर एक ओपन सोर्स, नॉन-प्रॉफिट कंपनी बनाने के लिए मस्क से संपर्क किया था। यह कंपनी इंसानों के फायदे के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टेक्नोलॉजी डेवलप करती। मस्क के वकीलों ने कहा कि ओपन एआई के मुनाफा कमाने पर फोकस करने से यह समझौता टूट गया।

## जर्मनी में गहराया राजनीतिक संकट, विश्वास मत के बाद आएगी मध्यावधि चुनाव की आहट?

**बर्लिन, एजेंसी।** यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था राजनीतिक उथल-पुथल में घिर गई है। महीनों की अंदरूनी कलह के बाद स्कोल्ज़ का तीन-पक्षीय गठबंधन टूट गया। जर्मन संसद में चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ विश्वास मत निश्चित रूप से हारेंगे। आखिरी बार किसी जर्मन चांसलर ने लगभग 20 साल पहले विश्वास मत मांगा था। लेकिन 16 दिसंबर को जर्मन नेता ओलाफ स्कोल्ज़ बुंडेस्टाग के सदस्यों से वोट करने के लिए कहेंगे यदि वे अभी भी उनका समर्थन करते हैं। स्कोल्ज़ के वोट हारने की व्यापक संभावना है, जिससे जर्मन राष्ट्रपति फ्रैंक-वाल्टर स्टीनमीयर तीन सप्ताह के भीतर संसद को भंग कर देंगे, जिससे 23 फरवरी की शुरुआत में आकस्मिक चुनाव का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरी बार चुने जाने के कुछ ही घंटों बाद जर्मन सरकार गिर गई, स्कोल्ज़ ने जर्मन वित्त मंत्री क्रिश्चियन लिंडनर को भावनाओं



के एक आश्चर्यजनक प्रदर्शन में निकाल दिया, जो प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रदर्शित हुआ था। तब से, यह सामने आया है कि लिंडनर की पार्टी ने गठबंधन तोड़ने की पूर्व-योजना बनाई थी, और कुछ लोकप्रियता हासिल करने के लिए समय से पहले चुनाव कराने के अपने सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद, चिंताएं हैं कि उदारवादी (एफडीपी) ऐसा नहीं करेंगे। संसद में प्रवेश के लिए आवश्यक 5त्न सीमा से अधिक तक पहुँचें।

**नए चुनावों में वास्तव में क्या दांव पर लगा है:** जर्मनी की अर्थव्यवस्था लगातार स्थिर बनी हुई है क्योंकि वोक्सवैगन, थिसेनक्रुप और बॉश जैसी प्रमुख कंपनियां इलेक्ट्रिक वाहनों सहित हजारों नौकरियों और बाजारों को खत्म करने की योजना बना रही हैं, एशियाई बाजारों की ओर बढ़ रही हैं, एक जोखिम है कि राजनीतिक अस्थिरता अर्थव्यवस्था को हतोत्साहित कर सकती है। ठीक हो रहा है। फंके का कहना है कि राजनीतिक दल दबाव महसूस कर रहे हैं। ऑटोमोटिव और स्टील उद्योगों के साथ-साथ आपूर्तिकर्ताओं के बीच गंभीर संकट को देखते हुए, अन्य देशों की तुलना में असाधारण रूप से कम विकास की संभावनाओं के साथ, ढाई महीने में चुनाव से पहले कुछ उपायों को लागू करने का महत्वपूर्ण दबाव है।

## फ्रांस के नए प्रधानमंत्री नियुक्त हुए फ्रांस्वा बायरू, मैक्रों के हैं करीबी

**पेरिस, एजेंसी।** 2025 के विधेयक पर संसदीय विरोध के कारण पूर्व प्रधान मंत्री मिशेल बार्नियर की सरकार गिर गई। 73 वर्षीय बायरू आने वाले दिनों में अपने मंत्रियों की सूची सामने रखेंगे, लेकिन तीन युद्धरत गुटों वाली त्रिशंकु संसद के माध्यम से कानून बनाने में उन्हें बार्नियर के समान ही अस्तित्वगत कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने फ्रेंकोइस बायरू को 2024 का अपना तीसरा प्रधान मंत्री नामित किया। अनुभवी मध्यमार्गी को पिछले छह महीनों में देश को दूसरे बड़े राजनीतिक संकट से बाहर निकालने का काम सौंपा। मैक्रों के करीबी सहयोगी बायरू के लिए प्राथमिकता 2024 के बजट को लागू करने के लिए एक विशेष कानून पारित करना होगा, साथ ही अगले साल की शुरुआत में 2025 के कानून पर और भी गंभीर लड़ाई होने वाली है। 2025 के विधेयक पर संसदीय विरोध के कारण पूर्व प्रधान मंत्री मिशेल बार्नियर की सरकार गिर गई। 73 वर्षीय बायरू आने वाले दिनों में अपने मंत्रियों की सूची सामने रखेंगे, लेकिन तीन युद्धरत गुटों वाली त्रिशंकु संसद के माध्यम से कानून बनाने में उन्हें बार्नियर के समान ही अस्तित्वगत कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। अत्यधिक अलोकप्रिय मैक्रों से उनकी निकटता भी



एक कमजोरी साबित होगी। फ्रांस की बढ़ती राजनीतिक अस्वस्थता ने इस बात पर संदेह पैदा कर दिया है कि क्या मैक्रॉन अपना दूसरा राष्ट्रपति कार्यकाल पूरा करेंगे, जो 2027 में समाप्त होगा। बार्नियर के निष्कासन के बाद मैक्रॉन ने कई दिन रूढ़िवादियों से लेकर कम्युनिस्टों तक के नेताओं से बात करके बायरू के लिए समर्थन हासिल करने में बिताए। मरीन ले पेन की धुर-दक्षिणपंथी राष्ट्रीय रैली और कट्टर-वामपंथी फ्रांस अनबोएड को बाहर रखा गया। गठबंधन में सोशलिस्ट पार्टी की किसी भी भागीदारी की कीमत मैक्रॉन को अगले साल के बजट में चुकानी पड़ सकती है। एक सरकारी सलाहकार ने शुक्रवार को कहा, अब हम देखेंगे कि सोशलिस्ट पार्टी के समर्थन की कीमत कितने अरब होगी।

# यात्रा के दौरान पूर्व अमेरिकी हाउस स्पीकर नैंसी पेलोसी को लगी चोट, अस्पताल में चल रहा है इलाज

**लक्जमबर्ग , एजेंसी।** पूर्व अमेरिकी हाउस स्पीकर नैंसी पेलोसी को लक्जमबर्ग की आधिकारिक यात्रा के दौरान चोट लग गई। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। पेलोसी के प्रवक्ता ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। वह बैटल ऑफ द बुल्ज की 80वी वर्षगांठ मनाने के लिए कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल के साथ यात्रा कर रही थीं। बता दें कि बैटल ऑफ बुल्ज द्वितीय विश्व युद्ध का एपिसोड है। यह जर्मन आक्रमण के परिणामस्वरूप शुरू हुआ और गठबंधन बलों की जीत के साथ समाप्त हुआ।

**लक्जमबर्ग की यात्रा के दौरान लगी चोट :** नैंसी पेलोसी के प्रवक्ता इयान क्रैगर ने कहा, बैटल ऑफ द बुल्ज की 80वीं वर्षगांठ मनाने के लिए लक्जमबर्ग में एक कांग्रेस प्रतिनिमंडल के साथ यात्रा के दौरान स्पीकर एमेरिटा नैन्सी पेलोसी को चोट लग गई। उन्हें फिलहाल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनका इलाज जारी है। उन्होंने चोट के कारण बाकी कार्यक्रमों में शामिल न होने पर दुख जताया। प्रवक्ता ने आगे कहा, स्पीकर एमेरिटा नैन्सी पेलोसी डॉक्टरों से इलाज करवा रही हैं। उन्होंने काम करना जारी रखा है। उन्हें इस बात का दुख है कि वह सैनिकों के साहस का सम्मान करने के लिए शेष सीओडीईएल कार्यक्रमों में भाग लेने में असमर्थ है। नैंसी पेलोसी ने अपना आभार व्यक्त करते हुए अमेरिकी दिग्गजों का धन्यवाद किया।

**पेलोसी ने लक्जमबर्ग के लोगों का जताया आभार :** प्रवक्ता ने अपने बयान में आगे कहा, स्पीकर एमेरिटा पेलोसी ने हमारे दिग्गजों का धन्यवाद किया। उन्होंने द्वितीय



विश्वयुद्ध में यूरोप में शांति लाने में दिग्गजों की भूमिका के लिए लक्जमबर्ग और बास्टोग्ने के लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। नैंसी पेलोसी को प्रतिनिधिमंडल के साथ यात्रा करने के लिए व्यक्तिगत और आधिकारिक रूप से सम्मानित किया गया था। उन्हें सम्मानित करने वालों में से कई लोगों के परिवार के सदस्य द्वितीय विश्व युद्ध में शामिल हुए थे। इस युद्ध में उनके (पेलोसी) चाचा जॉनी भी शामिल थे। फिलहाल वह अमेरिका वापस लौटने की प्रतिक्षा कर रही है। बता दें कि नैंसी पेलोसी ने स्पीकर ऑफ द हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स के अध्यक्ष के रूप में काम किया। वह साल 2007 में सदन की अध्यक्ष के तौर पर सेवा करने वाली पहली महिला भी थीं।

**सीरियाई जेल से रिहा हुए अमेरिकी नागरिक को बाहर निकाला गया : अमेरिकी अधिकारी : दश्मिक, एजेंसी।** अमेरिकी सेना ने सीरिया की जेल से रिहा किए गए एक अमेरिकी नागरिक को बाहर निकाल लिया। अमेरिका के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सात महीने पहले लापता हुए अमेरिकी नागरिक ट्रैविस टिमरमैन को पूर्व राष्ट्रपति बशर असद की कुख्यात जेल में रखा गया था और वह उन हजारों लोगों में से एक था, जिन्हें विद्रोहियों द्वारा इस सप्ताह रिहा किया गया था।

इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि ट्रैविस टिमरमैन को अमेरिकी सैन्य हेलीकॉप्टर के जरिये सीरिया से बाहर निकाला गया। टिमरमैन (29) ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि वह ईसाई तीर्थयात्रा पर सीरिया गया था और हिरासत में रखे जाने के दौरान उसके साथ बुरा व्यवहार नहीं किया गया। अमेरिकी नागरिक ने बताया कि विद्रोहियों ने जेल में आकर हथौड़े से (उसकी कोठरी का) दरवाजा तोड़कर उसे मुक्त कराया। टिमरमैन ने बताया कि उसे सोमवार की सुबह एक सीरियाई युवक और 70 महिला कैदियों के साथ रिहा किया गया, जिनमें से कुछ के साथ उनके बच्चे भी थे।

# दुलकर सलमान के साथ जल्द नजर आएंगी पूजा हेगड़े



पूजा हेगड़े साल 2025 में कई फिल्मों में नजर आने वाली हैं। वह रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है जवानी तो इश्क होना है में दिखेंगी। अब रिपोर्ट के अनुसार, वह एक तेलुगू रोमांटिक ड्रामा फिल्म में नजर आने वाली हैं। फिलहाल फिल्म का नाम अभी तय नहीं हुआ है।

### कब से शुरू होगी शूटिंग?

सूत्रों के अनुसार निर्माताओं को एक नई जोड़ी की तलाश थी। दुलकर सलमान और पूजा ने दक्षिण सिनेमा में प्रमुख नाम होने के बावजूद कभी एक साथ स्क्रीन साझा नहीं की है। इसलिए, उन्हें साथ लाने से दर्शकों को कहानी में ताजगी का एहसास होगा। निर्माताओं ने दोनों को पर्दे पर साथ लाने का यह प्रोजेक्ट 2025 के अंत में शुरू होने की संभावना है।

### कई रोमांटिक फिल्मों में दिख चुके हैं दुलकर सलमान

अपने 12 साल के करियर में सलमान ने कई रोमांटिक ड्रामा फिल्मों में शानदार अभिनय किया है, जिनमें ओ कधल कनमनी (2015) से लेकर सीता रामम (2022) जैसी फिल्मों तक शामिल हैं।

### थ्रिलर के बाद दोबारा करने जा रहे रोमांटिक फिल्में

चुप- रिवेंज ऑफ द आर्टिस्ट



(2022), किंग ऑफ कोठा (2023) और लकी भास्कर जैसी थ्रिलर फिल्मों के बाद वह अब रोमांटिक कहानियों में वापसी को लेकर उत्साहित हैं। एक अन्य सूत्र ने कहा, दुलकर सलमान को अपनी फिल्मों के जरिए प्यार के अलग-अलग पहलुओं को एक्सप्लोर करना बहुत पसंद है। वह अपनी आगामी रोमांटिक ड्रामा फिल्मों को लेकर उत्साहित हैं, क्योंकि ये एक-दूसरे से बिलकुल अलग हैं।

### पूजा इन फिल्मों में कर रहीं काम

वर्क फ्रंट की बात करें तो पूजा इस साल की शुरुआत में शाहिद कपूर के साथ एक्शन थ्रिलर फिल्म देवा में नजर आएंगी। इसके अलावा उनके पास विजय के साथ थलपति 69 और सूर्या के साथ सूर्या 44 जैसी फिल्में भी हैं। इसके अलावा वह फिल्म है जवानी तो इश्क होना है में भी नजर आने वाली हैं, जिसमें वरुण धवन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।



# क्या भूल भुलैया 4 में होगी खिलाड़ी कुमार की वापसी? अनीस बज्मी ने तोड़ी चुप्पी



भूल भुलैया फ्रेंचाइजी की अब तक तीन फिल्में आ चुकी हैं। पहली फिल्म में अक्षय कुमार लीड रोल में नजर आए थे। फिर दूसरी फिल्म में कार्तिक आर्यन ने उन्हें रिप्लेस कर दिया और इसी साल नवंबर में रिलीज हुई भूल भुलैया 3 में भी कार्तिक आर्यन ही नजर आए। क्या चौथी किस्त में अक्षय कुमार की वापसी हो सकती है, इसकी संभावनाओं पर फिल्म के निर्देशक अनीस बज्मी ने प्रतिक्रिया दी है। अक्षय कुमार के फैंस चाहते हैं कि भूल भुलैया फ्रेंचाइजी की फिल्म में खिलाड़ी वापसी करें। हाल ही में अनीस बज्मी ने अभिनेता के साथ फिर से जुड़ने के बारे में अपना उत्साह जताया। इसे लेकर उन्होंने कहा, अगर कहानी में कहीं ऐसी गुंजाइश होती है तो इस बात की पूरी संभावना है कि अक्षय की वापसी हो। अनीस बज्मी ने कहा, दोस्ती, प्यार और हर चीज का एक शानदार बॉन्ड है। अगर कहानी फिट बैठती है, तो मुझे अक्षय कुमार को वापस फिल्म में लेते हुए खुशी होगी।

### स्क्रिप्ट पर टिकी है पूरी संभावनाएं

अनीस बज्मी ने अक्षय की वापसी का संकेत देते हुए कहा कि उनकी वापसी तभी होगी, जब अगली फिल्म की कहानी में ऐसी डिमांड होगी। अनीस बज्मी ने पिंकविला के साथ बातचीत में यह कहा। अनीस बज्मी ने इस बात पर भी जोर दिया कि पिछले कुछ वर्षों में उनके और अक्षय कुमार के बीच के प्रोफेशनल रिश्ते, आपसी सम्मान और समझ की नींव पर बने हैं।

### वही किरदार आएगा वापस?

अनीस बज्मी ने आगे कहा कि अभिनेता की वापसी के बारे में कोई भी फैसला आखिरकार इस बात पर निर्भर है कि स्क्रिप्ट अक्षय के किरदार और फिल्म के निर्देशन के अनुकूल है या नहीं। इससे इस बात की अटकलें भी लगाई जा सकती हैं कि चौथी किस्त में पिछली फिल्मों का ही अक्षय का किरदार वापसी करेगा या कोई नई अप्रोच होगी।



# सूर्या 45 में विजय सेतुपति के साथ दो-दो हाथ करेंगे सूर्या



साउथ सुपरस्टार सूर्या की 45वीं फिल्म का आधिकारिक एलान हो चुका है। निर्माताओं ने सूर्या 45 का पोस्टर जारी करते हुए जानकारी दी थी। इस फिल्म के निर्देशन की कमान आर बालाजी संभालेंगे। वहीं, अब अभिनेता की फिल्म पर नई जानकारी सामने आई है, जो फिल्म के खलनायक से जुड़ी हुई है। चलिए आपको बताते हैं कि इस फिल्म में सूर्या किस अभिनेता के साथ दो-दो हाथ करेंगे।

### विजय सेतुपति बनेंगे खलनायक

सूर्या 45 के निर्माता एक के बाद एक फिल्म के बारे में अपडेट देने में लगे हुए हैं। अभिनेता-फिल्म निर्माता आरजे बालाजी द्वारा निर्देशित, हाल ही में यह घोषणा की गई थी कि युवा और सनसनीखेज संगीतकार साई अभ्यंकर एआर रहमान की जगह इस प्रोजेक्ट में शामिल हैं। अब, नई रिपोर्टों के अनुसार, अभिनेता विजय सेतुपति के साथ प्रतिपक्षी की भूमिका निभाने के लिए चर्चा चल रही है। क्या मास्टर अभिनेता एक बार फिर खलनायक की भूमिका निभाएंगे और सूर्या के साथ अभिनय करेंगे? केवल आधिकारिक घोषणा ही इसका खुलासा करेगी।

### विजय सेतुपति का खलनायक अवतार

दर्शक पहले ही विजय सेतुपति का खतरनाक अवतार देख चुके हैं, जिन्होंने मास्टर, विक्रम और विक्रम वेधा जैसी फिल्मों में खलनायक की भूमिका निभाई है। अभिनेता ने कुछ समय के लिए खलनायक की भूमिकाएं निभाने से ब्रेक लिया था, ऐसा लग रहा है कि फैंस उन्हें आगामी फिल्म सूर्या 45 में फिर से खेलते हुए देखेंगे। कथित तौर पर टीम अभिनेता के साथ बातचीत कर रही है और अगर सब ठीक रहा तो दर्शक सूर्या और विजय सेतुपति को सूर्या 45 में भिड़ते हुए देख सकते हैं। टीम द्वारा अभी आधिकारिक घोषणा की जानी बाकी है।

### सूर्या के साथ रोमांस करेंगे तृषा

सूर्या 45 को आरजे बालाजी ने लिखा और निर्देशित किया है और इसे ड्रीम वॉरियर पिक्चर्स ने प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म में सूर्या पहली बार आरजे बालाजी के साथ काम कर रहे हैं। इस प्रोजेक्ट की शूटिंग कुछ दिन पहले पोलाची में शुरू हुई थी, जिसमें अभिनेत्री तृषा मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं। जब सूर्या 45 की पहली बार घोषणा की गई थी तो एआर रहमान को संगीतकार के रूप में पुष्टि की गई थी।

# पत्रलेखा ने बॉलीवुड में अपने बुरे दौर को किया याद



राजकुमार राव और पत्रलेखा ने एक-दूसरे को 11 साल तक डेट किया और फिर 2021 में यह कपल शादी के बंधन में बंध गया। अब एक इंटरव्यू में पत्रलेखा ने अपने फिल्मी करियर के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि राजकुमार राव के लिए यह देखना बहुत मुश्किल था कि वह फिल्म इंडस्ट्री में सफलता पाने के लिए स्ट्रगल कर रही थीं। पत्रलेखा ने कहा, जब आप अपने करियर में अच्छा नहीं कर पाते हैं, तो आप उस पर कड़ी मेहनत करते हैं। लेकिन मुश्किल तब होती है, जब आपका पार्टनर या भाई-बहन अच्छा नहीं कर रहे होते हैं। उस समय आप उनकी स्थिति को महसूस तो करते हैं, लेकिन कुछ नहीं कर पाते। यही अनुभव राजकुमार राव का मेरे साथ था। पत्रलेखा ने कहा, एक समय ऐसा था जब मैं काफी संघर्ष कर रही थी और उस वक्त राजकुमार काफी सफलता हासिल कर रहे थे। फिर भी, वह कभी-कभी अपनी फिल्मों के बारे में बात नहीं करते थे, ताकि मुझे बुरा न लगे और मैं दुखी न हो जाऊं। हालांकि, वह मुझसे कुछ नहीं कहते थे, लेकिन मुझे पता था कि मेरा संघर्ष करना उन्हें दुखी करता था।



# फिर एफआईआर लिखने आ रहीं हैं चंद्रमुखी चौटाला?

शो एफआईआर के प्रशंसकों को पुरानी यादें ताजा हो गई हैं। कविता कौशिक ने पूरी कास्ट के साथ एक खास मुलाकात की झलक साझा की है। इस मौके पर आमिर अली, सपना सिकरवार, गोपी भल्ला, संदीप आनंद के साथ कविता खुद भी मौजूद थीं। उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया और लिखा- हाये दइया कहां जाउ मैं, एफआईआर लिखूं। कविता शो में चंद्रमुखी चौटाला के किरदार के लिए मशहूर थीं, साथ ही उनके अंदाज को लोग खूब पसंद करते थे। हालांकि, कांस्टेबल गुलगुले की भूमिका निभाने वाले कीकू शारदा इस रियूनियन में अनुपस्थित रहे।

# फहद फासिल की पहली बॉलीवुड फिल्म होगी इडियट्स ऑफ इस्तांबुल



फहद फासिल इन दिनों अपनी नई फिल्म पुष्पा 2 द रूल को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म में उन्होंने भंवर सिंह शेखावत के रूप में खलनायक का किरदार निभाया है। वहीं, अब वे फिल्म की दमदार सफलता का जश्न मना रहे हैं। वहीं, अब अभिनेता की नई फिल्म के बारे में दिलचस्प जानकारी सामने आई है। पुष्पा 2- द रूल की ब्लॉकबस्टर सफलता के बाद फहद फासिल अब अपनी पहली बॉलीवुड परियोजना के लिए तैयार हैं, जिसका आखिरकार शीर्षक सामने आ गया है। फहद फासिल की पहली बॉलीवुड फिल्म का नाम इडियट्स ऑफ इस्तांबुल है, जो एक अपरंपरागत प्रेम कहानी है, इसका निर्देशन इम्तियाज अली करेंगे। बताया गया कि यह एक अनोखा शीर्षक है, क्योंकि इम्तियाज अली गहन रोमांस से लेकर जीवन के कुछ पहलुओं पर आधारित रोमांटिक कॉमेडी तक की शैली बदल रहे हैं। आगे कहा गया कि कहानी के लिए इडियट्स ऑफ इस्तांबुल जैसा शीर्षक चाहिए, क्योंकि दो प्रमुख पात्र तुर्की के सबसे बड़े शहर की यात्रा पर हैं। फहद फासिल की फिल्म में कास्टिंग एकदम सही है और अभिनेता भी इम्तियाज अली और टीम के साथ यात्रा करने के लिए उत्साहित हैं।



# अब मैं अनन्या का पिता और भावना का पति हूं, लेडीज मेरे लिए बहुत लकी रही हैं

**एक्टर चंकी पांडे ने अपने करियर में काफी उतार-चढ़ाव देखा है। इन दिनों भी वह चुनिंदा फिल्मों में नजर आते हैं। हालांकि, अपने काम के अलावा, वह एक्टर बिटिया अनन्या पांडे और फैबुलस लाइफ ऑफ बॉलिवुड वाइव्स फेम पत्नी भावना के चलते भी चर्चा में बने रहते हैं। हाल ही में फिल्म विजय 69 में दिखे।**

**फिल्म में आपका किरदार कहता है कि हम सब अपनी जिंदगी में करना कुछ चाहते हैं, मगर कर कुछ और रहे होते हैं, आप खुद इस दौर से कभी गुजरे हैं? और उस दौर से कैसे उबरे?**

हम सबकी जिंदगी में ऐसा होता ही है कि हम सोचते कुछ हैं, मगर होता कुछ और है। मेरी जिंदगी में तो बहुत लो फेज आए हैं। मैंने बहुत बुरा वक्त देखा है। बिना काम के रहा हूं लेकिन मेरा मानना है कि आपको अपने बुरे दौर को सबसे ज्यादा इंजॉय करना चाहिए, क्योंकि तब आप पर किसी की नजर नहीं होती है। कोई आपको देख नहीं रहा होता है तो आप बहुत कुछ एक्सपेरिमेंट कर सकते हैं। तब आपके पास वक्त ही वक्त होता है, तो आप कोई नई हॉबी शुरू कर सकते हैं। अपनी सेहत पर ध्यान दे सकते हैं। परिवार को वक्त दे सकते हैं, तो अपने लो फेज में जब मेरे पास यहां काम नहीं था, मैं बांग्लादेश चला गया। मैं वहां फिल्में करने लगा। फिर मेरी शादी हुई और मेरी पत्नी भावना मेरी जिंदगी में आई, जो मेरी लकी चार्म साबित हुई। उसके बाद मैंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। फिर मेरी दो बेटियां हुईं और सब अच्छा हो गया।

**आपकी बेटी अनन्या आज की पीढ़ी के ऐक्टर्स का प्रतिनिधित्व करती हैं। ऐसे में, आप दोनों के बीच ऐक्टिंग को लेकर किस तरह की चर्चा होती है? क्या आप उनसे कुछ सीखते हैं?**

सच कहूं तो मुझे आज की युवा पीढ़ी के ऐक्टर्स बहुत पसंद है। मैं उनसे ऐक्टिंग सीखता हूं। आज के इन ऐक्टर्स के लिए लेस इज मोर यानी वे कम में ज्यादा कहने की कोशिश करते हैं। हमारे जमाने में तो ऐक्टिंग हमेशा बहुत ड्रमैटिक और लाउड हुआ करती थी। आज के ऐक्टर्स बहुत सहज तरीके से ऐक्टिंग करते हैं। वे किरदार में घुस जाते हैं। इसलिए, मेरा मानना है कि हम लोगों को खुद को री इन्वेंट करने के लिए इनकी नकल करनी चाहिए।

**आपने पत्नी भावना को अपना लकी चार्म कहा। लेकिन जब उन्होंने फैबुलस लाइफ ऑफ बॉलिवुड वाइव्स करने को कहा तो आपकी प्रतिक्रिया क्या थी? क्या कोई हिचक हुई क्योंकि उसमें आपकी निजी जिंदगी भी दिखाई जानी थी?**

नहीं, बिल्कुल नहीं, बल्कि मैं तो बहुत खुश था कि भावना को वह शो करने का मौका मिला और उसे इतना प्यार मिला। लोगों के लिए मैं पहले चंकी पांडे था, फिर अनन्या का पापा बन गया और अब मैं भावना का पति बन गया हूं (हंसते हैं) तो लेडीज मेरे लिए बहुत लकी रही हैं और बस अभी मैं उनके कंधों पर बंदूक चला रहा हूं।

**फिल्म में विजय का किरदार 69 की उम्र में ट्रायथलॉन जैसे एडवेंचर पर जाता है। आप खुद 60 पार कर चुके हैं, आपकी ऐसी कोई अधूरी ख्वाहिश है?**

मैं पायलट बनना चाहता हूं। हालांकि, वैसे 62 की उम्र में यह बहुत ही मुश्किल है, लेकिन हाल ही में मैंने अपनी आंखें चेक कराई हैं और उस लिहाज से मैं प्लेन उड़ाने के लिए फिट हूं, तो अगर मुझे चांस मिले तो मैं पायलट बनना चाहता हूं। अभी ही मैंने अपना ड्राइविंग टेस्ट भी पास किया है। वैसे, मैं अच्छा गाड़ी चला लेता हूं लेकिन 18 साल की उम्र में मैं ड्राइविंग टेस्ट में फेल हो गया था। उसके बाद जरूरत नहीं पड़ी, क्योंकि ड्राइवर आ गया था। बाकी, मैंने फिल्मों में गाड़ी चलाई हैं, पर वहां लाइसेंस नहीं लगता है लेकिन अभी जब मैं इंटरनैशनल ड्राइविंग लाइसेंस बनाने गया तो उन्होंने कहा भाई, आपको टेस्ट देना पड़ेगा, क्योंकि आपकी उम्र 60 से ज्यादा है, तो मैंने टेस्ट पास किया।



# तीसरा टेस्ट : हेड और स्मिथ के शतकों से ऑस्ट्रेलिया का विशाल स्कोर , 405/7

### -बुमराह ने लिए पांच विकेट

**गाबा (एजेंसी)।** ट्रेविस हेड और स्टीव स्मिथ के शानदार शतकों से ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय टीम के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के दूसरे दिन अपनी पहली पारी में सात विकेट पर 405 रन बना लिए थे। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय मिचेल स्टार्क 7 रन और एलेक्स कैरी 45 रन बनाकर खेल रहे थे। ट्रेविस हेड ने 152 रन और स्टीव स्मिथ ने 101 रन की पारी खेली। वहीं, भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने पांच विकेट लिए जबकि सिराज और नीतीश को एक-एक विकेट मिला।। वहीं पहले दिन बारिश के कारण केवल 13.2 ओवर का ही खेल हो पाया। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर मेजबानों को बल्लेबाजी के लिए बुलाया था। पहले दिन केवल 13.2 ओवर ही फेंके जा सके थे जिसमें मेजबानों ने 28 रन बनाये थे।

दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने पहले दिन के बिना किसी विकेट के 28 रन से आगे खेलना शुरू किया और दिन भर में 377 रन बनाए और सात विकेट खोये। बुमराह ने पहले सत्र में उस्मान ख्वाजा 21 और नाथन मैकस्वीनी 9 को पेवेलियन भेज दिया। इसके बाद पहले सत्र में ही नीतीश रेड्डी ने मार्नस लाबुशेन को 12 रनों पर ही आउट कर दिया। , इसके बाद स्टीव स्मिथ और ट्रेविस हेड ने अच्छी साझेदारी कर स्कोर आगे बढ़ाया । दोनों ने चौथे विकेट के लिए 242 रन की साझेदारी निभाई। हेड ने टेस्ट करियर का नौवां और स्मिथ ने 33वां शतक लगाया । स्मिथ 190 गेंद पर 12 चौके की मदद से 101 रन और हेड 160 गेंद पर 18 चौके की मदद से 152 रन बनाकर आउट हुए। वहीं मिचेल मार्श पांच रन और कप्तान पैट कमिंस 20 रन बनाकर आउट हुए। कमिंस ने सातवें विकेट के लिए कैरी के साथ 58 रन की साझेदारी निभाई।

ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे दिन लंच तक अपनी पहली पारी में 3 विकेट पर 104 रन बना लिए हैं। दूसरे दिन पहले सेशन में 76 रन बने और तीन विकेट गिरे। दूसरे सेशन में ट्रेविस हेड ने अपना शतक पूरा किया। हेड ने केवल 115 गेंदों में ही अपना शतक लगा दिया। इसमें 13 चौके शामिल थे।



## डब्ल्यूपीएल 2025: सिमरन शेख सबसे महंगी खिलाड़ी बनी, 16 वर्षीय जी कमलिनी 1.60 करोड़ में बिकी



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 की रविवार को हुई मिनी नीलामी में लेग स्पिनर को सिमरन शेख को मुंबई इंडियंस ने दिन की सबसे बड़ी बोली लगाकर 1.90 करोड़ रुपए में खरीदा। सिमरन का यह चयन उनकी टी-20 क्रिकेट में उनकी गेम-चेंजर की भूमिका को दर्शाता है।

इसके अलावा मुंबई ने शानदार प्रदर्शन कर रही तमिलनाडु की 16 वर्षीय जी कमलिनी को 1.60 करोड़ रूपये में खरीदा। कमलिनी के लिए अनकैप्ड में सबसे बड़ी बोली लगी। वेस्टइंडीज की ऑलराउंडर डिएंड्रा डॉटिन को गुजरात जायंट्स ने 1.70 करोड़ रुपए में खरीदा। डॉटिन ने हाल ही में आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2024 में शानदार प्रदर्शन किया था। विश्वकप में उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ रन देकर चार विकेट लिए थे। इसके अलावा उन्होंने 167.3 की स्ट्राइक रेट से 82 रन भी बनाए थे।

नीलामी में प्रमुख भारतीय खिलाड़ी स्नेह राणा और पूनम यादव शुरुआती दौर में नहीं मिला खरीदार। इस बीच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने प्रेमा रावत को 1.2 करोड़ रुपए में और दिल्ली कैपिटल्स ने एन. चरानी को 55 लाख रुपए में खरीदा।

## बुमराह ने कपिल देव का रिकॉर्ड तोड़ा



**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच की पहली पारी में पांच विकेट लेने के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। बुमराह इसी के साथ ही विदेशी हालातों में सर्वश्रेष्ठ भारतीय गेंदबाज बनकर उभरे हैं। बुमराह ने इसी के साथ ही महान ऑलराउंडर कपिल देव को भी पीछे छोड़ दिया।

ब्रिस्बेन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन बुमराह ने स्टीव स्मिथ और ट्रैविस हेड के विकेट लिए। दोनों को आउट करते हुए उन्होंने 25 ओवर में 2.90 की इकॉनमी रेट से 72 रन देकर पांच विकेट लिए। इस प्रकार एशिया के बाहर बुमराह ने 10 वीं बार 5 विकेट लिए हैं। इससे पहले कपिल के नाम एशिया के बाहर 9 बार पांच विकेट लेने का रिकार्ड था। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया में तीन, दक्षिण अफ्रीका में तीन और वेस्टइंडीज तथा इंग्लैंड में दो-दो बार 5 विकेट लिए हैं। वहीं दूसरी ओर, कपिल ने ऑस्ट्रेलिया में 5, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज में दो-दो बार 5 विकेट लिए हैं। बुमराह के सेना देशों (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में 8 पांच विकेट है, जिसने कपिल को एक बार फिर पीछे छोड़ दिया जिनके नाम इन देशों में 7 बार पांच विकेट लेने का रिकॉर्ड था।

## ऋषभ ने बनाया रिकार्ड, 150 शिकार करने वाले तीसरे भारतीय विकेटकीपर बने

**गाबा (एजेंसी)।** भारतीय टीम के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के दूसरे दिन एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। ऋषभ ने इस मैच में जसप्रीत बुमराह की गेंद पर ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा का कैच पकड़ते ही टेस्ट विकेटकीपर के तौर पर अपना 150वां शिकार किया। ऋषभ ने कार हादसे से उबरकर जिस पकार की विकेटकीपिंग की है। उससे सभी हैरान हैं। इस युवा क्रिकेटर ने सीमित ओवरों के अलावा टेस्ट क्रिकेट में अपनी फिटनेस को साबित किया है।

वह 150 शिकार करने वाले तीसरे भारतीय विकेटकीपर बने हैं।

उनसे पहले ये उपलब्धि महेन्द्र सिंह धोनी और सैयद किरमानी ने हासिल की थी। ऋषभ ने अब तक 41 टेस्ट मैचों में 135 कैच पकड़ने के साथ ही 15 स्टम्पिंग की हैं। धोनी इस सूची में पहले नंबर पर हैं उन्होंने विकेटकीपर के तौर पर कुल 294 शिकार किये हैं। जिसमें 256 कैच और 38 स्टम्पिंग हैं। वहीं दूसरे नंबर पर रहे सैयद किरमानी के नाम 198 शिकार हैं जिसमें उन्होंने 160 कैच पकड़े हैं जबकि 38 स्टम्पिंग की हैं। अब ऋषभ को किरमानी को पीछे छोड़ने के लिए 49 और शिकार बतौर विकेटकीपर टेस्ट क्रिकेट में करने हैं।

ब्रिस्बेन का गाबा मैदान इस युवा क्रिकेटर के लिए काफी अच्छा रहा है। यहां उन्होंने पिछली बार शानदार बल्लेबाजी करते हुए 97 रन बनाकर भारतीय टीम को जीत दिलायी थी।



## गाबा टेस्ट ड्रॉ भी हुआ तो भी डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में नहीं आयेगा बदलाव

गाबा । भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन बारिश के कारण खेल कुछ ही ओवर हो पाया । यहां जिस प्रकार के हालात हैं उसमें आगे भी बारिश होने की संभावना है । अगर ऐसा होता है तो ये मैच ड्रॉ होने की संभावनाएं बढ़ जाएंगी ।अगर यह मैच ड्रॉ हुआ तो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप ( डब्ल्यूटीसी) अंक तालिका पर किस प्रकार का प्रभाव होता है ये सवाल सभी के मन में उठ रहे हैं।




डब्ल्यूटीसी अंत तालिका में अभी दक्षिण अफ्रीका 63.33 अंक प्रतिशत के साथ पहले नंबर पर है। वहीं ऑस्ट्रेलिया (60.71) अंक प्रतिशत के साथ दूसरे और भारतीय टीम 57.29 अंक प्रतिशत के साथ ही तीसरे नंबर पर है। वहीं दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और भारत के बाद श्रीलंका 45.45 अंक प्रतिशत के साथ ही चौथे नंबर पर है । वहीं अगर गाबा टेस्ट मैच ड्रॉ हो जाता है तो भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों के अंक जरुर घट जाएंगे पर अंक तालिका में कोई बदलाव नहीं आएगा । मैच ड्रॉ होने पर ऑस्ट्रेलिया के अंक प्रतिशत 60.71 से घटकर 58.89 रह जाएंगे। वहीं भारतीय टीम के अंक प्रतिशत 57.29 से कम होकर 55.88 पर फिसल जाएंगे पर दोनों टीमों की रैंकिंग नहीं बदलेगी । ऑस्ट्रेलिया पहले की तरह दूसरे और भारतीय टीम तीसरे नंबर पर बनी रहेगी। वहीं इसी प्रकार दक्षिण अफ्रीका पहले और श्रीलंका चौथे नंबर पर बरकरार रहेगी । न्यूजीलैंड 45.24 अंक प्रतिशत के साथ ही पांचवें नंबर पर है ।

## रुट न्यूजीलैंड में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विदेशी खिलाड़ी बने, मियांदाद से आगे निकले

हैमिल्टन । इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच यहां तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रुट ने 32 रनों की पारी खेलकर भी एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है । इसी के साथ ही रुट ने पाकिस्तान के दिग्गज बल्लेबाज जावेद मियांदाद का एक रिकार्ड तोड़ दिया । अब रुट न्यूजीलैंड की धरती पर सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले विदेशी बल्लेबाज बन गए हैं । उन्होंने पाकिस्तान के मियांदाद का रिकॉर्ड तोड़ा है । रुटा के अब न्यूजीलैंड की धरती पर कुल 952 टेस्ट रन हो गये हैं जबकि मियांदाद ने न्यूजीलैंड की धरती पर 928 टेस्ट रन बनाए थे । वहीं 842 रनों के साथ भारत के सचिन तेंदुलकर तीसरे नंबर पर हैं । इस मैच में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर मेजबान टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया । न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 347 रन बनाए । इसके बाद इंग्लैंड की आधा टीम अपनी पहली पारी में 100 रनों में ही पेवेलियन लौट गयी । इन हालातों में रुट ने टीम को संभालने का प्रयासा किया ।

## राहुल को खरीदना ही नहीं चाहती थी आरसीबी

मुम्बई । रॉयल चैलेंजर्स (आरसीबी) ने जब आईपीएल 2025 के लिए पिछले माह हुई नीलामी में के ए राहुल पर बोली नहीं लगायी थी तो सभी हैरान हो गये थे । वहीं अब ये खुलासा हुआ है कि आरसीबी की राहुल को खरीदने की कोई योजना ही नहीं थी। आईपीएल का 18वां सीजन 14 मार्च से 25 मई तक खेला जाएगा। मेगा नीलामी में आरसीबी ने अपनी पसंद के कई खिलाड़ी खरीदे हैं हालांकि, फ्रेंचाइजी के कुछ फैसलों से सभी हैरान भी हुए इसमें से एक था राहुल को न खरीदना । इसका कारण है कि नीलामी से पहले कहा जा रहा था कि राहुल को आरसीबी किसी भी कीमत में खरीदेगी। यहां तक कहा गया था कि आरसीबी राहुल को कप्तान भी बनाएगी पर बाद से ये सभी बातें गलत निकलीं । आरसीबी की जिन खिलाड़ियों को खरीदने की सूची सामने आई है । उससे सभी हैरान हैं । लिस्ट सामने आई है, जिसने सभी को चौंका दिया है. इस सूची में राहुल ही नहीं श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत जैसे बड़े खिलाड़ियों के नाम भी नहीं थे । इससे साफ है कि आरसीबी इन्हें नहीं चाहती थी । आरसीबी की सूची में स्पिनर युजवेंद्र चहल और ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर का नाम जरूर था। इसके अलावा टीम की टिम डेविड और लियाम लिविंगस्टोन को भी खरीदने की योजना थी। जिसमें वह सफल भी रही। इसके अलावा आरसीबी की सचूी में भुवनेश्वर कुमार भी शामिल थे । इसी वजह से उसने भुवी को मोटी रकम देकर खरीदा था । इसके अलावा टी नटराजन, डेविड मिलर और जोश हेजलवुड भी उसकी योजना में शामिल थे ।



## सिराज पर निशाना साधने वालों को गावस्कर का जवाब, ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट 'पंडितों' का दोहरा चरित्र दिखाया

**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** भारतीय दिग्गज सुनील गावस्कर ने एडीलेड में दिन रात्रि टेस्ट में ट्रेविस हेड के साथ विवाद में मोहम्मद सिराज पर निशाना साधने को लेकर ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट 'पंडितों' के दोहरे चरित्र की आलोचना की है। पांच मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट में बाएं हाथ के बल्लेबाज हेड ने शतक पूरा करने के बाद डीप स्क्वायर लेग पर छक्का लगाया जिसके बाद सिराज ने उन्हें बोल्ड कर दिया और ड्रेसिंग रूम की ओर जाने का इशारा किया था।

हेड ने दावा किया कि उन्होंने आउट होने के बाद सिराज से कहा था कि 'अच्छी गेंदबाजी की% लेकिन भारतीय गेंदबाज ने इस दावे से इनकार किया। सिराज पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और हेड को फटकार लगाई गई जबकि दोनों खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने एक-एक डिमेरिट अंक भी दिया। गावस्कर ने 'सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड' में कटाक्ष करते हुए लिखा, 'सिराज के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट के 'पंडितों' से कड़ी प्रतिक्रिया मिल रही है। ऐसी प्रतिक्रिया वहीं दे रहे जिन्हें मैदान पर इस तरह के व्यवहार के लिए जाना जाता है।'

उन्होंने लिखा, 'इससे ऑस्ट्रेलियाई प्रशंसक नाराज हो सकते हैं कि सिराज ने शानदार शतक बनाने वाले स्थानीय खिलाड़ी को आक्रामक इशारा किया।' गावस्कर ने दोहरे चरित्र पर कटाक्ष किया कि कैसे यही लोग अपने खिलाड़ियों के असभ्य व्यवहार का समर्थन करते हैं। उन्होंने लिखा, 'यह लोग हालांकि अगले सत्र में की एशेज के दौरान ऑस्ट्रेलिया के किसी तेज गेंदबाज की इंग्लैंड के बल्लेबाज के खिलाफ इस तरह की हरकत का समर्थन करेंगे। मीडिया में कुछ सुझाव थे कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों को को फिर से पहले की तरह बेहद आक्रामक रवैया अपनाना चाहिए।'

गावस्कर हालांकि सिराज के गुस्से से आश्चर्यचकित थे क्योंकि आईपीएल ने खिलाड़ियों के बीच कटुता को कम कर दिया था। उन्होंने कहा, 'सिराज का गुस्सा आश्चर्यजनक था क्योंकि इंडियन प्रीमियर लीग ने ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेटरों और कोचों को करोड़पति बनाने के अलावा एक काम किया है और वह काम है पहले से मौजूद कटुता को काफी हद तक कम करना।'



## चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के लिए हाइब्रिड मॉडल को लेकर पीसीबी में असंतोष

नई दिल्ली - भारत द्वारा सीमा पार जाने से इनकार करने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा 2025 चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी हाइब्रिड प्रारूप में करने के फैसले से संगठन में असंतोष पैदा हो गया है । सूत्रों ने के मुताबिक पाकिस्तान द्वारा इस फैसले को स्वीकार करने के तरीके से कई सदस्य नाखुश हैं । अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए हाइब्रिड मॉडल के प्रस्ताव की पुष्टि की है जिसमें भारत दुबई में अपने मैच खेलेगा, जबकि पाकिस्तान बाकी टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा । मुआवजे के तौर पर पाकिस्तान को कोलंबो में 2026 टी20 विश्व कप में अपने मैच खेलने की अनुमति दी गई है । पाकिस्तान को 2027 के बाद आईसीसी महिला आयोजन की मेजबानी का अधिकार भी दिया गया है । पीसीबी द्वारा इस फॉर्मूले को स्वीकार करने के साथ ही हाइब्रिड मॉडल को लेकर पीसीबी के भीतर लड़ाई शुरू हो गई है । सूत्रों ने बताया कि कुछ सदस्यों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी को आईसीसी की रणनीति से दूर रहना चाहिए । पाकिस्तान के पूर्व कप्तान राशिद लतीफ उन लोगों में से एक हैं जो पीसीएच द्वारा हाइब्रिड मॉडल पर सहमति जताने के तरीके से खुश नहीं हैं । उन्होंने कहा कि 2027 के बाद महिला क्रिकेट टूर्नामेंट की पेशकश करना हाइब्रिड मॉडल में सीटी 2025 की मेजबानी के लिए कोई मुआवजा नहीं है ।




## ऋषभ को लेकर ऑस्ट्रेलिया में भी दीवानगी का माहौल, मुखौटे पहने नजर आये प्रशंसक



गाबा । भारतीय टीम के युवा क्रिकेटर ऋषभ पंत को लेकर ऑस्ट्रेलिया में भी दीवानगी का माहौल है । इसका अंदाजा इसी से होता है कि दोनो टीमों के बीच तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए लिए पहुंचे प्रशंसक ऋषभ के मुखौटे पहने नजर आये । ये प्रशंसक ढोल की थाप पर नाचते दिखे । बारिश के कारण भले ही खेल नहीं हो पाया पर ऋषभ के प्रशंसक जमे रहे । ये प्रशंसक इस भारतीय क्रिकेटर के नाम के मुखौटे पहने हुए थे । वह उनके नाम के नारे लगा रहे थे तो कई ढोल की थाम पर नाचते हुए भी दिखे । गाबा को वैसे भी साल 2020-21 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऋषभ की आक्रामक पारी के लिए याद किया जाता है । इस स्थल पर वापस आने के बारे में बात करते हुए इस क्रिकेटर ने भी पिछले दिनों कहा था कि उन्हें यहां आकर बेहद खुशी हुई और वह सकारात्मक ऊर्जा से भरे हुए थे क्योंकि इस स्थल की उन्हें कुछ शानदार यादें हैं । प्रशंसकों ने इस युवा क्रिकेटर का गर्मजोशी से स्वागत किया और उसे समर्थन में नारे लगाए । ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इसी मैदान पर इस क्रिकेटर ने अपने टेस्ट करियर की सबसे यादगार पारी खेली थी । टीम इंडिया को उसे मैच में 407 रन का लक्ष्य मिला था । तब ऋषभ ने 97 रनों की ऐतिहासिक पारी खेलकर टीम को जीत दिलायी थी ।

## विजय हजारे ट्रॉफी में खेलते नजर आएंगे मोहम्मद शमी, इस टीम में हुए शामिल

नई दिल्ली - तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को आगामी विजय हजारे ट्रॉफी के लिए बंगाल की 20 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है । शमी ने हाल ही में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बंगाल के लिए सभी नौ मैचों में खेलते हुए 7.85 की इकॉनमी से 11 विकेट लिए । टूर्नामेंट के दौरान उनके घुटने में सूजन आ गई जिससे टेस्ट क्रिकेट के लिए उनकी तैयारी में बाधा आई । वह ऑस्ट्रेलिया में चल रही टेस्ट सीरीज के लिए अपनी फिटनेस हासिल करने करने का प्रयास कर रहे है। शमी के अलावा तेज गेंदबाज मुकेश कुमार भी सुदीप कुमार घरामी की अगुवाई वाली बंगाल की टीम का हिस्सा हैं। मुकेश फिलहाल ऑस्ट्रेलिया में तेज गेंदबाजी रिजर्व के तौर पर हैं । बंगाल अपना अभियान 21 दिसंबर को हैदराबाद में दिल्ली के खिलाफ शुरू करेगा । खिलाड़ी बुधवार को कोलकाता से हैदराबाद के लिए रवाना होंगे ।




**विजय हजारे ट्रॉफी के लिए बंगाल की टीम -** सुदीप कुमार घरामी (कप्तान), मोहम्मद शमी, अनुस्तुप मजूमदार, अभिषेक पोरेल (विकेट कीपर), सुदीप चटर्जी, करण लाल, शाकिर हबीब गांधी (विकेट कीपर), सुमंत गुप्ता, शुभम चटर्जी, रंजोत सिंह खैरा, प्रदीप प्रमाणिक, कौशिक मैती, विकास सिंह, मुकेश कुमार, सक्षम चौधरी, रोहित कुमार, मोहम्मद कैफ, सूरज सिंधु जायसवाल, सायन घोष और कनिष्क सेठ ।

## मेरा शतरंज खेलने का कारण पैसा नहीं, करोड़पति बनने पर बोले विश्व चैंपियन गुकेश

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** सिंगापुर - नए विश्व चैंपियन डी गुकेश के लिए करोड़पति बनने का तमगा बहुत मायने रखता है लेकिन वह भौतिक लाभ के लिए नहीं खेलते बल्कि इसका आनंद उठाने के लिए खेलते हैं और वह इस लगाव को तब से बरकरार रखने में कामयाब रहे हैं जब शतरंज बोर्ड उनके लिए सबसे अच्छा खिलौना हुआ करता था।

चेन्नई के 18 वर्षीय गुकेश अब 11.45 करोड़ रुपए अधिक अमीर हो गए हैं जो उन्हें फाइनल में चीन के डिंग लिरेन को हराने के लिए फिडे से पुरस्कार राशि के रूप में मिलेगा। गुकेश के पिता रजनीकांत ने अपने बेटे के साथ सर्किट पर जाने के लिए 'ईएनटी सर्जन' के तौर पर अपना करियर छोड़ दिया जबकि उनकी मां पद्मकुमारी एक माइक्रोबायोलॉजिस्ट हैं जो परिवार की एकमात्र कमाने वाली बन गईं।

यह पूछे जाने पर कि करोड़पति होना उनके लिए क्या मायने रखता है तो गुकेश ने एक इंटरव्यू के रूप में फिडे को बताया, 'यह बहुत मायने रखता है। जब मैं शतरंज में आया तो हमें एक परिवार के रूप में कुछ मुश्किल फैसले लेने पड़े। मेरे माता-पिता वित्तीय और भावनात्मक कठिनाइयों से गुजरे थे। अब, हम अधिक सहज हैं और मेरे माता-पिता को उन चीजों के बारे में सोचने की जरूरत नहीं है। व्यक्तिगत रूप से मैं पैसे के लिए शतरंज नहीं खेलता।'

वह हमेशा याद रखने की कोशिश करते हैं कि जब उसे अपना पहला शतरंज बोर्ड मिला था तो उन्होंने यह खेल क्यों खेलना शुरू किया था। नए विश्व चैम्पियन बने गुकेश ने कहा, 'मैं अब भी वही बच्चा हूं जिसे शतरंज पसंद है। यह सबसे अच्छा खिलौना हुआ करता था।' मितभाषी विश्व चैंपियन के पिता उनके प्रबंधक की भूमिका निभाते हैं, उनकी सभी ऑफ-बोर्ड गतिविधियों का ध्यान रखते हैं और उसे खेल पर ध्यान केंद्रित करने देते हैं जबकि उनकी मां भावनात्मक और आध्यात्मिक शक्ति का स्तंभ है। गुकेश ने कहा, 'मां अब भी कहती है। मुझे यह जानकर खुशी होगी कि तुम एक महान शतरंज खिलाड़ी हो, लेकिन मुझे यह सुनकर अधिक खुशी होगी कि तुम एक महान व्यक्ति हो।'

अब भी अपनी किशोरावस्था में गुकेश को लगता है कि खेल के एक छात्र के रूप में वह जितना अधिक शतरंज के बारे में सीखेगा, उतना ही उसे पता चलेगा कि वह कितना कम जानता है। उन्होंने कहा, 'यहां तक सबसे महान खिलाड़ी भी बहुत सारी गलतियां करते हैं। भले ही तकनीक इतनी उन्नत हो, लेकिन शतरंज के बारे में अब भी बहुत कुछ सीखना बाकी है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि जितना अधिक आप कुछ सीखते हैं, उतना ही




आपको अहसास होता है कि आप उस चीज को नहीं जानते हैं।' गुकेश ने कहा, 'जब भी मैं शतरंज बोर्ड पर होता हूं तो मुझे लगता है कि मैं कुछ नया सीख रहा हूं। यह असीमित सुंदरता की प्रक्रिया है।'

## आडवाणी की हालत स्थिर, डॉक्टरों की निगरानी में



नई दिल्ली। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी का दिल्ली के अपोलो अस्पताल में इलाज चल रहा है। वे फिलहाल डॉक्टरों की निगरानी में हैं और उनका स्वास्थ्य स्थिर बताया जा रहा है। पिछले दो सप्ताह से उनकी तबीयत ठीक नहीं चल रही थी, जिसके बाद उन्हें इंद्रप्रस्थ अपोलो में भर्ती कराया गया था। इंद्रप्रस्थ अपोलो के हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक, लालकृष्ण आडवाणी को मेडिकल मैनेजमेंट और जांच के लिए इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। वे सीनियर न्यूरोलॉजिस्ट डॉ.विनीत सूरी की देखरेख में हैं और फिलहाल उनकी हालत स्थिर है।

## साइबर ठग ने पुलिसकर्मी को लगाया 5 लाख से अधिक का चूना, जांच में जुटी पुलिस

भरुच । गुजरात समेत देशभर में साइबर ठगी की घटनाएं लगातारा बढ़ती जा रही हैं। साइबर ठग नित नई तरकीबें आजमा कर आम लोगों को चूना लगा रहे हैं। जिससे अब कानून के रखवाले भी सुरक्षित नहीं हैं। जी हां, भरुच में एक पुलिस कांस्टेबल साइबर ठगी का शिकार हुआ है। घटना के बाद पुलिस कांस्टेबल ने साइबर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवाई है, जिसके आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। जानकारी के मुताबिक भरुच के ओसारा गांव निवासी भरुच में आर्म्स पुलिस कांस्टेबल के तौर पर हेड क्वार्टर्स में सेवारत योगेश ठाकोर को साइबर ठग ने एक्सिस बैंक के कर्मचारी की पहचान देकर उनसे सभी आईडी पासवर्ड हासिल कर लिए। जिसके बाद योगेश ठाकोर के एकाउंट से रु. 548999 निकाल लिए। साइबर ठगी के शिकार योगेश ठाकोर ने भरुच साइबर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत के मुताबिक योगेश ठाकोर के मोबाइल पर किसी अज्ञात नंबर से एक्सिस बैंक के राहुलजी नामक कर्मचारी की पहचान देकर केवाईसी डिटेइल अपडेट करने के बहाने पान कार्ड अपडेट करने की नाम की एप्लिकेशन लिंक भेजी थी। साइबर ठग ने शिकायतकर्ता के पान कार्ड, आधार कार्ड और डेबिट कार्ड की डिटेइल पहले से चल रही लोन नंबर पर अतिरिक्त टॉप अप लोन लेकर उस लोन में जमा हुए रु. 778209 में से रु. 548999 की रकम अलग अलग बैंक एकाउंट में ट्रांसफर कर ली। ठगे जाने का अहसास होने पर योगेश ठाकोर ने तुरंत साइबर पुलिस थाने में अज्ञात ठगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा दी। पुलिस ने बीएनएस एक्ट और साइबर एक्ट 2008 के तहत केस दर्ज कर अज्ञात ठगों का पता लगाने की कोशिशें तेज कर दी हैं।

## आतंक फैलाने के लिए किया था बस पर हमला, एनआईए ने किया आरोप-पत्र दाखिल

जम्मू। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शिवखोड़ी, रनसू से जम्मू-कश्मीर के कटड़ा जा रही तीर्थयात्रियों की बस पर हुए आतंकवादी हमले से संबंधित मामले में एक आरोपी के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल किया है। यह हमला 9 जून, 2024 को हुआ था, जब अज्ञात आतंकवादियों ने झंडी मोड़ के पास बस पर अंधाधुंध गोलीबारी की थी। इस हमले में 8 तीर्थयात्रियों और बस चालक की मौत हो गई थी और 41 तीर्थयात्री गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस हमले का उद्देश्य आम जनता और तीर्थयात्रा के लिए जम्मू-कश्मीर आने वाले लोगों में आतंक फैलाना था। बस चालक के सिर पर गोली लगने से वह नियंत्रण खो बैठा था। इसके बाद बस खाई में गिर गई थी। एनआईए की जांच में पता चला है कि आरोपी हाकम ने हमले के पीछे की साजिश का हिस्सा होने की बात कबूल की थी, उसके सक्रिय रसद समर्थन के साथ 3 आतंकवादियों ने घटना को अंजाम दिया था। उन्हें भोजन और रहने की व्यवस्था प्रदान करने के अलावा, उसने हमले की जगह की पहचान करने में आतंकवादियों की मदद की थी। बयान में कहा गया है कि मामले में जांच जारी है।

## महादेव ऐप की एक और 130 करोड़ की संपत्ति जब्त, अब तक 11 लोग गिरफ्तार

मुंबई। मोबाइल ऐप के जरिए सट्टेबाजी का अवैध कारोबार करने वाली और पांच हजार करोड़ रुपया हवाला के जरिये विदेश भेजने वाली महादेव ऐप कंपनी पर शनिवार को ईडी ने फिर छापा मारा और 130 करोड़ 57 लाख की संपत्ति जब्त कर लिए। इसमें कंपनी द्वारा निवेश की गई प्रतिभूतियां, बांड, डीमैट खाते में राशि आदि शामिल हैं। मालूम हो कि 7 दिसंबर को भी ईडी ने 388 करोड़ 99 लाख की संपत्ति जब्त की थी। ईडी अब तक कंपनी के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल की 2426 करोड़ 18 लाख रुपये की संपत्ति जब्त कर चुकी है। इसमें 19 करोड़ 36 लाख की नकदी, 16 करोड़ 68 लाख की कीमती वस्तुएं और 1729 करोड़ 17 लाख रुपये की 111 अचल संपत्तियां शामिल हैं। ईडी ने इस मामले में अब तक कुल 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही इस मामले में कुछ बॉलीवुड कलाकार भी शामिल हैं और उनके बयान भी ईडी पहले दर्ज कर चुकी है।

## मणिपुर में बिहार के दो मजदूरों की गोली मारकर हत्या

इंफाल। कई महीनों से मणिपुर में हिंसा का दौर चल रहा है। बीते रोज फिर हिंसा हुई और दो अलग-अलग घटनाओं में तीन लोग मारे गए। इनमें से दो बिहार के मजदूर शामिल थे। वहीं, पुलिस ने एक उग्रवादी को भी मुठभेड़ में मार गिराया है। शनिवार को काकचिंग जिले में दो श्रमिकों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतकों की पहचान 18 साल के सुनेलाल कुमार और 17 साल के दशरथ कुमार के रूप में हुई। वे बिहार के गोपालगंज जिले के राजवाही गांव के रहने वाले थे। दोनों युवक काकचिंग में मैतेई बहुल इलाके में रह रहे थे। काकचिंग-वाबागई रोड पर पंचायत कार्यालय के पास शाम लगभग 5:20 बजे अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। मजदूरों पर हमले का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

# टीबी के प्रति जागरुकता फैलाने राज्यसभा और लोकसभा के सांसद दोस्ताना क्रिकेट मैच खेलने मैदान पर उतरे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) के प्रति जागरुकता फैलाने के लिये राज्यसभा और लोकसभा के सांसदों के बीच एक मैत्र क्रिकेट मैच खेला गया। दोनों सदनों के सांसदों के बीच यह मुकाबला नई दिल्ली के मेजर ध्यान चंद नेशनल स्टेडियम में खेला गया। इस मैच में राज्यसभा की कप्तानी किरन रिजिजू और लोकसभा की अनुराग ठाकुर ने की। ठाकुर ने इस अवसर पर कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने का एक लक्ष्य रखा है। वहीं दुनियाभर का लक्ष्य 2031 का है। वहीं अगर आप 2015 से लेकर अब तक देखें तो देश में जो टीबी से जुड़ी मौतों के मामले में 38 फीसदी की गिरावट आई है। नये मामलों में भी 18 प्रतिशत की गिरावट देखी गयी है। दुनियाभर में यह लगभग 8 प्रतिशत है। इसका मतलब भारत बाकि दुनिया से बेहतर स्थिति में हालांकि विश्व की सबसे बड़ी टीबी आबादी भी भारत में ही है। अब इसका इलाज भी है और सरकार मुफ्त में दवाई भी देती है। 1,000 रुपये पोषण के लिए भी देती है और जांच के साथ ही इलाज पर भी नजर रखी जाती है।



उन्होंने कहा ऐसी 75,000 से अधिक संस्थाएं और व्यक्ति हैं जिन्होंने 20 लाख से ज़्यादा टीबी मरीजों को गोद लिया है। उनकी मदद करते हैं। हमारा प्रयास सांसदों के मैच करने के पीछे यह था कि आप ज़्यादा से ज़्यादा जागरूक हों और हम टीबी मुक्त भारत बनायें।

लोकसभा सांसद मनोज तिवारी ने इस अवसर पर कहा, इस मैच के जरिए हम एक संदेश देना चाहते हैं कि हम सांसद टीबी जैसी बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए मैदान पर भागेंगे, दौड़ेंगे और इस मैच को खेलेंगे। टीबी बहुत खतरनाक बीमारी है पर थोड़ी सी सजगता से उसको हराया जा सकता है। आज के मैच में कौन जीतेगा और कौन हारेगा, यह बाद की बात है। लेकिन टीबी हारेगा यह तय है।

केंद्रीय मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा, मुझे खुशी है कि हम लोग एक साथ आए हैं। टीवी को हराना हमारा लक्ष्य है और आज हम लोग यहां पर इकट्ठा हुए हैं। बहुत खुशी की बात है। बहुत अच्छी पहल की गई है। हम लोग साथ हैं और टीबी को हराएंगे। देश में टीबी के खिलाफ जो लड़ाई चल रही है उसको और थोड़ा बल देने के लिए आज हमने यह क्रिकेट मैच रखा है और बहुत ही अच्छी प्रतिक्रिया आई है।

उन्होंने आगे कहा कि कई दलों के राजनेता इसमें जुड़कर अपनी राजनीतिक सीमाओं से आगे बढ़कर आज यहां पर शामिल हुए हैं। हमने 2025 तक टीबी को हराने के लिए एक लक्ष्य रखा है, तो इसके तहत यह कार्यक्रम अभी आगे बढ़ रहा है। आज के मैच को जागरूकता प्रोग्राम की तरह रखा गया है। हमें जागरूकता को जमीनी स्तर पर ले जाने के लिए आगे भी ऐसे कार्यक्रम करने चाहिए।

## इस्कॉन मंदिर के लोकार्पण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रहेंगे मौजूद, समारोह 9 से 15 जनवरी तक

नवी मुंबई। नए साल पर खारघर में इस्कॉन मंदिर ट्रस्ट द्वारा निर्मित मंदिर का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया है और यह कार्यक्रम 9 से 15 जनवरी तक यानि सात दिनों तक आयोजित किया जाएगा। बताया गया है कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी भी इस लोकार्पण समारोह में उपस्थित रहेंगे। इस बात की जानकारी आयोजकों ने शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में दी। इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस (इस्कॉन) एक वैश्विक संगठन है। भारत समेत दुनिया भर में 4000 से ज्यादा मंदिर हैं। इस्कॉन के अनुयायियों ने भगवद गीता और हिंदू धर्म, संस्कृति को पूरी दुनिया में फैलाया। वर्ष 2012 में, खारघर में सेंट्रल पार्क के बगल में 1 एकड़ भूमि पर एक इस्कॉन मंदिर की स्थापना की गई थी। मंदिर परिसर में दो छह मंजिली इमारतों का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। मंदिर के निर्माण पर 160 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। एक भवन में राधा मदन मोहन, राम, सीता और लक्ष्मण और हनुमान की भव्य और सुंदर मूर्तियाँ होंगी और एक मंजिल पर प्रभुपाद की मूर्ति होगी। यहां भक्तों और मंदिर के सदस्यों के लिए 100 कमरों का एक गेस्ट हाउस भी है। भगवान कृष्ण की सेवा के लिए प्रसाद हॉल, ब्रह्मचारी आश्रम, वानप्रस्थाश्रम, प्रभुपथ के अलावा महिलाओं के लिए अलग आश्रम स्थापित किए गए हैं।



## अतुल सुभाष सुसाइड केस: पत्नी निकिता गुरुग्राम से अरेस्ट, मां और भाई प्रयागराज से गिरफ्तार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अतुल सुभाष सुसाइड केस में अलग रह रही पत्नी निकिता सिंघानिया, उसकी मां निशा और भाई अनुराग को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। पत्नी निकिता को गुरुग्राम से अरेस्ट किया गया है, जबकि मां और भाई प्रयागराज से गिरफ्तार किए गए हैं। अतुल ने कुछ दिनों पहले ही निकिता और उनके परिवार पर उत्पीड़न और जबरन वसूली का आरोप लगाया था, जिसके बाद उन्होंने आत्महत्या कर ली थी। सभी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

इससे बेंगलुरु पुलिस ने निकिता सिंघानिया के जौनपुर में स्थित मकान पर नोटिस लगाया था। नोटिस में 3 दिन में बयान दर्ज करने के लिए कहा गया था। इलाहाबाद हाईकोर्ट में निकिता सिंघानिया, निशा सिंघानिया और अनुराग सिंघानिया की तरफ से अंतरिम जमानत के लिए अर्जी लगाई गई है। बता दें कि पत्नी और ससुराल वालों पर प्रताड़ित करने और न्याय व्यवस्था में खामी का आरोप लगाकर सुसाइड करने वाले एआई इंजीनियर अतुल सुभाष ने डेढ़ घंटे के वीडियो के साथ 23 पेज का सुसाइड नोट भी छोड़ा था। इसमें उन्होंने शादी की शुरुआत से लेकर पत्नी से विवाद के बाद खुद पर लगे एक-एक केस और सुसाइड की ओर ढकेलने वाले हर प्वाइंट को विस्तार से समझाया था। अतुल ने आत्महत्या से पहले खुद पर दहेज उत्पीड़न से लेकर हत्या समेत कई मामले दर्ज करने से लेकर सुसाइड के लिए उकसाने का आरोप अपनी पत्नी निकिता सिंघानिया, सास निशा, पत्नी के भाई अनुराग और पत्नी के चाचा सुशील पर लगाया है।

# जम्मू-कश्मीर में लेफ्टिनेंट गवर्नर के साथ सत्ता शेयर करना विनाश की रेसिपी की तरह

### सीएम उमर ने कहा-जल्द से जल्द जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल किया जाए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में लेफ्टिनेंट गवर्नर के साथ सत्ता शेयर करना विनाश की रेसिपी की तरह है। उन्होंने कहा कि डबल पावर सेंटर सिस्टम कभी काम नहीं करेगा। उमर ने यह बात एक साक्षात्कार में कही।

सीएम उमर ने कहा कि मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि किसी भी जगह डबल पावर सेंटर होना आपदा का कारण बन सकता है। अगर कई पावर सेंटर हैं तो कोई भी संगठन ठीक से काम नहीं कर सकता है। यही कारण है कि हमारी खेल टीम में एक कप्तान होता है, दो नहीं। उमर ने केंद्र सरकार से अपना वादा निभाने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल किया जाए। केंद्र सरकार ने 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर के स्पेशल स्टेटस को खत्म कर दिया था। इस दौरान इसे दो केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बांट दिया गया था। उमर अब्दुल्ला ने दिल्ली का उदाहरण देते हुए कहा कि यहां कि सरकार लेफ्टिनेंट गवर्नर के साथ पावर शेयर करती है। ये कड़वा और विवादास्पद अनुभव है। दिल्ली छोटा राज्य है, जबकि जम्मू और कश्मीर एक बड़ा और रणनीतिक एरिया है। उन्होंने कहा कि पिछले दो महीनों में जब से मैं सीएम बना हूँ मुझे अभी तक एक भी ऐसा उदाहरण नहीं मिला जहां जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश होने से कोई लाभ मिला हो। ऐसा एक भी उदाहरण नहीं है जहां शासन या विकास का काम जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश होने के कारण मिला हो।



सीएम उमर ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव केवल सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के कारण ही हो सके। हमारे लिए दुर्भाग्य की बात है कि जम्मू-कश्मीर राज्य का दर्जा के सवाल पर सुप्रीम कोर्ट ने जितना अस्पष्ट फैसला दिया। अब्दुल्ला ने स्वीकार किया कि जम्मू-कश्मीर के हाइब्रिड राज्य बने रहने की स्थिति में उनके पास एक बैकअप योजना है। उन्होंने कहा कि मेरे पास बैकअप योजना नहीं होगी तो यह मूर्खता होगी।

## सीरिया से लौटे भारतीयों ने बताया खौंफनाक मंजर : चौतरफा धमाके और सड़कों पर दौड़ते टैंक

नई दिल्ली।सीरिया से वापस लौटे भारतीयों ने दिल?ली हवाई अड्डे पर मीडिया से बातचीत के दौरान इन लोगों ने गोली और बम की आवाजों के बीच रहने के अपने खौफनाक मंजर को याद किया। चंडीगढ़ के रहने वाले इंजीनियर सुनील दत्त ने आपबीती बयां करते हुए कहा कि वहां सड़कों पर असामाजिक तत्व खुलेआम घूम रहे हैं और लोगों से खुल?लम-खुल?ला सामान लूटा जा रहा है। गोलीबारी और बमबारी की आवाजों ने वहां जीवन को और भी बदतर बना दिया है। विद्रोहियों ने कई अन्य प्रमुख शहरों और कस्बों पर कब्जा करने के बाद राजधानी दमिश्क पर अपना पूरा कंट्रोल बना लिया था। ग्रेटर नोएडा के रहने वाले सचित कपूर ने कहा, 'हम करीब सात महीने तक सीरिया में थे। 7 दिसंबर को स्थिति और खराब हो गई। हमें दमिश्क शहर में शिफ्ट कर दिया गया और फिर हमने चारों ओर आग और बमबारी देखी। यह एक दहशत का माहौल था। हम एक लग्जरी होटल में 11 लोगों की टीम में थे। स्थिति और खराब हो गई। लोग सड़कों पर बेकाबू हो रहे थे, कुछ लोग लूटपाट भी कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय दूतावास हमसे लगातार संपर्क में था और उनके कर्मियों ने सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हमें शांत रहने और दरवाजे न खोलने की सलाह दी। भारत ने सीरिया से अपने सभी नागरिकों को निकाल लिया है। ये वो लोग हैं जो बशर-अल-असद की सरकार को उखड़ने के बाद भारत लौटना चाहते थे। पिछले एक दशक से भी अधिक वक्त से विद्रोही तानाशाह असद की सरकार को गिराने के लिए हाथों में हथियार उठाए हुए थे।

# 46 साल पुराने मंदिर पर बोले अखिलेश- खोदने वाले देश का सौहार्द भी खोद देंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि संभल मामले में हमें ये देखना होगा कि किन परिस्थितियों में वो मंदिर कहां निकल रहा है। वो पहले किसका घर था। इसलिए मैंने कहा कि हमें खोदना नहीं है। क्योंकि खोदने वाले लोग देश का सौहार्द्र खोद देंगे। हमें नया भारत बनाना है। इसलिए हमें अभी खुदाई नहीं करनी है।

अखिलेश यादव ने कहा कि हमें खुदाई नहीं करनी है, बल्कि नए रास्ते बनाने होंगे। क्योंकि ये लोग पीडीए की ताकत से घबराए हुए हैं। जितना पीडीए एकजुट होगी, बीजेपी उतनी अधिक कमजोर होगी और इसके बाद वो बड़े पैमाने पर सांप्रदायिक पॉलिटिक्स करेगी। उन्होंने संभल में मंदिर मिलने के मामले पर ये स्पष्ट किया कि हमें वहां ये देखना होगा कि वहां पहले कौन रहते थे। आगे अखिलेश ने आगे बातची के दौरान फिर से संभल का पुराना मुद्दा उठाया। जब संभल जिले में 24 नवंबर को स्थानीय कोर्ट के आदेश पर शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हिंसा भड़क उठी थी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी और करीब दो दर्जन लोग घायल हो गए थे। घायलों में पुलिसवाले भी शामिल थे। इस मामले में समाजवादी पार्टी के संभल से सांसद जिया उर रहमान बर्क और संभल के विधायक इकबाल महमूद के बेटे सोहेल इकबाल भी मामला दर्ज हुआ था।



इस पर अखिलेश ने कहा कि नवंबर में संभल में क्या हुआ था। क्या कोई सर्वे के बहाने कहीं इतना ज्यादा माहौल खराब किया जा सकता है। संभल में जो हुआ वो प्रशासन की नाकामी थी। जब कभी भी संभल मामले की जांच होगी तो अधिकारी दोषी पाए जाएंगे। वहां जो जानें गईं हैं वो अधिकारियों की वजह से गई है, सरकार की वजह से गई है। हमलोगों को सरकार ने संभल नहीं जाने दिया। हमलोग वहां जाकर सिर्फ लोगों का दुख-दर्द बाटेंगे। एक टीवी कार्यक्रम में जब उनसे पूछा गया कि यूपी में कई ऐसे जगह हैं, जहां खुदाई वाला मामला आगे बढ़ सकता है। ऐसे में आने वाले समय में ये मुद्दे अगर तेज रफ्तार पकड़ते हैं तो आप क्या करेंगे। इस पर अखिलेश यादव ने कहा कि हमारी गाड़ी ऑटोमोटिक गियर पर समाजिक न्याय के रास्ते पर चल देगी। हमारे समाजवादी लोग और तेजी से एक्सलेटर दबाएंगे। ये एक्सलेटर होगा पीडीए परिवार।

# संविधान को लेकर दिए पीएम मोदी के भाषण को विपक्ष में बताया बोरिंग

**-प्रियंका ने कहा-नड्डा जी हाथ मल रहे थे तो शाह जी सिर छू रहे थे**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में संविधान को लेकर अपने भाषण में कांग्रेस पर निशाना साधा था। वहीं कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी के भाषण को बोरिंग बताया। प्रियंका ने कहा कि पीएम ने कुछ भी नया या रचनात्मक नहीं कहा है। दशकों बाद मुझे अहसास हुआ कि मैं स्कूल के मैथ्स के डबल पीरियड में बैठी हूं।

प्रियंका ने कहा कि बीजेपी नेता जेपी नड्डा हाथ मल रहे थे, पीएम ने उनको देखा तो वे ऐसी एक्टिंग करने लगे कि वे सुन रहे हैं, अमित शाह अपना सिर छू रहे थे। पीछे बैठे पीयूष गोयल ऐसे लग रहे थे कि वे सोने वाले हैं। प्रियंका गांधी ने कहा कि मुझे लगा कि पीएम कुछ नया बोलेंगे, लेकिन उन्होंने खोखले वादों के बारे में बात की। अगर उनमें भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस है, तो उन्हें कम से कम अडानी पर बहस करनी चाहिए। सपा सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि पीएम मोदी का ये बहुत लंबा भाषण था। हमें 11 जुमलों की शपथ सुनने को मिली। वंशवाद की राजनीति की आलोचना करने वालों की पार्टी में वंशवाद की भरमार है। सच्चाई यह है कि एससी/एसटी, ओबीसी और दलितों का आरक्षण खत्म कर दिया गया है। जल्द ही एक दिन आएगा जब जाति जनगणना होगी और लोगों को उनकी आबादी के हिसाब से उनके अधिकार और सम्मान मिलने लगेंगे। वहीं कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि पीएम मोदी के भाषण में कोई दम नहीं था। ये कांग्रेस के खिलाफ सिर्फ आरोप-प्रत्यारोप था। कल और आज हमने उजागर किया कि उनकी एनडीए सरकार अब अडानी के लिए चल रही है। वे संविधान की बात करते हैं लेकिन इसका इस्तेमाल एक व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के लिए किया जा रहा है, एकाधिकार बना रहे हैं। जब हम संसद में संविधान पर चर्चा करते हैं, तो वे इसका कोई सम्मान नहीं करते। कांग्रेस सांसद मल्लू रवि ने कहा कि भाषण के दौरान पीएम मोदी सिर्फ गांधी परिवार को लेकर अड़े रहे। वे जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी की आलोचना करते रहते हैं। उनका ध्यान केवल गांधी परिवार पर है, जिसने इस देश को स्वतंत्रता और संविधान दिलाया। हम इससे परेशान हैं। वहीं कांग्रेस सांसद प्रणीति शिंदे ने कहा कि पीएम मोदी का भाषण सिर्फ आरोप-प्रत्यारोप का था।

# ठंड ने यूपी में तोड़ा बीस साल का रिकॉर्ड, किसान की मौत, तापमान 3 डिग्री पहुंचा

### बर्फबारी ने बढ़ी ठंड, जम्मू-कश्मीर के कई जिलों में पारा माइनस में

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर भारत के राज्यों में तेज ठंड का दौर जारी है। यूपी में 20 साल बाद दिसंबर के दूसरे सप्ताह में कोल्डवेव चल रही है। यहां तीसरे या चौथे हफ्ते तक शीतलहर चलती है। तेज ठंड के कारण शनिवार को चित्रकूट के एक किसान की मौत हो गई। यूपी में सबसे ज्यादा ठंड अयोध्या में पड़ रही है। यहां तापमान 3 डिग्री तक पहुंच गया है।

वहीं मध्य प्रदेश में सबसे कम तापमान शहडोल में 1.5 डिग्री दर्ज किया गया। राजधानी भोपाल में भी रात का पारा 4 डिग्री से नीचे पहुंच गया। मौसम विभाग ने कहा कि दिसंबर में 10 साल में दूसरी बार इतना कम पारा दर्ज किया गया है। राजस्थान में 11 शहरों में सीजन का सबसे कम तापमान दर्ज किया गया है। मध्यप्रदेश और राजस्थान के कुल 15 शहरों में शनिवार को तापमान 4 डिग्री से नीचे रिकॉर्ड किया गया है।

मौसम विभाग ने कहा है कि इन राज्यों में 2-3 दिन तक ठंड का दौर जारी रहेगा। रविवार को बिहार-हरियाणा समेत 14 राज्यों में कोल्डवेव का अलर्ट जारी किया गया है। पंजाब और मध्यप्रदेश में सीवियर कोल्डवेव की चेतावनी दी गई है। जम्मू-कश्मीर के कई जिलों में तापमान माइनस में चल रहा है। मौसम विभाग ने बताया कि बर्फबारी के कारण यहां न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। जोजिला में तापमान माइनस 22 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं, श्रीनगर में माइनस 3.4 डिग्री, पहलगाम में माइनस 4.0, गुलमर्ग में माइनस 3.8 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया।

मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार को तमिलनाडु, पुडुचेरी में 7 सेंटीमीटर से ज्यादा बारिश होगी। इन राज्यों में बिजली गिरने का भी अनुमान लगाया गया है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, राजस्थान और मध्य प्रदेश में घना कोहरा छाया रहेगा। पश्चिम बंगाल के तटों के आसपास 55 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी।

वहीं 17 दिसंबर को तमिलनाडु, पुडुचेरी में 12 सेंटीमीटर से ज्यादा बारिश होगी कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में 7 सेंटीमीटर से ज्यादा बारिश हो सकती है। हरियाणा और यूपी में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। इन राज्यों में विजिबिलिटी भी घट सकती है। राजस्थान में कोल्डवेव का अलर्ट है। यहां कई शहरों में तापमान पांच डिग्री के नीचे रहने की उम्मीद है।



18 दिसंबर की बात करें तो तमिलनाडु, पुडुचेरी, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश के अलावा केरल में बिजली गिरने के साथ बारिश के आसार हैं। राजस्थान के कुछ इलाकों में शीतलहर चलेगी। तापमान में बढ़ोतरी की उम्मीद नहीं है। नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में भी ठंड बढ़ सकती है। यहां तापमान में गिरावट आ सकती है।